CMYK

अधिकतम : 31° C
न्यूनतम : 19° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शनिवार 30 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 283 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 12 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बेटी, व्यापारी को छेड़ने वाले का इंतजार अब यमराज करते हैं: मुख्यमंत्री योगी पेज 2



ऋषभ पंत ने लखनऊ सुपर जाएंट्स की कप्तानी छोड़ी खेल टाइम्स



'बहुत तलाश किया, कोई आदमी ना मिला' बहुत याद आएंगे बशीर बद्र सम्पादकीय



ईरान ने चार जहाजों पर दागीं मिसाइलें, अमेरिकी विमान गिराने का भी दावा पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली हवाई अड्डे पर हर पांच मिनट में मिलेगी बदलते मौसम की जानकारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अब हर पांच मिनट में बदलते मौसम की ज्यादा विस्तृत और सटीक जानकारी मिल सकेगी जिससे हवाई अड्डा संचालक, विमान सेवा कंपनियां और यात्री लाभान्वित होंगे। इसके लिए यहां विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक उन्नत, एकीकृत एविएशन वेदर इंटेलिजेंस एंड नाउकास्टिंग सुविधा 'स्काईकास्ट' का उद्घाटन किया है। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड ने शुक्रवार को बताया कि स्काईकास्ट के शुरू होने से दिल्ली एयरपोर्ट देश का एकमात्र ऐसा हवाई अड्डा बन गया है, जहां विमानन और एयरपोर्ट संचालन के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई व्यापक और सतत वायुमंडलीय निंगरानी प्रणाली लगाई गई है।

### यूपी में 100 किमी प्रतिघंटा का तूफान

**नई दिल्ली।** यूपी में गर्मी के बजाय बारिश-आंधी का सिलसिला जारी है। शुक्रवार सुबह लखनऊ, प्रयागराज, झांसी और चंदौली में तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई। 100 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। हमीरपुर में तूफान के चलते अंडर कंस्ट्रक्शन पुल गिर गया। जिसमें 6 की मौत हो गई। लखनऊ में रेलवे स्टेशन का टिन शेड गिर गया। 2 लोग घायल हुए। राजस्थान में 12 जिलों में बारिश हो सकती है।

### बागपत में जिला पूर्ति अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत में जिला पूर्ति अधिकारी अनूप तिवारी को विजिलेंस टीम ने उनके कार्यालय से 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के बुढ़सैनी गांव निवासी राशन डीलर व शिकायतकर्ता नरेंद्र कुमार ने बताया कि गांव में उसकी सरकारी राशन की दुकान है। उन्होंने 4 दिन पहले विजिलेंस टीम से डीएसओ अनूप तिवारी की शिकायत की। आरोप लगाया कि डीएसओ अनूप तिवारी राशन बांटने पर कमीशन मांग रहे हैं और लगातार 4 महीनों से दबाव बना रहे हैं। कमीशन न देने पर लाइसेंस निरस्त करने की धमकी दे रहे हैं।

### सीबीएसई ने 12वीं री-इवैल्यूएशन प्रक्रिया टाली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 12वीं के छात्र अब एक जून से री-इवैल्यूएशन और आंसर-शीट की स्कैन कॉपी के लिए ऑनलाइन आवेदन कर पाएंगे। बोर्ड ने शुक्रवार को तारीख बढ़ाने का ऐलान किया। बोर्ड ने 19 मई से यह प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन आवेदन संख्या ज्यादा होने के कारण वेबसाइट क्रैश हो रही थी। इसके बाद तारीख बढ़ाकर 25 मई तक कर दी थी। स्टूडेंट्स को री-इवैल्यूएशन के दौरान पोर्टल पर सर्वर डाउन, पेमेंट फेल होने और ब्लर पेज जैसी तकनीकी दिक्कतें सामने आई थीं। स्टूडेंट्स की शिकायत के बाद सीबीएसई ने पोर्टल पर री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन प्रक्रिया को बंद कर दिया था।

# औसत से कम रहेगा इस साल मानसून: मौसम विभाग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने साल 2026 के दक्षिण-पश्चिम मानसून (जून से सितम्बर) के लिए अपना दूसरा दीर्घकालिक अनुमान शुक्रवार को जारी कर दिया।

इसके अनुसार देश के प्रमुख कई हिस्सों में इस साल मानसून की बारिश सामान्य से कम रहने का अनुमान है। देश में बारिश के मुख्य स्रोत दक्षिण-पश्चिम मानसून के लंबी अवधि के औसत (एलपीए) का 90 प्रतिशत होने की संभावना है और इसमें चार फीसदी घट -बढ़ हो सकती है। मौसम विज्ञान विभाग ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने




■ आईएमडी ने दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए अपना दूसरा दीर्घकालिक अनुमान किया जारी

देश के चार प्रमुख हिस्सों में भी बारिश का अलग-अलग अनुमान भी जारी किया है। विभाग के मुताबिक देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम मौसमी वर्षा होने की संभावना है। इससे कृषि, जल उपलब्धता, जलविद्युत उत्पादन और जैव परिस्थितिकी की स्थिरता के लिए चुनौतियां पैदा हो सकती हैं, साथ ही सूखा, भीषण गर्मी और पेयजल संसाधनों पर दबाव बढ़ने का खतरा भी बढ़ सकता है। मौसम विभाग के महानिदेशक डा. मृत्युजंय महापात्रा ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसूनी बारिश पूर्वोत्तर भारत में सामान्य रहेगी। यहां वर्षा के सामान्य या दीर्घावधि का 94-106 प्रतिशत तक रहने की सबसे अधिक संभावना है। मध्य और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में यह एलपीए के 94 प्रतिशत से कम और उत्तर-पश्चिम भारत में एलपीए के 92 फीसदी से कम बारिश हो सकती है। देश के अधिकांश वर्षा आधारित कृषि क्षेत्रों से युक्त मानसून कोर जोन (एमसीजेड) में दक्षिण-पश्चिम मानसून की मौसमी वर्षा सामान्य से कम (एलपीए के 94 प्रतिशत से कम) होने की सबसे अधिक संभावना है। मौसम विभाग ने जून 2026 के दौरान पूरे देश में औसत वर्षा सामान्य से कम रहने की अधिक संभावना जताई है। यह दीर्घावधि औसत की 92 प्रतिशत से कम रह सकती है। यानी जून में भी बारिश सामान्य से कम रह सकती है। हालांकि उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तर-पूर्व भारत और दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों और मध्य भारत के कुछ अलग-थलग क्षेत्रों के, जून महीने में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है।

### शाकुंभरी देवी क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ दो महिला श्रद्धालुओं की मौत

**सहारनपुर।** देहरादून- विकासनगर के पहाड़ी इलाकों में हुई भारी बारिश के बाद देर रात शाकुंभरी देवी क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ में दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई। प्रशासन ने क्षेत्र में 48 घंटे का हाई अलर्ट जारी करते हुए श्रद्धालुओं से अगले तीन दिनों तक शाकुंभरी देवी न आने की अपील की है। एडीएम वित्त सलिल कुमार पटेल ने शुक्रवार दोपहर बताया कि मरने वाली दोनों महिलाओं की उम्र करीब 60 वर्ष थी। इनमें से एक की पहचान सावित्री पत्नी चंद्रभान निवासी गीतावली, लक्सर (हरिद्वार) के रूप में हुई है, जबकि दूसरी महिला की पहचान अभी नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि सावित्री का परिवार धर्मशाला में ठहरा हुआ था। दोनों महिलाएं पानी का बहाव देखने निकली थीं, तभी तेज धारा में बह गईं। राहत एवं बचाव कार्य में लगी टीमों ने दोनों शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

# NTA को UPSC से सीखने की जरूरत: सुप्रीम कोर्ट

## कहा: वहां कभी पेपर लीक नहीं होता, जवाबदेही तय होने तक ऐसी घटनाएं नहीं रुकेंगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर कहा कि जवाबदेही तय होने तक ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं। कोर्ट में मौजूद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से सवाल किया कि यूपीएससी तो आपसे बड़े पैमाने पर परीक्षा करवाता है, वहां कभी पेपर लीक नहीं हुआ। एनटीए को उनसे सीखने की जरूरत है।

सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद नीट पेपर लीक की जांच पर नजर रख रहे हैं ताकि कोई चूक न हो। केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस नरसिम्हा ने शिक्षा मंत्रालय से नीट-यूजी परीक्षाओं की जांच

■ कोर्ट ने शिक्षा मंत्रालय से नीट-यूजी परीक्षाओं की जांच प्रक्रिया का ब्योरा मांगा



प्रक्रिया का ब्योरा मांगा। सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि पेपर लीक के बाद बड़े लेवल पर सुधार किए हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हम युवाओं को लेकर गंभीर हैं। नीट-यूजी री-टेस्ट के लिए नए तरीके अपनाए गए हैं। देशभर में 3 मई को नीट-यूजी परीक्षा हुई थी। 7 मई की शाम पेपर लीक की खबर सामने आई थी। 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। 21 जून को री-एग्जाम होगा। सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को भंग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान 2024 में नीट पेपर लीक के बाद बनाई गई हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी के प्रमुख और पूर्व इसरो प्रमुख डा. के राधाकृष्णन से पूछा कि सिफारिशों और सुधारों के बावजूद इस बार नाकामी क्यों हुई। राधाकृष्णन ने बताया कि समिति की अधिकांश सिफारिशें लागू की जा चुकी हैं। नीट-यूजी 2025 सफल रहा और इस साल सामने आई कमजोरियों को आगामी री-टेस्ट से पहले दूर किया जा रहा है।

### एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को दी प्रस्तावित सुधारों और कड़े सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी

**नई दिल्ली।** एनटीए ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि नीट-यूजी 2026 को रद्द करने और कथित पेपर लीक की जांच सीबीआई को सौंपने का उसका फैसला इस बात का प्रमाण है कि एजेंसी और केंद्र सरकार परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता को कितनी गंभीरता से ले रही हैं। एनटीए ने कहा कि पिछले दो सालों में कथित अनियमितताओं को लेकर हुए विवादों के बाद नीट परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कई बड़े सुधार लागू किए गए हैं। उच्चतम न्यायालय में जमा किए गए एक हलफनामे में एनटीए ने शीर्ष न्यायालय के निर्देशों के पालन में बनाई गई उच्च-स्तरीय समिति के गठन और कामकाज से जुड़ी समय-सीमा की जानकारी दी।

# दो पासपोर्ट मामले में अब्दुल्ला आजम बरी

## कोर्ट ने सात साल की सजा की रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद रामपुर की एमपी-एमएलए की विशेष अदालत से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आज़म खां को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने शुक्रवार को दो पासपोर्ट मामले में निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सात साल की सजा को निरस्त कर दिया। इसके साथ ही अब्दुल्ला आजम की अपील स्वीकार करते हुए पूर्व फैसला रद्द कर उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया।

गौरतलब है कि रामपुर की निचली अदालत ने पांच दिसम्बर 2025 को अब्दुल्ला आजम को दोषी मानते हुए सात साल कारावास और पचास हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई थी। इस निर्णय के विरुद्ध अब्दुल्ला आजम ने एमपी-एमएलए विशेष सत्र न्यायालय में अपील दाखिल की थी। मामले में 25 मई को दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी थी, जिसके बाद शुक्रवार को न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया। अब्दुल्ला आजम के अधिवक्ता नासिर सुल्तान के अनुसार,



■ पिछले साल दिसम्बर में निचली अदालत ने सुनाई थी सात साल की सजा

यह मामला 30 जुलाई 2019 को दर्ज किया गया था। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने रामपुर के सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया गया था कि अब्दुल्ला आजम ने अलग-अलग जन्म प्रमाण पत्रों के आधार पर दो पासपोर्ट बनवाए और उनका विभिन्न स्थानों पर पहचान पत्र के रूप में उपयोग किया। सत्र न्यायालय ने सुनवाई के बाद अभियोजन पक्ष की सजा बढ़ाने की मांग वाली अपील भी खारिज कर दी।

## विनेश को एशियाई खेलों के ट्रायल्स में हिस्सा लेने की अनुमति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पहलवान विनेश फोगाट को 30 और 31 मई को होने वाले एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल्स में हिस्सा लेने की इजाजत दे दी।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने यह आदेश तब दिया, जब वे डब्ल्यूएफआई की उस याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें फोगाट को

■ फोगाट ने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती

सिलेक्शन ट्रायल्स में हिस्सा लेने की इजाजत दी गई थी। बेंच ने डब्ल्यूएफआई की तरफ से पेश वकील से कहा कि आज इस मोड़ पर, जब हाई कोर्ट ने आदेश दे दिया है, तो उम्मीदें और अपेक्षाएं बढ़ गई हैं।

### सिद्दारमैया ने इस्तीफा देने के बाद खड़गे व राहुल से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के निवर्तमान मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। समझा जाता है कि श्री सिद्दारमैया की दोनों नेताओं के साथ अलग-अलग हुई मुलाकात में कर्नाटक में नई सरकार के गठन तथा राज्यसभा और विधान परिषद की सीटों के लिए होने वाले चुनावों पर विचार विमर्श किया गया।

## राहुल ने ऑटो ड्राइवरों के साथ खाना खाया

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को दिल्ली के बंगाली मार्केट में बने टोडरमल पार्क में ऑटो रिक्शा ड्राइवर्स के बीच पहुंचे। जहां उन्होंने ऑटो चालकों से बात की।

राहुल गांधी उनका यूनिफॉर्म पहने भी नजर आए। पार्क में बैठे राहुल के कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिसमें वे ऑटो ड्राइवर्स के साथ खाना खाते नजर आ रहे हैं। इस दौरान वे ऑटो की सवारी करते भी नजर आए। राहुल गांधी ने ऑटो ड्राइवर्स से रोजमर्रा की चुनौतियों, उनकी



इनकम, बढ़ते खर्चों और काम करने के हालात के बारे में जाना। उनकी शिकायतें सुनीं, उनकी जीवनशैली और समस्याओं पर चर्चा की। राहुल से मिलने के बाद एक ऑटो ड्राइवर ने कहा कि राहुल ने हमसे बातचीत की। हमारे मुद्दे उठाने, हमारे बीमा और दूसरी सहायता दिलाने का वादा किया। हमने साथ मिलकर खाना भी खाया। जब हम खाना खा रहे थे, तभी वे अचानक हमसे मिलने आ गए, और हमें बहुत अच्छा लगा।

### नई कैबिनेट पर अभी कोई फैसला नहीं: शिवकुमार

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** कर्नाटक के निवर्तमान उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्य में नई कैबिनेट के गठन या नेतृत्व में बदलाव को लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। श्री शिवकुमार ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक शनिवार को बुलाई गई है।

# भारत चिप-एआई इंडेक्स में चौथे स्थान पर उभरा

## दुनिया की डिजिटल अर्थव्यवस्था में पांचवीं रैंकिंग हासिल की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद (इक्रिएर) और पोरस सेंटर फॉर इंटरनेट एंड डिजिटल इकॉनॉमी (आईपीसीआईडीई) की भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था की स्थिति पर केंद्रित इस वर्ष की रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया की पांचवीं सबसे अधिक डिजिटाइज्ड अर्थव्यवस्था और चिप-एआई इंडेक्स में चौथे स्थान पर उभरा है।

शुक्रवार को यहां जारी स्टेट ऑफ इंडिया एस डिजिटल इकोनॉमी (एसआईडीई) 2026 शीर्षक इस रिपोर्ट के अनुसार, 71 देशों को शामिल करने वाला



यह व्यापक अध्ययन, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 96 प्रतिशत को कवर करता है, दर्शाता है कि भारत डिजिटल प्रदर्शन में जर्मनी, फ्रांस, जापान और कनाडा जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं से आगे निकल रहा है। रिपोर्ट वैश्विक डिजिटल परिदृश्य में एक बड़े बदलाव को दर्शाती है।

■ भारत डिजिटल प्रदर्शन में जर्मनी, फ्रांस, जापान और कनाडा जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं से आगे निकल रहा

इसके अनुसार अब दुनिया के 72 प्रतिशत एआई उपयोगकर्ता विकासशील देशों में हैं, जिनमें भारत और चीन मिलकर वैश्विक एआई अपनाने का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं। जनरेटिव एआई इतिहास की किसी भी पूर्व तकनीक की तुलना में सबसे तेजी से फैलने वाली तकनीक बन गई है और लॉन्च के तुरंत बाद ही यह विकासशील देशों में व्यापक रूप से अपनाई गई। वैश्विक डिजिटल नेतृत्व में भी बुनियादी बदलाव आ रहा है। दुनिया की शीर्ष पांच डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से तीन - चीन, सिंगापुर और भारत - अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र की हैं, जो पारंपरिक नॉर्थ अटलांटिक प्रभुत्व के साथ एक नए त्रिध्रुवीय डिजिटल व्यवस्था के उभरने का संकेत देता है। इक्रिएर के अध्यक्ष प्रमोद भसीन ने कहा कि भारत ने कनेक्टिविटी, उद्यमिता और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से मजबूत नींव तैयार की है। विकास का अगला चरण इस बात पर निर्भर करेगा कि हम एआई का कितनी प्रभावी ढंग से उपयोग करते हैं।

## कॉकरोच जनता पार्टी को नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के एक्स अकाउंट को भारत में ब्लॉक किए जाने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और एक्स को नोटिस जारी किया। वहीं, हाईकोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी के ब्लॉक किए गए 'एक्स' अकाउंट को तुरंत बहाल करने का निर्देश देने से इन्कार कर दिया।

हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके की याचिका पर सुनवाई की। याचिका में उनके व्यंग्यात्मक डिजिटल संगठन के सोशल मीडिया अकाउंट को एक्स पर ब्लॉक किए जाने के फैसले को

■ हाईकोर्ट ने एक्स अकाउंट को तुरंत बहाल करने से किया इन्कार

चुनौती दी गई। दीपके की याचिका पर जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ ने सुनवाई की। अभिजीत दीपके ने 15 मई को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत द्वारा दी गई कॉकरोच और परजीवी वाली टिप्पणी के विवाद के बीच सीजेपी की शुरुआत की थी। यह टिप्पणी सीनियर एडवोकेट की पदवी से संबंधित एक याचिका की सुनवाई के दौरान की गई थी।

CMYK

# खूनी संघर्ष में युवक व युवती गंभीर घायल

## दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला नायक सराय में ईद उल-अजहा के दिन मामूली कहासुनी खूनी संघर्ष में बदल गई। दो परिवारों के बीच हुए विवाद में युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

मौहल्ला नायक सराय निवासी मुस्कान पुत्री कयामुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 मई की शाम करीब साढ़े चार बजे उसके भाई बिलाल पुत्र कयामुद्दीन की शाहबाज पुत्र इस्लामुद्दीन के साथ गाली-गलौज हो गई थी। आरोप है कि इसके बाद शाहबाज और इस्लामुद्दीन उनके घर पहुंचे और कयामुद्दीन के साथ मारपीट कर दी। इसी दौरान विवाद बढ़ गया तथा शाहबाज के भाई शादाब, फैसल और रिहान भी मौके पर पहुंच गए।

आरोप है कि शादाब ने बिलाल पर छुरी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने आई बिलाल की बहन अदीबा पर भी हमला किया गया, जिससे उसके दाहिने हाथ की एक अंगुली कट गई। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।

घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बिलाल और अदीबा को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार बिलाल को मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

पुलिस ने मुस्कान की तहरीर के आधार पर इस्लामुद्दीन, शाहबाज, शादाब, फैसल और रिहान के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 352, 351(3), 191(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया। बाद में वादिया के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और घटना के निरीक्षण के आधार पर धारा 109(1) बीएनएस की बढ़ोतरी भी की गई। पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी शाहबाज उर्फ छोटे (18 वर्ष) पुत्र इस्लामुद्दीन तथा शादाब (23 वर्ष) पुत्र इस्लामुद्दीन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# राकेश प्रजापति का जोरदार स्वागत

## उज्ज्वला योजना लाभार्थी कमेटी की 12 सदस्य कार्यकारिणी की घोषणा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** उज्ज्वला योजना के राष्ट्रीय चेयरमैन की उपस्थिति में भाजपा जिला अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लाभार्थी कमेटी की 12 सदस्य कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि राकेश प्रजापति का फूलमालाओं से स्वागत किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार खो बैराज स्थित गेस्ट हाउस में उज्ज्वला सम्मान योजना की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय चेयरमैन राकेश प्रजापति मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव बंसल, विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष ने की। संचालन प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जिला चेयरमैन पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव सिंह ने किया। राष्ट्रीय चेयरमैन राकेश प्रजापति कि उपस्थिति में 12 सदस्य में लव कुमार चौधरी बिजनौर, संजीव बंसल चांदपुर, बलराम सिंह सैनी माननगर भूतपुरी, पिताम्बर सिंह पाल रसूलपुर, सुरेश प्रजापति भगौता, श्याम सिंह चौहान शक्तिनगर धामपुर, परम सिंह पूर्व प्रधान वाजिदपुर, निकलेश चौधरी पुराना धामपुर, जयप्रकाश सैनी शेरकोट, नीरज तिवारी एड.चांदपुर, शहाना परवीन पूर्व चेयरपर्सन अफजलगढ़, किरन कुमारी इंद्रानगर धामपुर के नामों की घोषणा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम प्रारंभ से पूर्व राकेश प्रजापति का फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी सदस्यों का भी मुख्य अतिथि व जिलाध्यक्ष ने फूल मालाओं से स्वागत किया। राकेश प्रजापति ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के साथ-साथ प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही 78 योजनाओं के सम्बंध में जानकारी देते हुए बैठक में उपस्थित सदस्यों व पदाधिकारियों को उनके कर्त्तव्य, उत्तरदायित्व व अधिकारों से अवगत कराते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनलाभकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा कर जनता को अधिक से अधिक लाभान्वित करे तथा आपको सौंपे गए दायित्व का भी निर्वहन करे। उन्होंने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की जिलाध्यक्ष के साथ-साथ विधानसभा स्तर, मंडल स्तर, बूथ स्तर तथा वार्ड स्तर पर उज्ज्वला योजना की कमेटी बनाई जाएगी। जिसमें हर पद पर एक महिला व एक पुरुष बनाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जिलाध्यक्ष डा.इंद्रदेव सिंह ने सभी आगन्तुको का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राममोहन उज्ज्वला योजना प्रभारी हरियाणा, गुरूचरण कश्यप सहप्रभारी हरियाणा एवं डा.अवतार सिंह जत्थेदार पंजाब प्रभारी, खड्क सिंह नवनिर्वाचित चेयरमैन खटीमा ओमप्रकाश सिंह सैनी चेयरमैन मुरादाबाद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इनके अलावा फूल सिंह सैनी, गोपाल सिंह जिलामंत्री विश्व हिंदू महासंघ, विजयपाल सिंह सैनी, कामेश्वर राजपूत, मनोज कुमार, अमित रूहेला, पवन रूहेला, सुधा रानी व उमेश चौहान आदि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिला बिजनौर के लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### डयूटी के दौरान उपनिरीक्षक की मौत



**धामपुर।** ईद-उल-अजहा की ड्यूटी के दौरान बागपत निवासी उपनिरीक्षक विक्रांत कुमार की अचानक मौत से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। उपनिरीक्षक विक्रांत कुमार पुत्र आजाद सिंह निवासी ग्राम फुलेरा थाना बालैनी, जनपद बागपत ईद ड्यूटी के लिए पुलिस लाइन से धामपुर आए हुए थे। ड्यूटी के दौरान वह आराम करने के लिए गार्ड रूम में अपने साथी शोभाराम सिंह (गनर ग्रामीण न्यायालय कोर्ट) के साथ गए थे। काफी देर तक न उठने पर साथी पुलिसकर्मी ने उन्हें जगाने का प्रयास किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद करीब 3:15 बजे प्रभारी निरीक्षक को सूचना दी गई। स्थानीय पुलिस की मदद से उपनिरीक्षक विक्रांत कुमार को तत्काल सीएचसी धामपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रथम दृष्टया मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में शोक व्याप्त हो गया। पुलिस द्वारा मृतक दरोगा के परिजनों को सूचना दे दी गई है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### युवती बरामद आरोपी गिरफ्तार



**स्योहारा।** पुलिस ने बहला- फुसलाकर ले जाई गई एक युवती को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वादी द्वारा थाने में शिकायत कराई थी कि उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने तत्काल जांच शुरू की और लगातार प्रयास करते हुए युवती को सकुशल बरामद कर लिया। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पिताम्बर उर्फ नीतू पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम बुढ़नपुर के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

### पशुशाला में आग लगने से हड़कंप

**अफजलगढ़।** अज्ञात कारणों से पशुशाला में लगी भीषण आग में बिटौड़े व भूसे के बुंगे जलकर राख हो गए। जबकि एक कटिया भी झुलस गई। ग्राम मनोहरवाली में आज शाम एक घेर में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आकर चार भाइयों के बिटौड़े, भूसे के बुंगे व लकड़ियां जलकर राख हो गईं, जबकि एक भैंस की कटिया झुलस गई। ग्रामीणों की सूझबूझ से अन्य पशुओं को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गांव निवासी दाऊद, आंतरी, शाहिद और अनवार का पशुशाला (घेर) बनैली नदी के रपटे के निकट तटबंध के पास स्थित है। घेर में भूसे के बुंगे, बिटौड़े, लकड़ियां और पशु बंधे हुए थे। आज शाम करीब चार बजे अचानक घेर में रखी लकड़ियों में आग लग गई। तेज हवा चलने के कारण आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते पूरे घेर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घेर में बंधे पशुओं की रस्सियां काटकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान शाहिद की भैंस की एक कटिया झुलस गई। घटना की सूचना मिलने पर लेखपाल विशाल मौके पर पहुंचे और डायल-112 व अग्निशमन विभाग को जानकारी दी कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक घेर में रखा सामान जलकर राख हो चुका था और पीड़ित परिवारों को हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा लेखपाल विशाल ने बताया कि घटना की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है तथा पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

## एक नजर

### हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी आज

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन (पंजी.) शाखा जनपद हिंदी दिवस गरिमामयी ढंग से समारोहपूर्वक मनाएगी। इस अवसर पर मुद्रण से डिजिटल तक पत्रकारिता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यूनियन के जिला महामंत्री अनिल चौधरी ने बताया कि हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय पर आयोजित हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह 30 मई, दिन शनिवार की अपराहन तीन बजे से जैन धर्मशाला के सभागार बिजनौर में आयोजित होगा। समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। समारोह में जनपद के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों के साथ साहित्यकार, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बुद्धिजीवी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि हिंदी पत्रकारिता के दो शताब्दियों की गौरवपूर्ण यात्रा को यादगार व ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। समारोह में वक्ताओं द्वारा पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं पर विचार रखे जायेंगे। उन्होंने जनपद के युवा व वरिष्ठ पत्रकारों, साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व बुद्धिजीवियों से समारोह में शामिल होने की अपील की है।

### पांच दिवसीय मजलिसों का आयोजन

**हल्दौर।** ग्राम छजुपुरा सादात में हजरत मुस्लिम बिन अकील के यौमे शहादत के अवसर पर शमशाद हुसैन व शहजाद हुसैन की ओर से आयोजित होने वाली पांच दिवसीय मजलिसों आखिरी रात इमाम बारगाह में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिसों में मौहम्मद रजा, नायाब हैदर, मौहम्मद अब्बास, कलीम हैदर, आलम जैदी ने मरसिया ख्वानी तथा रईस हैदर शाने हैदर मौहम्मद नवेद ने पेशख्वानी की। जबकि मौलाना मैहदी अब्बास, मौलाना अहमद रजा व मौलाना शब्बर हुसैन खान ने मजलिसों को सम्बोधित किया तथा सालिम जैदी, सादिक जैदी, जुहैर अकबर पुरी व कमाल मैहदी मंगलौरी ने नौहा ख्वानी की। कार्यक्रम का संचालन मौलाना रौशन अब्बास व शाही वास्ती ने किया। मौलाना शब्बर हुसैन खान अकबर पुरी ने कार्यक्रम की आखिरी मजलिस को संबोधित करते हुए हजरत मुस्लिम बिन अकील के जीवन और उनकी शहादत पर प्रकाश डाला। मौलाना ने बताया कि कूफा के लोगों के निमंत्रण पर इमाम हुसैन ने हजरत मुस्लिम बिन अकील को कूफा के हालात का जायजा लेने के लिए अपने दूत के रूप में भेजा था।

## विवादित पोस्ट पर मुकदमा दर्ज

**बिजनौर।** बकरीद के मौके पर सोशल मीडिया पर एआई से तैयार किया गया एक ईद मुबारक पोस्टर साझा करना एक युवक को महंगा पड़ गया। पोस्टर में बकरे के साथ गाय का चित्र इस्तेमाल किए जाने पर विवाद खड़ा हो गया।

स्थानीय मौहल्ला चाहशीरी निवासी मौहम्मद उमर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप और फेसबुक आदि पर बकरीद की मुबारकबाद देते हुए एक पोस्टर अपलोड किया गया था। आरोप है कि पोस्ट में एआई द्वारा तैयार की गई तस्वीर में बकरे के साथ गौमाता का चित्र भी दर्शाया गया। जिसे लेकर हिंदू संगठनों ने आपत्ति जताई। इस मामले में बजरंग दल के जिला संयोजक अरूण चौधरी ने कोतवाली शहर में तहरीर देकर आरोप लगाया कि पोस्टर में गौमाता के चित्र का प्रयोग हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है। इससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है। तहरीर में कहा गया है कि हिंदू धर्म में गाय को पूजनीय माना जाता है और इस प्रकार का चित्रण आपत्तिजनक एवं निंदनीय है। पुलिस को दी गई शिकायत में यह भी कहा गया है कि सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल होने से लोगों में रोष व्याप्त है। इससे शांति, व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# अचानक कहां गुम हो गया प्रभात यादव के साथ जुड़ा केशव चौधरी का नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** भारतीय जनता पार्टी की बिजनौर कार्यकारिणी में बीते कुछ दिनों से भूचाल आया हुआ है। जहां भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने ही पदाधिकारियों के खिलाफ कुछ दिन पूर्व बैठक कर रहे थे और उन्हें निष्कासित करने की मांग कर रहे थे, वहीं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी मांग की जा रही थी।

चांदपुर में हुई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बैठक में जिला मंत्री केशव चौधरी और प्रभात यादव के कृत्यों से स्वयं को अपमानजनित महसूस कर रहे पदाधिकारियों ने मांग करते हुए इन दोनों को तत्काल पद मुक्त करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। वहीं शाम ढलते ही यह कार्रवाई चाहे वह कानूनी हो अथवा पार्टी की ओर से हो, केवल प्रभात यादव पर ही की गई। वहीं चांदपुर की महिला डॉक्टर द्वारा भी चांदपुर थाने में केवल निवर्तमान जिला मंत्री प्रभात यादव को आरा. पी बताते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई। जिसमें उन्होंने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए लाखों रुपए की ठगी की बात कही। वहीं आज भाजपा के निवर्तमान जिला मंत्री प्रभात यादव ने सोशल मीडिया पर अपनी वीडियो पोस्ट करते हुए बताया कि उन्हें शुरू से ही पार्टी के कुछ नेता पसंद नहीं कर रहे थे। हालांकि उन्हें यह अंदेशा नहीं था कि यही नेता एक दिन उन्हें फंसा देंगे। उन्होंने बताया कि यह सारा षडयंत्र केशव चौधरी का है। प्रभात यादव ने अपनी वीडियो में कहा कि उनके पास अब तक कई सबूत इकट्ठा हो चुके हैं। जिसके आधार पर दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने बताया कि उन्हें यह भी मालूम हो गया है कि महिला चिकित्सक के यहां किसने कैमरे लगाए और कब कैमरे लगाए। इन सब बातों के आधार पर उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि पुलिस उन्हें जब जहां बुलाएगी, वह पुलिस का सहयोग करेंगे। उन्होंने एसपी से मांग की है कि इस मामले की वरिष्ठ अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही उन्होंने पार्टी के जिला अध्यक्ष बॉबी चौहान पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्होंने प्रभात यादव को पदमुक्त करने से पूर्व एक बार भी उनसे इस पूरे मामले में उनकी भूमिका क्या है यह पूछना गवारा नहीं समझा और उन्हें पद से निष्कासित कर दिया। प्रभात यादव ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को भी आगाह किया कि जिस प्रकार तन, मन, धन से उन्होंने पार्टी की सेवा की और आज उन्हें यह सिला मिल रहा है, वह भी चौकन्ने रहे अगली बारी उनकी हो सकती है।

उधर सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में प्रभात यादव ने बताया कि उनके खिलाफ यह सारा षडयंत्र केशव चौधरी ने रचा है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि उन्हें और उनके परिवार को कुछ होता है, तो इसके जिम्मेदार भी के सब चौधरी होंगे।

### सवालों के घेरे में पूरा मामला

प्रभात यादव का यह चर्चित मामला उसे समय से सवालों के घेरे में है जब महिला डॉक्टर द्वारा पुलिस से शिकायत करने से पहले ही पार्टी के कार्यकर्ताओं ने चांदपुर में आपसी बैठक की और केशव चौधरी और प्रभात यादव को दो सेट ठहराते हुए उन्हें तत्काल पद से निष्कासित करने की मांग की थी। वहीं रात ढलते ही जो सवेरा हुआ। उसमें ने केवल कानूनी कार्रवाई, बल्कि राजनीतिक कार्रवाई के लिए भी केवल एक ही नाम प्रभात यादव का सामने आया और प्रभात यादव पर ही चांदपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराएगी और उन्हें ही पार्टी से निष्कासित किया गया। अब सवाल यह है कि या तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुरू में सच बोलते हुए दोनों लोगों पर सही आरोप लगाए थे अथवा मामला यह है कि केशव चौधरी को राजनीतिक सांठ-गांठ से बचा लिया गया और इस पूरे षडयंत्र में प्रभात यादव को धकेल दिया गया जो आज सोशल मीडिया पर अपनी कहानी सुनाने को मजबूर है।

# सपा नेता नवाब सिंह को आठ साल की सजा

## कन्नौज गैंगस्टर एक्ट में अदालत का बड़ा झटका, जुर्माना भी लगाया

**कन्नौज, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में बहुचर्चित पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव मामले में गैंगस्टर एक्ट कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने नवाब सिंह यादव और उनके भाई नीलू यादव को गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी करार देते हुए 8-8 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों पर 10-10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है. वहीं मामले में आरोपी महिला पूजा तोमर को 6 वर्ष की सजा और 5 लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया गया है.

यह मामला 11 और 12 अगस्त 2025 की मध्य रात्रि का है, जब पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव को उनके ही विद्यालय से एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने अपनी बुआ के मोबाइल फोन से कॉल कर घटना की जानकारी दी थी, जिसके बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए नवाब सिंह यादव को हिरासत में ले लिया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला था कि पीड़िता को उसकी बुआ ही विद्यालय लेकर पहुंची थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। गिरफ्तारी के बाद से ही नवाब सिंह यादव जेल में बंद हैं और मामले की लगातार सुनवाई चल रही थी। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस ने नवाब सिंह यादव के भाई नीलू यादव की भूमिका भी संदिग्ध पाई। पुलिस का आरोप था कि नीलू यादव ने



आपराधिक गतिविधियों में सहयोग किया और मामले से जुड़े तथ्यों को प्रभावित करने का प्रयास किया। इसके बाद उसके खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और उसे गिरफ्तार किया गया। वहीं जांच में महिला आरोपी पूजा तोमर की भूमिका भी सामने आई थी। पुलिस के मुताबिक पूजा तोमर पर आरोप था कि उसने मामले में साक्ष्यों को छिपाने और पुलिस जांच को गुमराह करने की को. शिश की। इसके चलते उसके खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज किया गया था.

### तीनों आरोपियों को कोर्ट ने दोषी पाया

लंबे समय तक चली सुनवाई और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गैंगस्टर कोर्ट ने शुक्रवार को तीनों आरोपियों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। कोर्ट के फैसले के बाद जिले में एक बार रिर इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। पुलिस और प्रशासन ने अदालत केरैसले को न्याय प्रक्रिया की बड़ी सफलता बताया है। का कहना है कि संगठित अपराध और गंभीर मामलों में कानून के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। फैसले के बाद सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कोर्ट परिसर और आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन (AVM) के कार्य को IREPS के माध्यम से विभिन्न स्टेशनों पर ठेके पर देने हेतु ई-बोलियाँ **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 17.06.2026 को आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं ।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक
उ. रे., मुरादाबाद

1813/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

मुरादाबाद मंडल के शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, लक्सर, & ऋषिकेश स्टेशन के क्लॉक रूम को 5 साल के लिए संचालन और रखरखाव हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 15.06.2026 (टाइम 10:00 am) को बोली आमंत्रित करने की जानी है। ई-नीलामी www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

1826/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**IIFL FINANCE**

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया । निम्नलिखित ऋण खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **30-06-2026** को **सुबह 10 बजे** से निम्नलिखित जिला केंद्र **मुरादाबाद-दिल्ली रोड जीएल - 3बी - 303 बुद्धि विहार, प्रथम तल, चरण सिंह चौक चौराहा, इंडियन बैंक के ऊपर, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश 244001.** पर संचालित की जायेगी। स्थान या दिनांक में किसी भी बदलाव (यदि कोई हो) नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से नीलामी यहाँ दी गयी तिथि पर संपन्न न की जा सके या एक ही दिन में पूरी न हो, तो आईआईएफएल को कथित नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ आगे की किसी तारीख पर संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL32846783, GL34079142, GL34286099, GL34397660, GL35059012, GL35517470, GL35527323, GL35821339, GL35835215, GL35883110, GL36044102, GL36230843, GL36365090, GL36370546, GL36470220, GL36470838, GL36619474, GL36625537, GL36630029, GL36756200, GL36768666, GL36805756, GL36828107, GL36831317, GL36870466, GL36900275, GL36900545, GL36925668, GL36945060, GL37065597, GL37080501, GL37125394, GL37136328, GL37152034, GL37155064, GL37186467, GL37220273, GL37305921, GL37437726, GL37459243, GL38336508, GL38381106, GL38490121, GL38603540, GL38604111, GL38634658, GL38851066, GL38989304, GL39003613, GL39036989, GL39071298, GL39101217, GL39102896, GL39122761, GL39137767, GL39151349, GL39152424, GL39171968, GL39179649, GL39264141, GL39282534, GL39364270, GL39428265, GL39444968, GL39465147, GL39470987, GL39494469, GL39517264, GL39540275, GL39562316, GL39584474, GL39615418, GL39669837, GL39694763, GL39730720, GL40013508, GL40070270, GL41682309, GL42689077, GL42762732, GL43664253, GL43820100, GL43932788, GL44238964, GL44541199, GL45518785, GL45700351, GL45874115, GL46264093, GL46913493, GL47706309, GL47824216, GL48240045.

नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

स्थान: मुरादाबाद
दिनांक: **30.05.2026**

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

**IIFL FINANCE**

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया । निम्नलिखित ऋण खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **30.06.2026** को **सुबह 10 बजे** से निम्नलिखित ज़िला केंद्र **रामपुर-सौकत अली रोड जीएल - ग्राउंड फ्लोर, एचडीएफसी बैंक के पास रामपुर, शौकत अली रोड रामपुर -244901** पर संचालित की जायेगी। स्थान या दिनांक में किसी भी बदलाव (यदि कोई हो) नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से नीलामी यहाँ दी गयी तिथि पर संपन्न न की जा सके या एक ही दिन में पूरी न हो, तो आईआईएफएल को कथित नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ आगे की किसी तारीख़ पर संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL24846789, GL30576902, GL32167192, GL32345467, GL32629966, GL32636841, GL32708950, GL32863209, GL33823184, GL35294406, GL35947661, GL36691708, GL36850607, GL36940553, GL36946673, GL36954492, GL36956720, GL36970189, GL37066465, GL37100526, GL37121089, GL37140509, GL37149299, GL37159300, GL37305424, GL37545541, GL38102874, GL38118626, GL38122178, GL38138762, GL38315823, GL38316651, GL38397341, GL38398145, GL38747902, GL38753207, GL38946336, GL38976949, GL39137846, GL39142393, GL39372088, GL39387427, GL39403353, GL39433483, GL39455423, GL39461862, GL39474753, GL39507803, GL39513249, GL39516881, GL39526525, GL39536198, GL39549883, GL39558920, GL39559965, GL39561071, GL40409571, GL40765349, GL40765451, GL44076311, GL44213525, GL46182139, GL46244118.

नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

स्थान: रामपुर
दिनांक: **30.05.2026**

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

# रिश्वतखोरी के आरोपी डा. प्रमोद पर गिरी मामूली गाज

**जांच के नाम पर बचा रहा स्वास्थ्य विभाग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** झोलाछाप से रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की जबरदस्त किरकिरी हो रही है। सूत्रों का कहना है कि नोडल अधिकारी क्वैक्स एवं समीपुर (नजीबाबाद) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रमोद कुमार को बचाने के लिए जांच टीम बनाई गई।

जनपद में लंबे समय से तैनात एवं कथित रूप से जनपद के ही निवासी डा. प्रमोद कुमार शुरु से ही विवादों में रहे हैं। वह किरतपुर, कोतवाली देहात एवं समीपुर के स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात रहते हैं। अपनी राजनीतिक पहुंच की वजह से वह सीएमओ भी उसे हटा नहीं पाते हैं। दो दिन पूर्व कथित रूप से झोलाछाप चिकित्सक से रिश्वत लेने के दौरान बनाई गई उनकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसका संज्ञान लेते हुए डीएम के निर्देश पर जांच कमेटी बनाई गई है। जिसमें एडीएम व सीएमओ को रखा गया है। फिलहाल डा. प्रमोद कुमार को नजीबाबाद हटाकर अफजलगढ़ भेज दिया गया। साथ ही उनसे नोडल अधिकारी का कार्यभार भी वापस ले लिया गया है। लेकिन यह कवायद उन्हें बचाने का प्रयास मानी जा रही है। डा. प्रमोद जब नगीना क्षेत्र में तैनात थे, तो वहां भी बड़ी घटना हुई थी। जिसके बाद नगीना क्षेत्र में झोलाछाप चिकित्सकों के यहां दिखावे के लिए छापे मारे गए थे। उस समय भी डा. प्रमोद कुमार गंभीर आरोप लग रहे थे। गौरतलब है कि जनपद में हजारोंकी संख्या में झोलाछाप चिकित्सक मौजूद हैं। यह झोलाछाप चिकित्सक आपरेशन से डिलीवरी करने के साथ-साथ अन्य गंभीर बीमारियों के भी ऑपरेशन कर देते हैं। जब केस बिगड़ता है, तो यह अपने से जुड़े बड़े चिकित्सकों के पास मरीजों को भेज देते हैं। जब मरीजों मौत हो जाती है, तो यह हाथ खड़े कर देते हैं। इसके बाद तिमारदार व परिजन अस्पतालों में हंगामा करते हैं। जनपद में लंबे समय झोलाछाप चिकित्सकों से अवैध रूप से उगाही का काम चल रहा है। अगर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा ईमानदारी के साथ झोलाछाप चिकित्सकों की जांच कराई जाए, तो आम जनता को बड़ी राहत मिल सकती है। अब देखना यह है कि डा. प्रमोद के मामले में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन कब और किस तरह की कार्यवाही करता है।

# चौ.चरण सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री, किसानों के मसीहा एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने चौधरी साहब को नमन करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह का संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों एवं गांवों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनके सिद्धांत और विचार आज भी सपा की प्रेरणा हैं। उन्होंने सदैव किसानों के हितों की लड़ाई लड़ी। किसानों से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ उठाकर किसानों के हित में निर्णय करवाने का कार्य किया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डा. रमेश तोमर ने कहा कि चौधरी चरण सिंह के बताए रास्ते पर चलते हुए कार्यकर्त्ता गांव, किसान, मजदूर और नौजवानों के अधिकारों की आवाज को हमेशा बुलंद करते रहेंगे। चौधरी चरण सिंह को केवल किसान नेता के रूप में सीमित कर देखना, उनकी व्यापक आर्थिक सोच के साथ अन्याय है। वास्तविकता यह है कि चौधरी चरण सिंह गांव, किसान, छोटे व्यापार और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को एक साथ मजबूत करने के पक्षधर थे।

विचार गोष्टी प्रवक्ता अखलाक पप्पू के संचालन मे हुई जिसमे मुख्यरूप से मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. योगेंद्र चौधरी, प्रभा चौधरी, सत्यपाल सिंह, श्लोक पवार, कमलेश भुईयार, मदन लाल सैनी, बीके कश्यप एड., राधा सैनी, मनोज राजपूत, महमूद कस्सार, देवानंद भुईयार, नाजिर अंसारी, संजय पाल, प्रमोद प्रधान, सुरेंद्र वाल्मीकि, आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### रुपये के लेन-देन के विवाद मे

**बढ़ापुर।** पूर्व चेयरमैन आबिद अंसारी और एक लकड़ी ठेकेदार के बीच देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। घटना के बाद दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मौहल्ला लालसराय निवासी पूर्व चेयरमैन आबिद अंसारी ने आरोप लगाया कि मौहल्ले के ही कफील अहमद ने उधार के पैसे मांगने पर उनके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की है। वहीं दूसरे पक्ष के कफील अहमद का आरोप है कि पूर्व चेयरमैन आबिद अंसारी ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट की है। कफील अहमद का यह भी आरोप है कि बीच-बचाव कराने पहुंचे उनके भाई अलीम अहमद के साथ भी पूर्व चेयरमैन ने गाली-गलौच की है। घटना के बाद दोनों पक्षों में तनाव का माहौल बना रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रांसफार्मर फुंका, विद्युतापूर्ति ठप



**नजीबाबाद।** मौहल्ला जाब्तागंज में रात लगभग दो बजे ट्रांसफार्मर फुंकने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। भीषण गर्मी और उमस के बीच पूरी रात बिजली गुल रहने से मौहल्ले के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग घरों से निकलकर सड़कों पर रात बिताने को मजबूर हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए साहनपुर चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी कांशीराम के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से फोन पर वार्ता की और जल्द से जल्द दूसरा ट्रांसफार्मर लगवाकर आपूर्ति बहाल करने की मांग की। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि भीषण गर्मी में बिजली न होने से बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वह हर समय मौजूद हैं और किसी भी परेशानी में क्षेत्रवासियों को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उनके हस्तक्षेप के बाद बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नया ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू कर दिया। क्षेत्रवासियों ने जल्द बिजली बहाल कर राहत देने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गर्मी के चलते इन्वर्टर भी जवाब दे गए, जिससे रातभर लोग छतों और गलियों में बैठे रहे।

### मुल्क में अमनो-चैन की दुआएं



**राजा का ताजपुर।** ईदुल अजहा का त्योहार बड़ी अकीदत के साथ मनाया गया। मुसलमानों ने एक-दूसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह में सुबह सात बजे शहर काजी मुफ्ती फरमान ने ईद की नमाज अदा कराई। जामा मस्जिद में साढ़े सात बजे नायब इमाम हाफिज उमर ने अदा कराई। हजरत मुफ्ती फरमान ने कहा है कि ईदुल अजहा का त्योहार हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की याद में मनाया जाता है। यह त्योहार इंसानियत भाईचारे का संदेश देता है। ईदुल अजहा के त्योहार पर ऐसा कोई काम ना करें जिससे किसी दूसरे की भावनाओं को ठेस पहुंचे। ईदगाह पर छोटे छोटे बच्चे नए-नए कपड़े पहनकर ईदगाह में पहुंचे। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगा कर ईदुल अजहा की मुबारकबाद दी। इस दौरान ईदगाह के आस पास भारी पुलिस बल तैनात रहा। मुफ्ती फरमान ने मुल्क की सलामती व भाईचारे के लिए दुआ कराई। इस मौके पर अखिल भारतीय प्रधान संघ उपाध्यक्ष हाजी शमशाद फरीदी, डा. अनीस अहमद अंसारी, समा. जसेवी मकसूद अहमद ठेकेदार, डा. फहीमुद्दीन अंसारी, नईम अहमद एड., जमील अहमद एड., आसिफ मकरानी, जिला पंचायत सदस्य इमरान, सरफराज सिद्दीकी, उस्मान अंसारी, वरिष्ठ बसपा नेता डा. शमशाद अहमद, जमील अहमद एड., निसार आदि मौजूद थे। चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ईदगाह पर पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

### वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक

**बिजनौर।** डीएम की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति, जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीएम जसजीत कौर ने जनपद में गंगा एवं अन्य नदियों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदियों में गंदे पानी एवं अपशिष्ट के प्रवाह को रोकने के लिए संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। घाटों की नियमित सफाई तथा जनजागरूकता अभियान संचालित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान वायु प्रदूषण के मानकों का अनुपालन न करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने तथा जुर्माना लगाने तथा चालानों में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि अस्पतालों में शत प्रतिशत बारकोड लगाना सुनिश्चित करें और बारकोड के आधार पर ही अस्पतालों से बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण भी कराएं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों, क्लीनिकों एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट का पृथक्करण, संग्रहण एवं सुरक्षित निस्तारण नियमित रूप से कराया जाए। मानकों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि आगामी वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत चिन्हित किए जाने वाले स्थलों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने क्षेत्राधिकार में उपलब्ध भूमि एवं उपयुक्त स्थलों का चयन कर सूची तैयार करे, ताकि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रभावी एवं व्यापक वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जा सके। साथ ही लगाए जाने वाले पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखरेख की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। इस मौके पर डीएफओ जय सिंह कुशवाहा सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# रूस भेजने के नाम पर ऐंठ लिए 2.60 लाख

**दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** दो लोगों ने युवक को रूस भेजने, अच्छी सैलरी दिलाने का झांसा देकर उससे 2.60 लाख रुपए ऐंठ लिए। बाद में युवक को रूस भेजने के बजाय टूरिस्ट वीजा पर थाईलैंड भेजने के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के मौहल्ला शेखान निवासी नौमान अख्तर पुत्र मौहम्मद उमर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अफजलगढ़, थाना क्षेत्र के ग्राम जिकरीवाला निवासी अलाउद्दीन व नाजिम अली ने उसे रूस में नौकरी और बेहतर भविष्य का सपना दिखाने के नाम पर उससे अलग-अलग किस्तों में कुल दो लाख 60 हजार रुपए ले लिए। युवक का कहना है कि आरोपियों ने दावा किया था कि उसका रूस का वर्क वीजा तैयार हो चुका है और जल्द ही उसे वहां भेज दिया जाएगा। आरोप है कि तय प्रक्रिया के तहत युवक की यात्रा कराई गई, लेकिन रूस की जगह उसे टूरिस्ट वीजा पर थाईलैंड भेज दिया गया। वहां पहुंचने के बाद युवक को खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ। इसके बाद उसने किसी तरह वापस लौटकर स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अकीदत के साथ मनाया ईद-उज-अज़हा

## धामपुर, शेरकोट व स्योहारा में लगे कैंप, विवेक सेन ने दी मुबारकबाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर नगीना सांसद चंद्रशेखर के प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य विवेक सेन ने धामपुर विधानसभा क्षेत्र के धामपुर, शेरकोट तथा स्योहारा में ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान ईदगाह के बाहर विशेष कैंप लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे और एक-दूसरे को ईद की शुभकामनाएं दीं।

धामपुर ईदगाह पर विवेक सेन ने नमाजियों से मुलाकात कर भाईचारे, सौहार्द और आपसी प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने आम जनता के साथ शहर इमाम से भी मुलाकात की और ईद की बधाई दी। ईदगाह परिसर में लोगों का उत्साह देखने लायक था तथा बड़ी संख्या में लोगों ने कैंप पर पहुंचकर शुभकामनाएं साझा कीं।

इस मौके पर लवली कुमार, परवेदर कुमार, मोनू कुमार, कुलदीप कुमार, अतुल कुमार, रफीक मंसूरी, अदनान एड., अंकित गुर्जर, बंटी कुमार, रियाज अकबर, फैज सिद्दीकी, माजिद अंसारी, सलमान मलिक, जीशान खान, मौहम्मद फहीम, मौहम्मद नौशाद, मुंशी नसीम नगर अध्यक्ष धामपुर, नजर नवाज नगर अध्यक्ष शेरकोट, कामिल चौधरी नगर अध्यक्ष स्योहारा, राकेश कुमार शादाब अहमद उर्फ पप्पू शहजाद भाई, मौहम्मद समीर सिद्दीकी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। ईद के अवसर पर पूरे क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल देखने को मिला तथा लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

# आंधी-तूफान से कई जगह लाइनों पर गिरे पेड़

**रात भर बाधित रही बिजली आपूर्ति**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बीती रात आई तेज आंधी-तूफान के चलते क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में विद्युत लाइनों पर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। घंटों की मशक्कत के बाद आज 29 मई को सुबह 11:00 बजे आपूर्ति सुचारु हो सकी।

एसडीओ नजीबाबाद शंभू नाथ ने बताया कि तेज आंधी-तूफान के कारण समीपुर ग्रामीण क्षेत्र की 33 हजार केवी पावर की विद्युत लाइन पर पेड़ गिर गया था। इसके चलते समीपुर और आसपास के गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। इसी के साथ सरवनपुर क्षेत्र में भी कई जगह विद्युत लाइनों पर पेड़ गिरने से सप्लाई बाधित रही। रातभर बिजली गुल रहने से लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एसडीओ शंभू नाथ ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही विद्युत कर्मियों की टीमों को तुरंत मौके पर भेजा गया। रातभर चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद लाइनों से पेड़ हटाए गए और फॉल्ट ठीक किए गए। कड़ी मशक्कत के बाद आज सुबह 11 बजे सभी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई।

बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आंधी से क्षेत्र में कई जगह तार टूटने और पोल क्षतिग्रस्त होने की भी सूचना मिली है, जिन्हें ठीक किया जा रहा है।

# ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, मासूम घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सड़क हादसे ने एक परिवार की ईद की खुशियों को मातम में बदल दिया। बैराज के पास हुए हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी छह वर्षीय बेटी घायल हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद मेरठ के श्यामपुर निवासी नदीम अपनी पत्नी सबा और बच्चों के साथ स्कूटी से बिजनौर स्थित अपनी बहन के घर ईद मनाने आ रहे थे। बैराज से पहले थाना रामराज क्षेत्र में परिवार पानी पीने के लिए रुका था। इसी दौरान पीछे से तेज गति में आ रहे ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नदीम की पत्नी सबा (27 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में उनकी छह वर्षीय बेटी के सिर में चोट आई है, जिसका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए। महिला की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ईद-उल-अज़हा पर्व भाईचारे के साथ मनाया

## नगर पालिका की व्यवस्था रही शानदार, राजनीतिक लोगों ने कैंप लगाकर ईद की मुबारकबाद दी








**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर में ईद उल अजहा का त्यौहार पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईदगाह में आयोजित सामूहिक नमाज में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। शहर काजी उबैदु रहमान ने नमाज अदा कराई। नगर पालिका सहित राजनीतिक लोगों ने कैंप लगाकर लोगों को ईद की मुबारकबाद दी।

ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नमाज के उपरांत देश में अमन, शांति और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। यह पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जो आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक बना। ईदगाह के बाहर सपा नेता पूर्व सांसद इंजी. यशवीर सिंह धोबी, विरेन्द्र सिंह प्रधान, आसपा नेता मनोज हिटलर के अलावा कांग्रेस की हैनरीता राजीव सिंह की ओर से स्वागत शिविर लगाए गए थे। इन शिविरों में लोगों को ईद की मुबारकबाद दी गई।

नगर पालिका की ओर से भी विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। नगर पालिका चेयरपर्सन अनस इकरार पति मौहम्मद जैद व पालिका ईओ ओम गिरी ने भी ईदगाह पर लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। डॉ. अभिषेक चंद्र ने ग्राम फुलसंदा, नहटौर नगर में लोगों को घर-घर जाकर ईद की मुबारकबाद दी।

इस अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और समुदाय के लोग सक्रिय रूप से जुटे रहे। लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी और मिष्ठान व अन्य खाद्य पदार्थों का आदान-प्रदान किया। नहटौर में इस दौरान सुरक्षा के भी उचित प्रबंध किए गए थे, जिससे पूरे दिन शांतिपूर्ण माहौल रहा और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह को दी श्रद्धांजलि

## पुण्यतिथि पर रालोद कार्यकर्ताओं ने हवन-यज्ञ और रक्तदान शिविर का आयोजन किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारत रत्न से सम्मानित, किसानों के मसीहा और पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रालोद कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर सर्वप्रथम नुमाइश ग्राउंड स्थित उनकी प्रतिमा पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप रहे। आचार्य राधेश्याम ने विधि-विधान के साथ हवन संपन्न कराया। उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर रालोद जिला कार्यालय पर एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश महासचिव नागेंद्र पवार एवं बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी डा. नीरज चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। जिला अध्यक्ष ओमपाल कश्यप सहित 26 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के साथ ही जिला कार्यालय पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के विचारों और किसानों व मजदूरों के लिए किए गए उनके ऐतिहासिक कार्यों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जीवन ईमानदारी और किसान-मजदूर कल्याण का प्रतीक था। आज उनके बताए रास्तों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमपाल सिंह कश्यप ने की। संचालन जिला प्रवक्ता संजीव चौधरी ने किया। इस मौके पर नागेंद्र पवार चौधरी, ब्रजवीर चौधरी, अशोक चौधरी, श्रीमती आशु राणा, सुरेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, विधानसभा अध्यक्ष छत्रपाल सिंह, अलबेल सिंह, अनुराग, विजय चौहान, ज्ञानेंद्र चिकारा, विनय कुमार, वीरेंद्र सिंह, सुबोध कुमार, अरविंद कश्यप, सबल सिंह, राजीव कुमार, लवकुश फौजी, डा. समरपाल सिंह, मौहम्मद इमरान कुरैशी, रेणुका चौधरी, कृष्ण पाल सिंह, शाहनवाज, विवेक देओल, रोहित, संजीव राठी, हेमेंद्र सिंह, योगेश कुमार, हर्ष चौधरी, अमित चौधरी, ब्रजवीर सिंह आर्य, जयपाल सिंह, दीपक डबास, आनंद प्रधान, विधानसभा अध्यक्ष परितोष चंदेल, शैलेंद्र उर्फ बब्बू, मास्टर विजयपाल सिंह, हनी तोमर, काजी तारीख अली, सरदार बुध सिंह, सरदार बलवीर सिंह, पूर्व प्रमुख पंकज चौधरी, सुरेश राणा, विधानसभा अध्यक्ष नजीबा. बाद सुरेश कश्यप, महेंद्र सिंह फलोदी, सुनील कुमार, मनोज कुमार, अमित कुमार, महाशय पूरन सिंह, आफताफ, विश्वजीत सिंह, अमरदीप, कुलदीप चिक. ारा, मास्टर बरम सिंह, सुरेश दरा. ेगा, ओमवीर सिंह, चौधरी यशवीर सिंह, मुफिज आलम गुड्डू, चौधरी राजेंद्र सिंह, सुधीर कुमार, राजेश कश्यप, अजय पाल सिंह, अरुण कश्यप, जगत गुर्जर, रिजवान आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मैक्स हॉस्पिटल वैशाली ने बिजनौर में शुरू की विशेष ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली ने आज बिजनौर के आयुष्मान हॉस्पिटल में अपनी विशेष ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस ओपीडी सेवा का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के ऑन्कोलॉजी एवं हेड एंड नेक ऑन्कोसर्जरी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट डा. ख्याति भाटिया की उपस्थिति में किया गया।

डा. ख्याति भाटिया प्रत्येक महीने के दूसरे और चौथे मंगलवार को दोपहर 12:30 बजे से 3:00 बजे तक आयुष्मान हॉस्पिटल, बिजनौर में मरीजों के लिए उपलब्ध रहेंगी। यहां मरीज प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस मौके पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के ऑन्कोलॉजी एवं हेड एंड नेक ऑन्कोसर्जरी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट डा. ख्याति भाटिया ने कहा, जागरूकता की




कमी के कारण लोग अक्सर कैंसर के शुरुआती लक्षणों को नजर. अंदाज कर देते हैं और बीमारी के एडवांस स्टेज में ही डॉक्टर के पास पहुंचते हैं। लोगों को बचाव के उपायों, लाइफ स्टाइल में बदलाव और सेल्फ एग्जामिनेशन के महत्व के बारे में जागरूक करना बेहद जरूरी है। आज रोबोटिक प्रक्रियाओं जैसी आधुनिक तकनीकों के आने से ओरल, हेड और नेक कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता मिली है। ये प्रक्रियाएं बिना किसी बड़े निशान के इलाज संभव बनाती हैं। हालांकि, सबसे महत्वपूर्ण चीज समय पर जांच और शुरुआती पहचान है, जो मरीज की जिंदगी बचाने में अहम भूमिका निभाती है। इन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत के साथ मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली ने एडवांस्ड चिकित्सा सेवाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और आधुनिक इलाज को सुलभ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। अब बिजनौर और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को अपने शहर के करीब ही अनुभवी विशेषज्ञ की सलाह और अत्याधुनिक तकनीक आधारित कैंसर उपचार सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

## एक नजर

### सड़क हादसों में चार घायल

**नगीना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगीना-हरेवली और नगीना-धामपुर मार्ग पर आज रात दो अलग-अलग दर्दनाक सड़क हादसों में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो युवकों की नाजुक हालत देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पहली दुर्घटना नगीना-हरेवली मार्ग पर ग्राम लोहारवाली के पास घटित हुई, जहां अचानक एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया और उसके कुछ ही मिनटों बाद वहां से गुजर रहे बाइक सवार जागीर सिंह (28 वर्ष) पुत्र सुखदेव सिंह, निवासी बाजपुर, थाना बाजपुर, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) की बाइक सामने से तेज रफ्तार से आ रहे चौपहिया वाहन से बचने की कश्मकश में अनियंत्रित होकर गिरे हुए पेड़ में उलझ गई। जिससे वह सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरवी 112 की टीम ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना रामलीला ग्राउंड के पास नगीना फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप के सामने सामने आई, जहां नगीना से धामपुर की तरफ एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे तीन युवक जैसे ही पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी दुकानों के सामने से अचानक एक व्यक्ति बाहर आकर सड़क पार करने लगा, जिसे बचाने के चक्कर में बाइक का संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया और वह पैदल राहगीर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस भीषण टक्कर में बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए, जिन्हें राहगीरों द्वारा तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना लाया गया, जहां डॉक्टर ने घायल की पहचान ऋषभ (19 वर्ष) पुत्र सुशील कुमार, निवासी अंबेडकर नगर व उसके साथियों मयंक कुमार (20 वर्ष) व अमित कुमार (22 वर्ष) पुत्र अनिल कुमार, निवासी आजाद कॉलोनी, थाना नगीना के रूप में की। जिसमें से ऋषभ की हालत चिंताजनक होने के कारण चिकित्सक ने उसे भी बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, जबकि अन्य घायलों का उपचार स्थानीय स्तर पर जारी है और पुलिस ने घटना की सूचना परि. जनों को दे दी है।

### बाइकों की भिडंत में दम्पति घायल

**नहटौर।** शादीपुर मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। बाइक सवार की हालत नाजुक बनी हुई। आज देर शाम चांदपुर के ग्राम खेड़की निवासी साजिद अपनी पत्नी सकीना के साथ बाइक से जा रहा था। नहटौर- शादीपुर मार्ग पर एक अन्य बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गए घायलों को एंबुलेंस के जरिए नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रैफर किया गया है। साजिद की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची है।

### पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी



**चांदपुर।** ग्राम बागड़पुर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसान, युवा, बुजुर्गों एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यपाल सिंह मुनिम ने की। संचालन डा. विपिन तोमर ने किया। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता अकरम उस्मानी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शीशपाल राठी, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र प्रधान, जितेंद्र सिंह प्रधान, वीर सिंह नेताजी, श्याम सिंह अहलावत, किसान नेता कुलदीप सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के जीवन संघर्ष, किसानों के लिए किए गए ऐतिहा. सिक कार्यों एवं उनकी नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों, गरीबों, पिछड़ों एवं शोषित वर्ग की आवाज उठाने में समर्पित कर दिया। उन्होंने देश की राजनीति में गांव, गरीब और किसान को सम्मान दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। वक्ताओं ने कहा कि आज भी चौधरी चरण सिंह की नीतियां किसानों और ग्रामीण भारत के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत हैं। उन्होंने किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने तथा गांवों के विकास को देश की उन्नति का आधार बताया था। सभा के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान नेता चौधरी अजित सिंह के किसान हितों में किए गए संघर्षों एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी द्वारा किसानों, युवाओं एवं सामाजिक सौहार्द के लिए किए जा रहे कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि जयंत चौधरी, चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं तथा किसानों और युवाओं की आवाज को देशभर में बुलंद कर रहे हैं। अशोक चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह केवल एक नेता नहीं बल्कि किसानों, मजदूरों और गरीबों की उम्मीद थे।

# पुलिस ने चौपाल में दिए सुरक्षा के मंत्र

## चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार ने जन संवाद के जरिए बढ़ाई जागरूकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** अपराध और साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के बीच झालू पुलिस ने जनजागरूकता की मुहिम को और मजबूत करते हुए क्षेत्र में जन चौपाल का आयोजन किया। चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में आम नागरिकों, व्यापारियों, युवाओं एवं सुरक्षा समिति के सदस्यों को साइबर अपराधों से बचाव और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।



जन चौपाल को संबोधित करते हुए चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराधी नए-नए हथकंडे अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। फर्जी फोन कॉल, बैंक अधिकारी बनकर की जाने वाली धोखाधड़ी, सोशल मीडिया पर फर्जी लिंक और ऑनलाइन निवेश के नाम पर होने वाली ठगी से बचने के लिए सतर्क रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते, एटीएम कार्ड, ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करने की अपील की। इस दौरान सुरक्षा समितियों के सदस्यों के साथ विशेष बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। पुलिस अधिकारियों ने समिति सदस्यों से कहा कि वे अपने मौहल्लों और बाजारों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

चौपाल में मौजूद लोगों को महिला सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर हेल्पलाइन की जानकारी तथा आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस सहायता प्राप्त करने के तरीकों से भी अवगत कराया गया। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने का संदेश दिया गया। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे इस जनसंपर्क एवं जागरूकता अभियान का उद्देश्य आमजन को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, साइबर अपराधों की रोकथाम करना तथा समाज में पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत बनाना है। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए अपराध मुक्त और सुरक्षित समाज के निर्माण में सहयोग देने का भरोसा दिलाया। झालू चौकी क्षेत्र में आयोजित यह जन चौपाल लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं सहभागिता को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुई।

# चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** भारतरत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि पर मदनी पब्लिक इंटर कॉलेज, बसी किरतपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर में मानवता सेवा की अनूठी मिसाल देखने को मिली। युवा राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय मंत्री एवं युवा इंडियन बैकवर्ड कांफ्रेंस उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शोएब के नेतृत्व में उनकी टीम ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 39 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ चौधरी शोएब ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में उत्साह और समाज सेवा का जज्बा देखने को मिला। रक्तदान शिविर चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि को समर्पित था, जिसमें युवाओं ने समाज सेवा और इंसानियत का संदेश दिया। शिविर में बड़ी संख्या में युवा, किसान, समाजसेवी एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। रक्तदान करने पहुंचे युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौधरी शोएब ने कहा कि चौधरी चरण सिंह केवल एक नेता नहीं, बल्कि किसानों, गरीबों, मजदूरों और मजलूमों की आवाज थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन सर्व समाज के हक और सम्मान की लड़ाई में समर्पित कर दिया। उनकी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर लगाकर जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने का प्रयास करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि आज समाज को केवल भाषणों की नहीं, बल्कि सेवा और इंसानियत की जरूरत है। आपका दिया हुआ रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है और किसी परिवार की उम्मीद बन सकता है। यही मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। रक्तदान शिविर के दौरान राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पटके पहनकर एकजुटता का परिचय दिया।

कार्यक्रम के अंत में चौधरी शोएब ने सभी रक्तदाताओं, डॉक्टरों, सहयोगियों और अपनी टीम का आभार व्यक्त किया। रक्तदान करने वालों में चौधरी शोएब, वसीम राजा प्रधान पति मुस्सेपुर, आसिफ सिद्दीकी, मौहम्मद फहीम, मौहम्मद कामिल, शादाब सलमानी, विकास कुमार, सलमान खान, आदिल खान, अजीम खान, शराफत अली, महबूब अली, संदीप चौधरी, आदित्य चौधरी और दीपक कुमार सहित लगभग 39 लोग शामिल रहे।

# अमला नदी पुल की अप्रोच धंसने से यातायात बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर से उत्तराखंड के कालागढ़ सहित दर्जनों गांवों को जोड़ने वाले कालागढ़-अफजलगढ़ मार्ग स्थित अमला नदी पुल की अप्रोच शुक्रवार सुबह अचानक धंस जाने से मार्ग पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। घटना के बाद प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर पुल से दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही तत्काल बंद करा दी। इससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि दोपहर बाद मरम्मत कार्य पूरा होने पर पुल को हल्के वाहनों के लिए दोबारा खोल दिया गया, जबकि भारी वाहनों के आवागमन पर फिलहाल रोक जारी है।



प्राप्त समाचार के अनुसार कालागढ़ मार्ग पर अमला नदी के पुराने पुल के समीप मार्ग चौड़ीकरण के तहत नए पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। आज सुबह निर्माण कार्य के दौरान पुल के पूर्वी छोर पर तटबंध की मिट्टी अचानक खिसकने लगी, जिससे पुल की अप्रोच धंस गई। देखते ही देखते सड़क का एक हिस्सा बैठ गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।

सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस और प्रशासन ने तत्काल पुल से वाहनों का आवागमन बंद करा दिया। यातायात बंद होने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। इस दौरान कुछ दोपहिया वाहन चालक अफजलगढ़ गर्ल्स इंटर कॉलेज के पीछे वाले रास्ते से होकर ईदगाह मार्ग की ओर निकलने लगे, लेकिन थोड़ी देर बाद वहां भी जाम की स्थिति बन गई और लोगों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ी।

सूचना मिलने पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के जूनियर इंजीनियर विनय कुमार कपिल विभागीय टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। इसके बाद जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से धंसी हुई अप्रोच की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया। कई घंटे चले मरम्मत कार्य के बाद शाम तक अप्रोच को अस्थायी रूप से दुरुस्त कर हल्के वाहनों के लिए यातायात बहाल कर दिया गया।

जेई विनय कुमार कपिल ने बताया कि नगर पालिका की पानी की पाइपलाइन पुल के समीप लीकेज हो गई थी। लगातार पानी रिसने से मिट्टी कमजोर हो गई, जिसके चलते पुल की अप्रोच धंस गई। उन्होंने बताया कि पुल पूरी तरह सुरक्षित है तथा एहतियात के तौर पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है। उन्होंने बताया कि अमला नदी पर लोक निर्माण विभाग की ओर से नया पुल निर्माणाधीन है। लगभग तीन करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से बन रहे इस पुल की लंबाई 45 मीटर तथा चौड़ाई करीब साढ़े 11 मीटर होगी। विभाग के अनुसार नया पुल दिसंबर से फरवरी माह के बीच तैयार होने की संभावना है। नया पुल बनने के बाद क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी राहत मिलेगी।

## एक नजर

### दो अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार



**नहटौर।** पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो अंतर्राज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया है। ये अभियुक्त नई दिल्ली से चोरी की गई बाइक पर हरिद्वार जा रहे थे। 28 मई को उप-निरीक्षक राकेश मोहन और उप-निरीक्षक सोनू निगम के नेतृत्व में चैकिंग अभियान चलाया। मुखबिर की सूचना पर नहटौर-नूरपुर रोड स्थित श्आकू की पुलिया के पास से दो संदिग्ध युवकों को रोका गया। तलाशी के दौरान उनके पास से बिना नंबर प्लेट की एक काले रंग की बाइक बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान गुरुवेन्द्र उर्फ रितिक पुत्र लाखन सिंह, निवासी मौहल्ला अवंतिका नगर, थाना गजरौला, जनपद अमरो. हा, और वंसी पुत्र धूम सिंह, निवासी मौहल्ला अंबेडकर नगर, थाना गजरौला, जनपद अमरोहा के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने यह बाइक 24 मई को नई दिल्ली के जामा मस्जिद क्षेत्र से चोरी की थी। वे इस चोरी की बाइक से हरिद्वार घूमने जा रहे थे। जांच में खुलासा हुआ कि इस बाइक की चोरी के संबंध में नई दिल्ली के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट स्थित जामा मस्जिद थाने में पहले से ही मुकदमा अपराध संख्या 12007/2026, धारा 305(बी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। कोतवाल रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

### बिटोड़ों में आग लगने से नुकसान



**हीमपुर दीपा।** ग्राम छोइया नंगली में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गांव के बाहर सड़क पर रखें उपले के एक बिटोड़े में आग लग गई। उधर जैसे ही ग्रामीणों की नजर इस ओर पड़ी तो उन्होंने आनन-फानन में इसे बुझाने का प्रयास किया, लेकिन देखते ही देखते हैं आग पास में रखें पांच और बिटोड़ो में फैल गई। जिसके चलते उपलों के छह बिटोड़े जलकर राख हो गए और ग्रामीणों का चंद मिनटों में ही भारी नुकसान हो गया। बताया जाता है कि ग्रामीण अभिराम सिंह के दो, कुलदीप के दो, मोनू के दो, कलवा व सोनू के एक एक बिटोड़े जलकर रख हो गए है। जिन पर बमुश्किल पानी डालकर काबू पाया गया।

### छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा दर्ज

**अफजलगढ़।** ग्राम दल्लीवाला में एक महिला से कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम दल्लीवाला निवासी जगदीश सिंह पुत्र रामनाथ सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आज सुबह करीब नौ बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव का ही पंकज पुत्र कैलाश सिंह उनके घर में घुस आया और उसकी पत्नी बबली का हाथ पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने और महिला द्वारा शोर मचाने पर आरोपी गाली-गलौच करते हुए मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

### सार्वजनिक विज्ञप्ति/PUBLIC NOTICE

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्री OM PRAKASH SINGH पुत्र S/O ADITYA NARAYAN SINGH निवासी VILL. TURATPUR POST KADRABAD DISTT BIJNOR U.P. अपने पुत्र श्री VAIBHAV KUMAR S/O OM PRAKASH SINGH के अनुचित व्यवहार एवं पारिवारिक मतभेदों के कारण आज दिनांक 29/05/2026 से उसके साथ अपने समस्त सामाजिक एवं पारिवारिक संबंध समाप्त करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेन-देन, ऋण, विवाद अथवा अन्य कार्यों के लिए मैं एवं मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होंगे।

# वर्ल्ड क्लास स्टेशन या हादसों का इंतजार?

## 8 दिन में दूसरी बार गिरा पत्थर, रेलवे स्टेशन पर निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** करोड़ों रुपए की लागत से वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किए जा रहे धामपुर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था और निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आठ दिन के भीतर दूसरी बार स्टेशन भवन से बड़ा पत्थर गिरने की घटना सामने आने के बाद यात्रियों में भय का माहौल है। लगातार हो रही घटनाओं ने रेलवे प्रशासन और निर्माण एजेंसी की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं।






प्राप्त समाचार के अनुसार बीती रात प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर यात्रियों की भारी भीड़ मौजूद थी। कई यात्री विभिन्न ट्रेनों के इंतजार में स्टेशन परिसर में खड़े थे। इसी दौरान टिकट खिड़की से बाहर निकलने वाले मुख्य द्वार के ऊपर लगा एक बड़ा पत्थर अचानक भरभराकर नीचे गिर पड़ा। पत्थर गिरते ही जोरदार आवाज हुई और स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद यात्रियों में दहशत फैल गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस स्थान पर पत्थर गिरा, वहां कुछ क्षण पहले तक यात्री खड़े थे। गनीमत रही कि हादसे के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता था। घटना के बाद कुछ देर तक यात्रियों में डर का माहौल बना रहा। यह पहली घटना नहीं है। लगभग आठ दिन पूर्व भी स्टेशन की तीसरी मंजिल से एक बड़ा पत्थर नीचे गिरा था। उस समय भी बड़ा हादसा होने से टल गया था। लगातार दूसरी बार पत्थर गिरने से अब यात्रियों और स्थानीय लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। आनन- फानन में मलबे को हटाकर पूरे क्षेत्र की सफाई कराई गई। कुछ ही मिनटों में पत्थर और टूटे हुए हिस्सों को हटाकर सामान्य स्थिति बहाल कर दी गई, लेकिन यात्रियों के मन में सुरक्षा को लेकर सवाल कायम हैं।

सूत्रों के अनुसार लगातार सामने आ रही घटनाओं के बाद रेलवे अब टाइल्स और पत्थरों को अतिरिक्त फास्नर लगाकर सुरक्षित करने का कार्य करा रहा है। पत्थरों में ड्रिल कर विशेष पिन और स्क्रू लगाए जा रहे हैं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। हालांकि लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य मानकों के अनुसार हुआ होता, तो ऐसी नौबत ही नहीं आती।

गौरतलब है कि करीब तीन वर्ष पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव धामपुर पहुंचे थे। उस दौरान उन्होंने धामपुर रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। रेलवे द्वारा यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, बेहतर भवन और सुरक्षित परिसर उपलब्ध कराने का दावा किया गया था। लेकिन लगातार सामने आ रही घटनाओं के बाद अब सोशल मीडिया पर भी लोगों की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद यदि निर्माणाधीन भवन से पत्थर गिर रहे हैं तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। लोगों ने पूरे प्रकरण की तकनीकी जांच कराकर जिम्मेदार अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल रेलवे प्रशासन मामले की जांच में जुटा हुआ है, लेकिन लगातार दूसरी घटना ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है।

## सात दिवसीय स्किल डेवलपमेंट समर कैम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे समर कैंप का आज समापन हो गया। इस सत्र में भैया-बहिनों ने बड़े हर्षोल्लास से प्रतिभाग किया।



समर कैम्प के माध्यम से भैया-बहनों में मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक एवं कौशल विकास के समापन्न दिवस में विभिन्न इवेंट्स-हिंदी व इंग्लिश डिबेट, आर्ट और क्राफ्ट, मूर्तिकला, योग अभ्यास, कंप्यूटर प्रशिक्षण, कुकिंग, डांस, मेहंदी, संगीत, वैदिक गणित स्पोर्टस आदि का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी भैया-बहनों ने इवेंट्स के अनुसार पूर्ण मनोयोग से प्रतिभाग किया। समापन सत्र में सभी भैया-बहनों ने प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहिनों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। समापन सत्र में श्रीश्री 108 महामंडलेश्वर गोपालदास महाराज, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, कवियत्री एवं समाज सेविका उर्वशी कर्णवाल, ममता वैश्य, हरिराज, महेश चंद त्यागी, रचना त्यागी, तनु भाटिया, निधि अग्रवाल, आशू गोयल, शुभम सैनी, रत्लेश मिश्रा, विकल्प तोमर, कुमारी तनुजा, मूर्ति तोमर आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर श्रीश्री 108 महामंडलेश्वर गोपाल दास महाराज ने बताया कि मैं विद्या मंदिर से 40 वर्षों से जुड़ा हुआ हूं जो विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण का कार्य करते हैं। पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहने के लिए विद्या मंदिरों में शिक्षा ग्रहण करने की प्रेरणा दी। पूर्व विधायक कमलेश सैनी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि समर कैंप विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग, प्रबंधन, स्वच्छता, सहनशीलता व आत्मनिर्भर बनाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने सभी अतिथि बंधुओं का आभार व्यक्त किया। छायांकन वैशाली व दिव्या ने किया। संचालन पारूल त्यागी ने किया।

## तेज हवाएं चलने से विद्युतापूर्ति बाधित

**नजीबाबाद।** बीती रात तेज हवा चलने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। साथ ही ओवरलोड के चलते ट्रिपिंग की समस्या के कारण सारी रात बिजली की आंख मिचौनी जारी रही। ईदुल अजहा के मौके पर बिजली आपूर्ति काफी हद तक अधिकांश क्षेत्रों में सही तरह से चलती रही। मगर ओवरलोड बढ़ने के कारण ट्रिपिंग की समस्या पैदा हो गई। रात में तेज हवा चलने व आंधी आने से कुछ पेड़ बिजली की लाइनों पर टूट कर गिरने से लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई। बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त होने के बाद रात में ही बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर कई क्षेत्रों की लाइनें सही कर बिजली आपूर्ति चालू करा दी। मगर इसके बाद सारी रात बिजली के आने व जाने का सिलसिला चलता रहा। भीषण गर्मी के चलते सारी रात लोग पसीना-पसीना रहे।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शीला टॉकीज तिराहे के निकट निवासी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उ.प्र. के उपाध्यक्ष प्रो. राजेश सिंह चौहान ने बताया कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप सिंह तंवर के निर्देशानुसार महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 31 मई को सुबह 11 बजे प्रीमियर होटल लोटस, कानपुर में आयोजित की जाएगी। बैठक में महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री गुलाब सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री डा. डीएस सिंह, उ.प्र.अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राठौर सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य लोग भाग लेंगे।



बैठक में भारत के विकास में क्षत्रिय समाज के ऐतिहासिक एवं वर्तमान योगदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही वर्तमान समय में क्षत्रिय समाज की दशा एवं दिशा, सामाजिक संगठन की मजबूती तथा समाज के निचले एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़कर आगे बढ़ाने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

प्रो. राजेश सिंह चौहान ने बताया कि बैठक में समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर मंथन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने की रणनीति पर भी चर्चा की जाएगी।

### एक नजर

## भीषण गर्मी में शीतल पेय वितरित



**धामपुर।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में स्काउट गाइड शिविर की छात्राओं ने भीषण गर्मी में राहत देने के लिए शीतल पेय का वितरण किया। जिसका उद्घाटन विद्यालय के संरक्षक राकेश चंद्र अग्रवाल, प्रबंध समिति से सरिता गोयल, रश्मि गोयल एवं प्रधानाचार्या आभावती द्वारा फीता काटकर किया गया। स्काउट गाइड प्रभारी मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। यह मानकर स्काउट गाइड की छात्राओं ने इस भीषण गर्मी में आने-जाने वाले राहगीरों को राहत देने के लिए शरबत का वितरण किया। राहगीरों एवं आने-जाने वालों ने भी पीकर सबका आभार प्रकट किया। शिक्षिकाओं में अनीता भटनागर, रेनू चौहान, सरिता शर्मा, पारुल, पूर्णिमा शर्मा, अलका एवं शामिल रहा। स्काउट गाइड की छात्राओं में वर्णिका, प्रियांशी, जिया सैनी, कृतिका, जूही, भूमिका राजपूत, निशि, प्रगति, पल्लवी, वंशिका, काव्य परी सैनी, मनसा आदि शामिल रही।

## चलती कार बनी आग का गोला

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर सैद उर्फ भुड्डी निवासी नबील अहमद पुत्र रईस अहमद बीती शाम किसी कार्य से कार द्वारा दहीरपुर से सैदपुरी जा रहा था, जैसे ही वह नयागांव बाइपास मार्ग पर पहुंचा, तो कार में आग लग गई। कार स्वामी ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। देखते-ही-देखते कार आग का गोला बन गई। जिससे कार पूरी तरह जल गई। सूचना पर मंडावली थाना प्रभारी राकेश कुमार ने पहुंचकर कार स्वामी नबील अहमद से घटना के बारे में जानकारी ली। कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन जब तक कार जल चुकी थी। कार स्वामी नबील अहमद ने बताया कि उसने उक्त कार लगभग छह महीने पहले ही खरीदी थी। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि कार में आग शॉट शर्किट के कारण लगी है, कार पूरी तरह जल गई है कोई जनहानि नहीं हुई है।

## मात्र दस घंटे आ रही बिजली

**नजीबाबाद।** किसानों के खेतों में खड़ी फसल सूखने के कगार पर है। किसानों संजीव कुमार, राजेंद्र सिंह, ओंकार सिंह, लोकेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह, नरेन्द्र सिंह, जयप्रकाश आदि ने बताया कि इन तीनों गांवों में नलकूपों के अलावा कोई सिंचाई का साधन नहीं है। इन तीनों गांवों में नहर के रजवाहे भी नहीं है, सिर्फ भागूवाला विद्युत सप्लाई पर निर्भर है। गर्म हवा व तेज धूप के चलते खेतों में खड़ी गन्ना, चारा, मक्का व मूंग की फसलों की सिंचाई की आवश्यकता है। किसान रात दिन मेहनत करके अपने खेतों में फसल उगाते है। वाटर लेवल कम होने के कारण नलकूप आधा ही पानी दे पा रहे हैं। किसानों ने बताया तेज हवा के कारण विद्युत सप्लाई बंद हो जाती है। भागूवाला बिजलीघर के जेई नितिन कुमार का कहना है कि रोस्टर के अनुसार किसानों ने नलकूपों को प्रतिदिन दस घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

## डेटा एनालिटिक्स प्रोजेक्ट के तहत कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सीएचसी में डेटा एनालिटिक्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय कैस्केड प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने की। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, एएनएम और सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान जेएसआई के जिला कॉर्डिनेटर अमित कुमार ने स्वास्थ्य कर्मियों को डेटा प्रबंधन, विश्लेषण और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से टीकाकरण संबंधी सूचनाओं के बेहतर उपयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्री एवं पोस्ट टेस्ट भी ऑनलाइन आयोजित किए गए। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



### प्री एवं पोस्ट टेस्ट भी ऑनलाइन आयोजित

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. केपी सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न डिजिटल माध्यमों से बड़ी मात्रा में डेटा प्राप्त होता है। जिसका प्रभावी उपयोग स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। जिससे निर्णयकर्ताओं को समयबद्ध और उपयोगी जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि परियोजना का उद्देश्य वंचित और जीरो डोज बच्चों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। इसके माध्यम से साक्ष्य आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देकर टीकाकरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। कार्यशाला में हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, एआरओ आलोक कुमार, डीईजी राशि, हेल्थ इंस्पेक्टर राजेश कुमार, हरिओम, लोकेश कुमार, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर मौहम्मद मुस्तकीम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## अकीदत के साथ मनाया ईद उल अजहा का पर्व

### मुल्क में अमन चैन की दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में ईद उल अजहा का पर्व पूरे धार्मिक उत्साह और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। ईदगाह समेत विभिन्न मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी और मुल्क में तरक्की व अमन-चैन की दुआ मांगी।



मुख्य नमाज ईदगाह में शहर इमाम मौलाना मौहम्मद कामिल काशमी की इमामत में अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उलेमाओं ने अपने बयान में कुर्बानी की अहमियत बताते हुए साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के दौरान स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाए तथा अवशेषों का उचित तरीके से निस्तारण किया जाए, ताकि नगर का वातावरण स्वच्छ बना रहे। साथ ही समाज में सच्चाई इंसानियत और भाईचारे को मजबूत करने की अपील भी की गई। ईदगाह परिसर में नगर पालिका परिषद की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। नगर पालि. का चेयरमैन शेख फैसल वारसी एवं ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने ईदगाह पहुंचकर लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश देता है तथा नगर पालिका की ओर से साफ-सफाई और पेयजल सहित सभी व्यवस्थाएं बेहतर रखने का प्रयास किया गया। इस दौरान नगर पालिका के प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार मौहम्मद शान सहित अन्य कर्मचारी भी व्यवस्थाओं में जुटे रहे और लोगों को शुभकामनाएं देते दिखाई दिए। ईदगाह कमेटी कार्यालय में भी लोगों का तांता लगा रहा। जहां समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। इस दौरान पर मौलाना इम्तियाज अहमद, पूर्व सीओ इकबालुज्जमा, डा. तारिक रजा, डा. जानिब हाशमी, इलियास चौधरी, गौहर चौधरी, महफूज एड., हाजी अनवर जमाल, डा. नफीस अहमद, सुहैल जफर, डा. तफज्जुल अहमद, अरशद जमाल, अहसान जमील, नसीम कुरैशी, हाजी जमील अहमद, अनूशा फात्मा, जफिया रहमान, शाहनवाज अहमद, अहसन एड., शमशाद एड., हाजी जमील अहमद, फरहाज खान, असद अंसारी, अब्दुल रहमान, उमर फारुक आदि मौजूद रहे। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह के नेतृत्व में एसएसआई सुरजीत सिंह, एसआई अरुण कुमार, ब्रजपाल सिंह, प्रदीप कुमार, पुष्पेंद्र कुमार सहित पुलिस बल ईदगाह और प्रमुख स्थानों पर तैनात रहा। पुलिस अधिकारियों ने लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिससे लोगों ने सुरक्षित माहौल में त्योहार मनाया गया।

### एक नजर

## बाइक सवार पर चाकू से हमला

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम छाछरी टीप निवासी दो पक्षों में कहासुनी और गाली-गलौच हो रही थी। विरोध करने पर भी जब शफीक और उसके लड़के नहीं माने, तो दूसरे पक्ष के मुकीम के माता-पिता ने थाने का रुख किया। पीड़ित ने बताया कि उसके मां-बाप थाने में तहरीर देने के लिए घर से निकले थे कि कुछ देर बाद वह भी उन्हें समझने के लिए घर से निकल गया, लेकिन जैसे ही पीड़ित मुकीम ग्राम हीमपुर दीपा पहुंचा, तो आम के बाग के पास पहले से ही मौजूद शफीक और उसके दो लड़कों ने मुकीम पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसके बाद अपनी बाइक मौके पर ही छोड़ किसी तरह जान बचाकर भागा। मुकीम थाने पहुंचा और पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर करवाई की मांग की।



## स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर



**बिजनौर।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी कॉलेज परिसर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें डा.लाल पैथ लैब व अवध आई हॉस्पिटल का सहयोग रहा। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शिविर में डा. लाल पैथ लैब की टीम द्वारा विभिन्न प्रकार की पैथोलॉजिकल जांचों पर विशेष छूट प्रदान करते हुए स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। वहीं अवध आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया गया तथा आंखों की देखभाल एवं बचाव संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। जांच शिविर में कॉलेज के विद्यार्थियों, शिक्षकगणों, कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। जांच के दौरान प्रतिभागियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। कॉलेज प्रशासन से मैनेजिंग डायरेक्टर सन्नी देशवाल, फार्मेसी कॉलेज के निदेशक प्रो.हितेश कुमार, इंजी. नियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो.नितिन अग्रवाल ने डा. लाल पैथ लैब एवं अवध आई हॉस्पिटल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## चौधरी चरण सिंह को दी श्रद्धांजलि

**नजीबाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों, मजदूरों व गरीब वर्ग की आवाज को संसद तक पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने जमींदारी प्रथा के खिलाफ संघर्ष कर किसानों को सम्मान के साथ जीन का अधिकार दिलाया। केवल एक नेता नहीं, बल्कि किसानों के आत्मसम्मान के प्रतीक थे वह सत्ता के आगे न झुके न बिके, उन्होंने किसानों को अधिकार दिलाने में पूरी उम्र लगा दी। शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि आज भी देश का किसान उनके विचारों से प्रेरणा लेता है व उनका जीवन संघर्ष समाज के लिए मार्गदर्शक है। कार्यक्रम में वकील अहमद, प्रदीप चौधरी, डॉ. देवेंद्र विश्वास, अनूप, उपासना, नफीस, फैयाजुद्दीन, व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष आरिफ, सरदार रक्षपाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने चौधरी चरण सिंह के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## एकादशी पर्व पर ठंडे शर्बत का वितरण

**नजीबाबाद।** रायपुर मार्ग स्थित वरिष्ठ नेता अजय माहेश्वरी के प्रतिष्ठान पर एकादशी के पावन पर्व व ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी पर राहगीरों को रात देने के लिए लगाए गए शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने शर्बत पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस मौके पर प्रतिष्ठान के सामने से गुजरने वाले हर राहगीर, रिक्शा चालक, राह चलते श्रद्धालुओं को रोककर पूरे आदर के साथ ठंडा शर्बत पिलाया गया। शर्बत वितरण कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वरिष्ठ भाजपा नेता अजय माहेश्वरी ने कहा कि सनातन धर्म में एकादशी के पावन अवसर पर जल व शर्बत पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य माना गया है। इस अवसर पर संगीता माहेश्वरी, दिव्य कृष्ण माहेश्वरी, अर्पिता माहेश्वरी, डीपी सिंह, प्रीतम, राहुल, अनिल कुमार, जॉनी, तारे सिंह, वीरेंद्र कुमार, रामअवतार आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन ने ठंडा जल बांटा

**नजीबाबाद।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत कंपनी के वरिष्ठ महाप्रबंधक विजेन्द्र कौशिक के निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी में लोगों को राहत दिलाना था। जल जीवन मिशन के तहत राहगीरों व श्रमिकों को ठंडा जल वितरित किया गया। विंध्या टेलीलिंक द्वारा जनहित व सामाजिक सरोकारों की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए भीषण गर्मी के बीच राहगीरों, मजदूरों व श्रमिकों के लिए ठंडा जल वितरण किया गया। वरिष्ठ महाप्रबंधक विजेंद्र कौशिक ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। वरिष्ठ महाप्रबंधक संजय हांडू ने कहा कि भीषण गर्मी आज एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। कार्यक्रम में प्रबंधक कौशक सिंह, दीपक डौंडियाल, अजय सिंह, सुनील कुमार, कृष्णानंद नैनवाल, अजय सिंह, करन यादव, संजय कुमार, शिवम कुमार, महेश कुमार, गुलसेफ, नरपाल सिंह, नीरज कुमार सहित साइट इंजीनियरिंग टीम के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिल कर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## प्रतिभा को तराशते हैं शिक्षक : मठपाल

**नजीबाबाद।** वालिया ग्लोबल एकेडमी में सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षा की दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि रमा जैन कॉलेज के डायरेक्टर केसी मठपाल व विद्यालय के प्रबंधक कमलकांत वालिया व मैनेजर रमाकांत वालिया के द्वारा सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि व विद्यालय के प्रबंधक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के टॉपर तल्हा जफर, सक्षम शमी, याशिका राजपूत, तन्मय कुमार, प्रबल सिसौदिया, गौरवी बजाज, अक्षत तोमर आदि को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका राशि शुक्ला के साथ छात्रा असना रहमान व आयशा ने किया।

# शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मना ईदे अजहा का पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** त्साग और प्रेम का पर्व ईदे अजहा पूरे जनपद मे हर्षर्ल्लास, साम्पन्रदायिक सदभाव और शांति पूर्ण तरीके से मनाया गया। जिले भर कीर छोटी बड़ी मस्जिदों के अलावा ईदेगाह पर हज़ारों लोगो ने देश दुनिया में तरक्की और साम्प्रदायिक सौहार्द की दुआओं को हाथ उठे।

### ० देश दुनिया में तरक्की और खुशहाली की मांगी दुआ

कुर्बानी (त्याग) का पर्व ईदे अजहा शांति पूर्वक व भाईचारे और सदभाव के साि मनाये जाने की तैयारियां कई दिनों से की गई थीं। ईदे अजहा के पर्व पर सुह से ही लोगों ने जिले भर की मस्जिदों में नमाज अदा करने को भोर से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। याहर एवं ग्रामीण अंचलों की मस्जिदों में अलग-अलग समय में ईदे अजहा की नमाज अदा की गइ। जबकि प्राचीन ईदगाह में इमामे ईदगाह हाजी मौलाना ज़हीरूल इस्लाम ने नमाज से पूर्व नमाजियों को खिताब किया। उन्होने कुर्बानी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और लोगों से परम्परागत कुर्बानी का पर्व ईदेअजहा साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने और कोई भी ऐंसा कार्य नहीं करने पर ज़ार दिया जिससे किसी को भी कोई तकलीफ हो। ईद की नमाज अदा कराकर ईमामे ईदगाह ने साम्प्रदायिक सौहार्द और भाईचारे तथा देश दुनिया में अमन व तरक्की की दुआ करायी। हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में अजहा का पर्व शान्तिपूर्ण माहौल में मनाया गया। नमाज अदा कर खुदा की बारगाह में देश भर में खुशहाली व अमन की दुआ की। इसके बाद एक दूसरे के गले लिमकर मुबारकाबद दी। थाना प्रभारी संजय कुमार व चौकी प्रभारी मौ. फिरोज खान हमरायिों सहित मस्जिदों व ईदगाहों के आसपास भ्रमण कर नजर रखे हुए थे। कस्बे की सभी मस्जिदों, ईदगाहों में नमाज सुरक्षा व अमन के माहौल में अदा की गई। उधर थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में नमाज शान्ति पूर्पक अदा की गई। लोगो ने अपनी परम्रा के अनुसार नमाज अदा कर पुलिस का सहयोग किया।



सम्भल। शहजादी सराय स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

# ग्राम प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पंवासा ब्लॉक पंवासा की ग्राम पंचायत सारंगपुर में पंचायत कार्यों में बड़े स्तर पर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आने पर डीएम ने इसे गम्भीरता से लिया। जांच में गबन की पुष्टि होने पर जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए।

डीएम के अनुसार, शिकायत मिलने के बाद डीपीआरओ और एई आरईडी से मामले की जांच कराई गई थी। जांच आख्या में कई गंभीर गड़बड़ियां सामने आने पर ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब मांगा गया था। हालांकि, 11 मई को दिया गया जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। जांच के दौरान राम वर्क आईडी से जुड़े कार्यों का स्थलीय परीक्षण भी कराया गया।

### ०डीएम के निर्देश पर कार्रवाई

इसमें वित्तीय, प्रशासनिक और तकनीकी स्वीख्रतियों से जुड़े दस्तावेज, टेंडर, कुटेशन, बिल-वाउचर समेत अन्य जरूरी अभिलेख उपलब्धा नहीं कराए गए। वहीं सरकारी कार्यों के सापेक्ष 36 लाख 6 हजार 702 रुपये के भुगतान में प्रथम ख्रष्टया वित्तीय अनियमितता सामने आई। प्रशासनिक जांच में ग्राम प्रधान रामवती और तत्कालीन सचिव को दोषी पाया गया है। साथ ही यह भी सामने आया कि निर्वाचित होने के बाद से ही मानकों के विपरीत कार्य करते हुए शक्तियों का दुरुपयोग किया गया। मामले को गंभीर मानते हुए डीएम ने ग्राम प्रधान के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज करने की कार्रवाई की है। पूरे प्रकरण की अंतिम जांच के लिए डीडीएजी और एक्सईएन पीडब्ल्यूडी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद जनपद की अन्य पंचायतों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण साफ सपाई के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी ने ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दोरान वेयर हाउस की व्यवस्थाओं की जानकारी दी और कक्षों को चैक किया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा सम्भल के शहजादी सराय स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाऊस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाऊस की साफ-सफाई एवं अग्निशामक यंत्रों, सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि सभी व्यवस्थाओं को चेक किया। जिलाधिकारी ने कक्षों को चेक किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल एवं तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डा. मणिभूषण तिवारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**देर सांय बारिश व ओलों की बरसात ने मौसम को बनाया नर्म, घरों में महिलाएं ओर बच्चों को मिला चैन**

# बारिश और ओलों ने प्रदान की बड़ी राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** करीब एक माह से गर्मी का दंश झेल रहे जनमानस को मामूली राहत मिली। गुरूवार की देर सांय छाए बादल और ठंडी हवाओं के साथ बारिश एवं ओों बड़ा राहत प्रदान की। जबकि शनिवार की दोपहर मौसम भी मामूली नरम रहा।

लगभग एक माह से लोग गर्मी का दंश झेल रहे हैं। शरीर को झुलसा रही गर्मी से कहीं भी कोई राहत नहीं मिल पा रही है। घरों में लगे ए सी भी जवाब देने लगे। गुरूवार को गर्मी ने सभी पुराने रिकार्डों को ध्वस्त कर दिया। था। घरों के अंदर रह रही महिलाएं और छोटे बच्चे गमी से बुरी तरह बिलबिला गए,लेकिन देर सांय

### एक माह से गर्मी ने कर रखा है बुरा हाल

मौसम ने अचानक करवट बदली। दूर कहीं आसमान में काली घटा छाने के साथ ठंडी हवाएं चलना शुरू हो गई। जबकि बारिश के साथ ओले पड़ने से मौसम ने करवट बदलनी शुरू कर दी। बारिश होते ही मौसम में काफी परिवर्तन आने लगा,जबकि ठंडी हवाएं चलते ही लोगों को काफी बड़ी राहत महसूस हाने लगी। सुबह दिन निकलने के साथ हालांकि गर्मी का सितम जारी रहा, लेकिन कभी बादल तो कभी सूरज निकलने और हवाएं चलते रहने से तापमान में काफी गिरावट महसूस हुई।

# आजाद समाज पार्टी का थामा दामन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**



सम्भल- आजाद समाज पार्टी में फिरोज खां को शामिल करते चन्द्रशेखर आजाद।

**सम्भल।** आजाद समाज पार्टी का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। विभिन्न राजनैतिक दलों से जुड़े लोगो ने आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी का दामन थाम लिया। पार्टी में गए लोगो ने असमोली विधायक से हमसाज होकर बहुजन समाज पार्टी के मंडल व जिला स्तर के पदाधिकारियों के द्वारा निरंतर दोहन व उत्पीड़न से तंग आकर दु:खी मन से बहुजन समाज पार्टी को छोड़ दिया। आजाद समाज पार्टी में शामिल हुए मऊ भूड़ निवासी फिरोज खान हिन्दुस्तानी ने आजाद समाज पार्टी में शामिल होकर कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री आदरणीया बहन कुमारी मायावती द्वारा विकास क्षेत्र असमोली के अंतर्गत ग्राम असगरीपुर में एक शिक्षा का मन्दिर राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज का निर्माण कराया था। दुर्भाग्यवश वर्ष 2012 में उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद समाजवादी पार्टी की सरकार सत्ता पर काबिज हुई 32-असमोली से समाजवादी पार्टी की विधायक पिंकी यादव निर्वाचित हुई विधायक पिंकी यादव पर वर्ष 2012 से 2017 तक राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में शैक्षणिक कार्य शुरू नहीं होनें देने का आरोप लगाया। उन्होने मतदाताओं के द्वारा जाति धर्म से दलगत राजनीति ऊपर उठकर मुझसे प्रेम स्नेह से घबराकर/विचलित होकर समाजवादी पार्टी से विधायक पिंकी यादव नें बहुजन समाज पार्टी के जिला व मंडल स्तर के पदाधिकारियों को मैनेज कर लिया। पदाधिकारियों के द्वारा बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा, जिला व मंडल स्तर होनें वाली पार्टी की मीटिंगों कैडर कैम्पों कार्यक्रमों की मुझे कोई सूचना ना देकर मुझे मीटिंगों से निरंतर वँचित किया जाता रहा है। उनका आरोप है कि असमोली विधानसभा का टिकट पूर्व से ही बहुजन समाज पार्टी के मंडल व जिला स्तर के पदाधिकारियों के द्वारा समाजवादी पार्टी की विधायक से मोटी रकम लेकर 32-असमोली से बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया जाता है। बहुजन समाज पार्टी का कोई भी समर्पित, आस्थावान व निष्ठावान जमीनी कार्यकर्त्ता अपने राजनीतिक जीवन में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर या समर्थन से ना तो कोई चुनाव लड़ सकता है और नाहि अपनी आदर्श नेता बहन कुमारी मायावती जी से जीवन में कभी मिल सकता है। इसलिए आपसी सदभाव भाईचारे, संवैधानिक एंव लोकतान्त्रिक मूल्यों रक्षा एंव सुरक्षा के लिए ऊर्जावान नेता चंद्रशेखर आजाद के संघर्ष को दृष्टिगत रखते हुए आजाद समाज पार्टी काँशीराम की नीतियों से जुड़ना जनहित एंव राष्ट्रहित होगा।

## मोबाइल पर सायरन के साथ बजा रेड अर्लट, दहशत में लोग

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर गुन्नौर रात में कई मोबाइल एक साथ चीख उठे। तेज सायरन वाली आवाज सुनकर लोग सहम गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इमरजेंसी अलर्ट भेजकर अगले कुछ घंटों में भीषण आंधी-बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी दी। क्या था अलर्ट में- खतरा-60 से 90 किमी/घंटा की रफ्तार से आंधी, बिजली गिरने, भारी बारिश और ओले गिरने की संभावना। सोर्स- आईएमडी और आपदा प्रबंध न विभाग ने अलर्ट भेजा।बाजार में खरीदारी कर रहे एके शर्मा बोले, अचानक फोन इतनी तेज बजा कि लगा कोई बम फट गया। किशनपाल के घर में सभी मोबाइल एक साथ बजने से बच्चे सहम गये। क्यों आया अलर्ट- ये वायरलेस इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम है। रेड अलर्ट जैसी गंभीर स्थिति में मोबाइल टावर से पूरे इलाके में ऑटोमैटिक मैसेज भेजा जाता है ताकि जान-माल का नुकसान बच सके।

# हद तोड़ती जा रही है बिजली की आंख मिचौनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अघोषित विद्युत कटौती से जन-जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। भीषण गर्मी के साथ विद्युतापूर्ति बुंरी तरह लड़खड़ा रही है। बढ़ते तापमान और आसमान से बरस रही आग में लोगो का बुरा हाल है,लेकिन विद्युत विभाग जानकर अंजान बना हुआ है।

भयंकर गर्मी में बिजली आपूर्ति ने भी अपनी ऑखे तरेर ली हैं। बढ़ती गर्मी की शिददत के साथ बिजली आपूर्ति ने जो रंग दिखाना शुरू किया वह बराबर जारी है। बढ़ते तापमान के चलते बिजली की आंख मिचौनी अपनी सारी हदों को पार करती जा रही है। दिन हो या रात किस समय बिजली चली जाये कोई भरोसा नही रहता। बिजली न मिलने से क्षेत्र का कारोबार भी बुरी तरह से प्रभावित है,वहीं आम जन मानस का बुरा हाल

### ०दिन हो या रात बिजली की ट्रिपिंग लगातार जारी
### ०काफी देर तक बिजली का गायब रहना हुआ आम बात

है,जबकि सरकार के आदेशों की धज्जियां भी उड़ायी जा रही हैं। हद तो यह होती जा रही है कि रोस्टिंग के समय से अलग हटकर भी बिजली आपूर्ति गायब रहती है। जिससे पैयजलापूर्ति में लोगों को काफी परेशानियों का सामाना करना पड़ रहा है, साथ ही ऊचें स्थानों वाले मौहल्ले में रहने वाले लोगों तो बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ जाता है। बहरहाल बिजली की बढ़ती किल्लत और आसमान से बरस रही आग तथा बढ़ते तापमान से लोगों के अंदर ही अंदर गुस्स पनप रहा है। जबकि विपक्ष में बिजली को लेकर हंगामा करने वाले नेताओ ने भी चुप्पी साध रखी है।

## एक नज़र इधर भी



बबराला- उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते कांगेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं का महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने बढ़ती महंगाई और नीट परिक्षा लीक को लेकर गुन्नौर बिजली घर से लेकर गुन्नौर तहसील चौक तक बैलगाड़ी से जाकर विरोध प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी गुन्नौर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा इस मौके पर युवा कांग्रेस संभल जिला अध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन ने कहा पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने से परिवहन लागत बढ़ जाती है, जिसका सीधा असर खाद्य सामग्री, सब्जियों, दवाइयों, शिक्षा एवं रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं पर पड़ता है। आज हर वर्ग महंगाई की मार झेलने को मजबूर है। किसान की खेती महंगी हो गई है, नौजवान बेरोजगारी और महंगाई के दोहरे संकट से जूझ रहा है तथा आम नागरिक का घर चलाना कठिन हो गया है। और लगातार देश के अंदर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा हे आय दिन परीक्षा लीक हो रही हे पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा हमारा प्रदर्शन जनता और देश हित में है और हम लोग महंगाई के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे इस मौके पर दुष्यंत कुमार सिंह, मुनेश जोशी, मनवीर सिंह, उवैस अब्बासी, शानू, पूरण यादव आदि युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## देश की प्रगति के स्वर्णिम 12 साल पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा सरकार के स्रूलतम 12 वर्ष पूर्ण हुए हैं। इस 12 वर्षो के यशस्वी कार्यकाल में देश के जन-जन का कल्याण सुनिश्चित हुआ है।भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता और महिला हर वर्ग का विश्वास जीता है। इस दौरान न केवल देश में आंतरिक सुधार हुए बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की प्रबल पहचान बनी है। भारत की कीर्ति पताका चहुंदिश गौरव के साथ फहरा रही है। सभासद मीना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्सी जी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में उज्ज्वला हो या पीएम आवास, आयुष्मान भारत हो या भारतीय जनऔषधि या फिर पीएम किसान सम्मान निधि, इन सभी योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं। पूर्व जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय एक ओर देश अपने नागरिकों का विकास सुनिश्चित कर रहा है तो दूसरी ओर अपनी सेना को भी सशक्त कर रहा है। अंतरिक्षीय कीर्तिमान तक हर ओर परचम लहरा रहा है। यह सब केवल प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रनिष्ठ दृढ़ संकल्प से संभव हुआ है।इस दौरान सभासद अंजू वार्ष्णेय, हर्षित वार्ष्णेय, विनोद कुमार, इंदीवर सिंह आदि रहे।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र विजेन्द्र सिंह व पुत्रवधु मोनिका का चाल-चलन अच्छा नहीं है। घर में गाली-गलौंच व झगड़ा करते रहते है। जबकि मेरा पुत्र विजेन्द्र सिंह शराब का सेवन करता है और जुआ भी खेलता है। इसलिए मैने व पूरे परिवार ने विजेन्द्र सिंह व मोनिका से अपने सभी सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब विजेन्द्र सिंह व मोनिका अपने अच्छे व बुरे के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**कृपाल सिंह पुत्र श्रीराम चरन सिंह**
नि. ग्राम एचौड़ा कम्बोह तहसील व जनपद सम्भल।

# सचेत एप के माध्यम से आंधी तूफान का फिर रेड अलर्ट जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मौसम विज्ञान विभाग व सचेत ऐप द्वारा जारी आगामी 24 घंटे मौसम पूर्वानुमान में जनपद के लिए रेड अलर्ट घोषित किया गया है जिसमें क्षेत्र में मेघगर्जन /आकाशीय बिजली/अचानक तेज हवा (30-40) केएमपीएच झोंके के साथ 50 केएमपीएच के साथ हल्की वर्षा की सम्भावना है। एवं 29 मई एवं 30 मई के लिए मौसम विभाग द्वारा जनपद सम्भल के लिए आंधी/तडित झंझावत तथा ओलावृष्टि की सम्भावना जताई गयी है। जिसमे हवा की गति 80 से 100 किमी प्रति घंटा होने की सम्भावना है। जिसके दृष्टिगत, जनपद सम्भल के सभी नागरिकों से सुरक्षा के मानकों का पूर्णत:

### ०डीएम ने जारी की अपील चेतावनी का पालन करने पर ज़ोर

पालन करने की अपील की गयी है। आंधी-तूफान के दौरान घरों के अंदर रहें। बड़े होर्डिंग्स, साइनबोर्ड, कमजोर दीवारों और पुराने पेड़ों के नीचे आश्रय न लें। मेघगर्जन एवं वज्रपात के समय इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग बंद कर दें। खुले मैदान, तालाबों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें। ओलावृष्टि के दौरान अपने सिर को सुरक्षित ढकें तथा मवेशियों/पालतू जानवरों को पक्के शेड के नीचे बांधें। जलभराव वाले रास्तों और गिरे हुए बिजली के तारों/खंभों से पर्याप्त दूरी बनाए रखें।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के भकरौली गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में सिरौरा काजी गांव निवासी गौरीशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। यह घटना उस समय हुई जब गौरीशंकर अपने गांव लौट रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि गौरीशंकर को गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों को सूचना मिलने पर वे भी घटनास्थल पर पहुंचे। घायल गौरीशंकर को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर भेज दिया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस इस मामले की जानकारी जुटा रही है और फरार चालक की तलाश कर रही है।

# नशा, शरीर, बुद्धि और धन का करता है नाश

### ०एमजीएम पीजी कॉलेज में नशे के विरूद्व दिलायी शपथ

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**




सम्भल- नशे के विरूद्व छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाते प्रो. डा. फहीम अहमद।

**सम्भल।** एमजीएम कालेज में एक युद्व नशे के विरुद्व कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को नशे के विरुद्व शपथ दिलाई गई। शपथ हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रो. डा. फहीम अहमद ने दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा मनुष्य के शरीर, बुद्विे, स्वास्थ्य, धन, परिवार, सम्मान और भविष्य का नाश करता है। यह व्यक्ति को गलत रास्ते पर ले जाकर समाज और जीवन दोनों को प्रभावित करता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डा. योगेंद्र सिंह ने कहा कि नशा स्वास्थ्य, परिवार और समाज के लिए अत्यंत हानिकारक है। इससे शरीर कमजोर होता है, दिमाग की कार्यक्षमता घटती है और कई गंभीर बीमारियाँ हो सकती हैं। नशा करने वाला व्यक्ति आर्थिक रूप से भी कमजोर हो जाता है और परिवार में तनाव बढ़ता है। इससे रिश्ते टूटते हैं, अपराध की प्रवृत्ति बढ़ती है और भविष्य अंधकारमय हो जाता है। इसलिए नशे से दूर रहना ही समझदारी है।कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र छात्राओं और कर्मचारीगण ने शपथ ली।


# चौधरी चरण सिंह के पद चिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 39 वीं पुण्य तिथि पर रालोद कार्यकर्ताओं और किसान संगठनों ने याद कर श्रृद्वा सुमंन अर्पित किये।जबकि उनके पद चिन्हों पर चलने का भी संकल्प लिया गया।

हल्लू सराय स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में आयोजित कार्यक्रम में भारत रत्न किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह जी की 39 वीं पुण्यतिथि पर रालोद कार्यकर्ताओं ने हवन यज्ञ ककिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में युवा राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुज चौधरी एड. ने कहा कि किसानों के भगवान भारतरत्न चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसान, मजदूर और गरीब वर्ग की आवाज को मजबूती देने का कार्य किया। उनके विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। जिला अध्यक्ष कैसर अब्बास ने उनके राजनीतिक और सामाजिक योगदान को देश के लिए अमूल्य बताया। युवा जिलाध्यक्ष विमल चौधरी ने कहा कि चौधरी साहब का जीवन संघर्ष, सादगी और किसानों के अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष अजयवीर सिंह ने कहा कि चौधरी साहब ने गांव, गरीब और किसान की आवाज को देश की राजनीति में मजबूत पहचान दिलाई। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष प्रहलाद चाहल ने उनके कार्यों एवं किसान हित में किए गए ऐतिहासिक निर्णयों पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ नरेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह, देवेंद्र सिंह टिंकू, बॉबी चौधरी, अजित सिंह कुनाल कुमार मनु शास्त्री जी आदि बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने चौधरी साहब के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।भाकियू असली द्वारा किसान नेता, भारत रत्न व पूर्व प्रधानमन्त्री चौारी चरणसिंह की 39 वी पुण्यतिथि हल्लु सराय में चौधरी चरणसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके मनायी। कार्यक्रम में भाकियू असली के पदाधिकारियों ने चौधरी सहाब की नीतियों पर चलते हुए किसानो की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा की वर्तमान सरकार किसानो को खत्म करना चाहती चौधरी चरणसिंह कहा करते थे की देश की खुसहाली का रास्ता खेत खलिहान व गांव से होकर गुजरता है जबकि वर्तमान सरकार की नीति है चन्द पूंजीपतियों की खुशहाली को ही देश की खुशहाली मान लिया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जयवीर यादव, राजपाल यादव, मोनु चौधरी, नबाब सिंह प्रधान, किसनपाल यादव, ब्रह्मचारी यादव, रामवीर यादव, अखिलेश यादव, टिंकु व कालीचरण सिंह शामिल रहे।ग्राम चमरौआ में पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी की पुण्यतिथि पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया। साथ ही शरबत वितरण किया गया। मौके पर भारी पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी क्राइम सत्यविजय सिंह, चौकी प्रभारी अरुण कुमार, उप निरीक्षक विशांत मलिक, उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक सुधीर कुमार, उपनिरीक्षक कैलाश सिंह' आदि मौजूद रहे। मुख्य रूप से युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, शिवनारायण सैनी, सरदार गुरु वचन सिंह, खेमपाल यादव, निर्देश कुमार, मेहंदी हसन, राजीव कुमार, श्रीपाल यादव, सुरेन्द्र भाटी, छोटे सिंह, सुखपाल गुर्जर, सुनील राठी, धर्म सिंह, कनिक चौधरी, अनवार अली, आदि मौजूद रहे।







# डीएम ने किया बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने एसएसपी श्री सतपाल अंतिल के साथ विकास खंड मूढ़ापांडे क्षेत्र में रामगंगा नदी के तट पर स्थित भीकनपुर, घोस. ीपुरा एवं वीरपुर-बरियारपुर गांवों का स्थलीय निरीक्षण कर संभावित बाढ़ की स्थिति एवं बाढ़ निरोधक तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय तथा स्थानीय लेखपाल से विगत वर्षों में आई बाढ़ के दौरान जलस्तर, प्रभावित क्षेत्रों तथा हुए नुकसान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ से बचाव हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं ताकि जनहा. नि एवं संपत्ति की क्षति को रोका जा सके। भीकनपुर क्षेत्र में रामगंगा नदी द्वारा पूर्व वर्षों में हुए व्यापक कटान से आसपास के गांवों में उत्पन्न समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यथाशीघ्र प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर उस पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके का गंभीरतापूर्वक निरीक्षण कर समन्वय के साथ कार्ययोजना तैयार करे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने से पूर्व सभी बाढ़ निरोधक कार्य प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लाप. रवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। निरीक्षण के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि सिंचाई विभाग द्वारा लगभग 1.



54 करोड़ रुपये की लागत से बाढ़ निरोधक कार्य कराए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य 15 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लिए जाएं। वीरपुर-बरियारपुर क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तटबंध का भी निरीक्षण किया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा नदी तट पर पत्थर की पिचिंग क्षतिग्रस्त होने की जानकारी दिए जाने पर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को तत्काल प्रभाव से पिचिंग कार्य दुरुस्त कराने के निर्देश दिए, ताकि संभावित बाढ़ के दौरान तटबंध सुरक्षित रह सके। निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय और जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री शक्ति दुबे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# खनन अधिकारी के साथ गाली गलौज करने वाला गिरफ्तार

**कांठ( शाह टाइम्स )।** चेक पोस्ट पर खनन अधिकारी के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देना ट्रक चालक को भारी पड़ गया पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर चालान किया है। बताया गया की 28 मई को 10:00 बजे खूंटखेड़ा खनन चेक पोस्ट पर खनन विभाग के अधिकारी चेकिंग कर रहे थे तभी करनपुर की तरफ से आ रहे ट्रक को उन्होंने रोकने का प्रयास किया मगर ट्रक चालक गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर कांठ की तरफ ट्रक लेकर भाग निकला। खनन अधिकारी ने कर्मचारियों के साथ उसका पीछा किया तो मोडी चौराहे पर कस्बा चौकी प्रभारी राहुल राघव ने उसको पकड़ लिया और मय चालक के ट्रक को थाने ले आए चालक ने अपना नाम अनिल पुत्र अमर सिंह निवासी अवाकपुर थाना भोजपुर तहसील ठाकुरद्वारा बताया। खनन कर ले जा रहे बालू से संबंधित कोई कागज उसके पास नहीं मिल पाए बताया गया कि वाहन के हिसाब से उसमें वजन भी अत्यधिक था पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर लिया और चालक को हिरासत में लेकर आज चालान किया है।



## एक नजर

### सावरकर जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन



**मुरादाबाद ।** माय भारत मुरादाबाद व संभल इकाई द्वारा वीर सावरकर जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुरादाबाद जिले की ठाकुरद्वारा तहसील ग्राम पंचायत दोलावाला में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिला युवा अधिकारी सचिन कुमार ने कार्यक्रम की अधिक जानकारी देते हुए वीर सावरकर जी के जीवन, उनके राष्ट्रवादी विचारों और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। अन्य वक्ताओं ने युवाओं को सावरकर जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। माय के स्वयंसेवकों ने बताया कि माय भारत संगठन का उद्देश्य युवाओं को देश के महानायकों के विचारों से जोड़कर सकारात्मक दिशा देना है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में रंजीत कुमार, सुधीर कुमार, विकास कुमार, सरिता, सुमन, विवेक आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### ट्रैफिक पुलिस ने चलाया डंपर चैकिंग अभियान



**कांठ( शाह टाइम्स )।** डंपर चालकों की मनमानी से आजिज आए लोगों की शिकायत पर आज ट्रैफिक पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से डंपरों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया जिसमें कुछ को सीज तो कई के चालान काटे गए। बतादे की नगर में आसपास के लोग दिनभर दौड़ रहे डम्परों से आजिज आ चुके हैं इनसे उड़ने वाली मिट्टी और रेत आने जाने वाले लोगों के लिए मुसीबत का काम कर रही है सड़क पर चलने वालों को भी इन डम्परों से खतरा पैदा हो गया है। डंपरों के चालक बेखौफ होकर लापरवाही के साथ डंपरों को सड़को से लेजा रहे हैं जिसे लेकर कई हादसे हो चुके हैं फिलहाल कोठी खिदमतपुर के पास हुए हादसे में कई लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। इसके बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गई है पुलिस ने दो दिन पहले कई डंपरों को सीज किया है आज फिर ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस ने मिलकर डम्परों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया जिसके पास कागज कम मिले नंबर प्लेट नहीं थी या कोई और कमी पाई गई उसका चालान काटा गया और किसी प्रकार के कागज ना दिखाने वाले को सीज भी किया गया।

# घरों में चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मैनाठेर पुलिस ने घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व एवं क्षेत्राधिकारी बिलारी के पर्यवेक्षण में की गई।पुलिस के अनुसार शुक्रवार को थाना मैनाठेर पुलिस टीम वाहन चे. कंग कर रही थी। इसी दौरान पाकबड़ा-डीगरपुर रोड पर ग्राम रसूलपुर अड्डे के पास संदिग्ध कार सवार युवक को रोककर तलाशी ली गई।पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान इरफान पुत्र बुद्धा निवासी मुडिया मिलक उर्फ गंजो वाली, थाना भगतपुर, हाल निवासी वारसी नगर थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई।पुलिस टीम को तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध 12 बोर तमंचा, दो जिंदा कारतूस तथा चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त



वैगनआर कार बरामद हुई। इसके अलावा पुलिस ने आरा. ेपी के पास से भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद किए, जिनमें झुमकी, नथ, कुंडल, चौन, पाजेब, अंगूठियां, हथफूल, हार एवं अन्य कीमती सामान शामिल हैं। बरामद सामान थाना मैनाठेर समेत थाना छजलैट और बिलारी में दर्ज चोरी के मामलों से संबंधित बताया गया है।

# रेलवे स्टेशन पर चेकिंग में 43 कार्टन अनाधिकृत पानी की बोतलें की गईं जब्त

**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल द्वारा रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर अनाधिकृत पानी की बोतलों की बड़ी खेप बरामद की गई। मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव के निर्देश पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव के नेतृत्व में मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर औचक निरीक्षण अभियान संचालित किया गया। अभियान का नेतृत्व सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक एच.एस. मीना ने टिकट चेकिंग स्टाफ के साथ किया। चेकिंग के दौरान गाड़ी संख्या 12358 अमृतसर-कोलक. ाता दुर्गियाना एक्सप्रेस तथा 15128 नई दिल्ली-बनारस काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान दोनों ट्रेनों के कोचों के दरवाजों के पास से अनाधिकृत पानी की बोतलों के 43 कार्टन बरामद किए गए। इन कार्टनों में कुल 516 पानी की बोतलें थीं। मौके पर कोई अधिकृत वेंडर नहीं मिला, जिसके चलते सभी कार्टनों को जब्त कर लिया गया।अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले 12 यात्रियों से जुर्माना सहित 5,870 रुपये वसूले गए, जबकि अनियमित यात्रा करने वाले 36 यात्रियों से 21,230 रुपये का जुर्माना लिया गया। इसके अलावा स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने वाले 10 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार कुल 58 मामलों में रेलवे प्रशासन ने 30,600 रुपये का राजस्व अर्जित किया।रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे बिना टिकट यात्रा न करें, स्टेशन एवं ट्रेनों में स्वच्छता बनाए रखें तथा केवल अधिकृत वेंडरों से ही खाद्य सामग्री और पानी खरीदें। किसी भी रेल संबंधी समस्या के लिए यात्री रेल वन ऐप अथवा रेल हेल्पलाइन नंबर 139 का उपयोग कर सकते हैं।

### बार एसोसिएशन ने कराया शरबत का वितरण



**कांठ( शाह टाइम्स )।** भीषण गर्मी को देखते हुए तहसील बार एसोसिएशन कांठ की जानिव से आज शरबत वितरण का शिविर लगाया गया जिसमें हजारों लोगों को अधिवक्ताओं ने शरबत पिलाकर उनकी प्यास बुझाने का काम किया। सभी जानते हैं कि इस समय अत्यधिक गर्मी पडने के कारण लोगों को पानी की आवश्यकता होती है इस जरूरत को अधिवक्ताओं ने समझा और आज तहसील बार एसोसिएशन के परिसर में एक शरबत वितरण का कैंप लगाया कैंप का शुभारंभ करते हुए महासचिव दीपक बिश्नोई ने कहा कि तहसील बार एसोसिएशन द्वारा समय-समय पर जनहित के कार्य किए जाते रहे हैं मौका महाशिवरात्रि का हो तो तहसील बार एसोसिएशन शिविर लगाकर कांवड़ियों के लिए भोजन की व्यवस्था करती है। होली और ईद पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है और गर्मी के दौरान ठंडे शरबत के शिविर लगाकर भी जनता की सेवा करने का काम तहसील बार एसोसिएशन द्वारा होता है। आज भी इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए सर्बत वितरण किया गया। इस मौके पर डॉक्टर विनीत नैन दीपक बिश्नोई कपिल कुमार संजीव कुमार विजयवीर सिंह प्रदीप कुमार बिजेंद्र सिंह हरपाल सिंह सहित लगभग सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

## भाकियू अराजनीतिक ने विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील में दिया ज्ञापन



**कांठ( शाह टाइम्स )।** भाकियू राजनैतिक के पदाधिकारी आज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह के नेतृत्व में तहसील पहुंचे और उन्होंने गन्ने का भुगतान कराने किसानों को खाद दिलाने खाद विक्रेताओं पर किसानों को परेशान करने खाद के साथ अन्य उत्पाद बेचे जाने सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में सरकार के आदेश के बावजूद एनसीईआरटी की किताबें को ना पढाए जाने आदि आरोप लगाए कहा कि 6 जून को बिजली विभाग जिला गन्ना अधिकारी चीनी मिल अधिकारी जिला कृषि अधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी पशु चिकित्सा अधिकारी नहर विभाग 11:00 बजे उपस्थित रहकर किसानो की समस्याओं का समाधान करें। हालांकि ज्ञापन में अधिकारियों के उपस्थित रहने का कोई स्थान नहीं बताया गया लेकिन कहा कि यदि किसानों की समस्याओं को निस्तारित नहीं किया तो किसान यूनियन अराजनीतिक आंदोलन के लिए वाध्य होगी।

# चौ. चरण सिंह की पुण्यतिथि पर भाकियू ने किए श्रद्धा सुमन अर्पित

**कांठ( शाह टाइम्स )।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि पर आज कार्यक्रम का आयोजन भारतीय किसान यूनियन द्वारा किसान भवन छजलैट में कराया गया जिसमें चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी साहब के बाद कोई भी सरकार किसान हितैषी नहीं रही किसान को बहुत पीछे धकेला गया। इसी तरह चलता रहा तो भारत का किसान विलुप्त हो जाएगा और खाद्य पदार्थों की आपूर्ति बाहरी देशों से की जाएगी वक्ताओं ने महंगाई पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा की एक दिन भारत का बच्चा-बच्चा खेती किसानी को याद करेगा। बताया गया की चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे हितैशी थे आजादी के बाद उन्होंने जमीदारी उन्मूलन विधेयक तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कृषि के क्षेत्र में चकबंदी अधिनियम उनका क्रांतिकारी कदम माना जाता है उन्हें किसानों से इतना लगाव था कि उन्होंने अपना जन्मदिन किसान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। उनका राजनीतिक जीवन पूरी तरह से बेदाग रहा बताया गया कि चौधरी चरण सिंह 23 दिसंबर 1902 को उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में स्थित नूरपुर गांव में पैदा हुए थे उनके पिता चौधरी मीरसिंह साधारण किसान थे उनकी मां नेत्रकौर धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी उन्होंने जानी खुर्द गांव के प्राइमरी स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा और मेरठ के राजकीय इंटर कॉलेज से इंटर के बाद आगरा विश्वविद्यालय में बीएससी और इतिहास से एमए किया था वह वकालत छोड़कर



स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और 1930 में गांधी जी के दांडी मार्च के नमक कानून तोड़ो आंदोलन का हिस्सा बने 28 जुलाई 1979 को चौधरी चरण सिंह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र तभी संपन्न हो सकता है जब ग्रामीण क्षेत्र का किसान शक्तिशाली हो इस मौके पर किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह मास्टर संजीव कुमार अंगद चौधरी अंश चौधरी भविष्य बिश्नोई अरविंद बिश्नोई मोहम्मद साजिद दीपक चौधरी शक्ति सिंह वरुण सिंह राम अवतार सिंह परविंदर ढाका बंटी ढाका रूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### दलपतपुर में ग्राम चौपाल का किया आयोजन



**मूंढापांडे।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत दलपतपुर में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने इस चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श हुआ। विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं,कार्यक्रम में , वीडियो, ग्राम विकास अधिकारी,नोडल अधिकारी, सप्लाई इंस्पेक्टर ,एडीओ समाज कल्याण , लेखपाल ,बाल विकास अधिकारी ग्राम प्रधान नजर अली ने समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया और महिलाओं के घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ जैसी समस्याओं से निपटने की जानकारी दी,इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नजर अली की सक्रिय भूमिका की विशेष सराहना की गई। उनके प्रयासों से ही ग्राम चौपाल का आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सका। ग्रामीणों ने प्रधान की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे गांव के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए लगातार तत्पर रहते है। इस ग्राम चौपाल के माध्यम से विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ। डॉ सुनील अशोक कुमार नीरज कुमार अनिल गौतम राजेंद्र ग्राम प्रधान नाजुक जहां पति नजर अली जमीर मियां आदि मौजूद रहे

# ईद मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए रामवीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने आज विकासखंड कुंदरकी के ग्राम ताहरपुर, मसेबी रसूलपुर, डींगरपुर और रतनपुर कलां में ईद-उल-अजहा के अवसर पर आयोजित ईद मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। ईद-उल-अजहा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कुंद. रकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि बकरीद का यह पर्व हमें अपनी सबसे प्रिय चीज ईश्वर की राह में कुर्बान करने का संदेश देता है। इस त्योहार का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब और जरूरतमंदों की आर्थिक व सामाजिक मदद करना है, ताकि समाज का हर वर्ग इस खुशी में बराबर शामिल हो सके। ईद का त्योहार सभी को साथ मिलकर मनाने का अवसर है, जो विभिन्न



समुदायों के बीच प्रेम और सौहार्द को मजबूत करता है। सभी लोग मिल-जुलकर इसे मनाएं, खाएं-खिलाएं और खुशियां बांटें। नफरत फैलाने वालों को घर बुलाकर दावत दें, जिससे कि वे हमारे प्यार और भाईचारे को समझ सकें। ईश्वर से प्रार्थना है कि देश मजबूत हो और हर घर में शांति बनी रहे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कुंदरकी प्रतिनिधि गुलाम रब्बानी, राहिल पूर्व प्रधान मुजाहिद पूर्व प्रधान, एजाज पूर्व प्रधान, शमीम पूर्व प्रधान, मुजिबुल प्रधान, पूर्व प्रधान हारून हाजी जाहिद हुसैन, नसीम, जुल्फिकार जहान खां प्रधान , पूर्व प्रधान छीददा, राहत खां आदि उपस्थित रहे।

# रसूलपुर में चल रही जम्भवाणी हरि कथा का भंडारे के साथ समापन

**कांठ( शाह टाइम्स )।** रसूलपुर गुर्जर गांव में चल रही श्री जंभवाणी हरि कथा का आज हवन और भंडारे के साथ समापन हो गया। बतादें कि जम्भ वाणी हरिकथा में कथा वाचक गोविंद शरण महाराज ने अपने मुखारविंद से अमृत वर्षा की थी। कथा प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से 4:00 बजे तक संचालित रहती थी। कथा में आए बाहर के मेहमानों का भी प्रतिदिन स्वागत किया जाता रहा, 6 दिवसीय कथा के समापन उपरांत रात को भजन जागरण का आयोजन किया गया और आज प्रात: 120 शब्दों के हवन में बिश्नोई समाज के लोगों ने आहुति देकर देश और समाज में खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचे हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया कथा के आयोजक चंद्रपाल सिंह और राहुल कुमार ने कथा वाचक एवं इस दौरान मौजूद रहे संत समाज स्वामी रामकृष्ण महाराज स्वामी प्रवणानंद महाराज,विष्णु दयाल जी अनूप दास जी तिलवासनी आचार्य अमृतानंद योगानंद जी जगदेवानंद जी विश्वात्मानंद जी ऋषिदानंद धर्मानंद राजेश्वरानंद नरेश आनंद एवं राजू राम जी महाराज को भेंट देकर विदा किया। समापन अवसर पर ग्रामीणों सहित आसपास गांव के भी काफी भक्त मौजूद रहे।



### जटपुरा चौकी पर चलाया गया सघन चेकिंग अभियान



**सुरजननगर।** सड़क हादसों पर लगाम लगाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में थाना अफजलगढ़ की सीसी टीम द्वारा बिजनौर और मुरादाबाद जिला सीमा पर स्थित जटपुरा चौकी पर एक विशेष और सघन चे. कंग अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान का नेतृत्व उपनिरीक्षक चंद्रप्रकाश ने किया। अभियान के दौरान टीम में शामिल हेड कांस्टेबल विनय कुमार, कांस्टेबल शुभम चौधरी और कमल कुमार ने सीमा से आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग की। पुलिस टीम ने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने और चार पहिया वाहन चाल. कों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने की सख्त हिदायत व सलाह दी। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को समझाते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करना किसी कानूनी मजबूरी से ज्यादा उनकी अपनी जान की सुरक्षा के लिए जरूरी है। इस अचानक हुई चेकिंग से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस ने चालकों को चेतावनी दी कि भविष्य में बिना हेलमेट और सीट बेल्ट पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विद्युत समस्या को लेकर विधायक ने सभासदों संग की अधिशासी अभियंता से मुलाकात



**कांठ( शाह टाइम्स )।** बिजली की समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि उमरी कला में लो वोल्टेज की समस्या लीड का का टूटना फ्यूज का आम बात हो गई है। ओवरलोड ट्रांसफार्मर के बारे में अवगत कराया गया कहा की समस्या का समाधान जल्द किया जाए अधिकारियों ने आबिदपुरा और जुमे के बाजार में 100-100 केवी के नए ट्रांसफार्मर व 250 केवी का एक नया ट्रांसफार्मर नवाबपुरा में लगाने का आश्वासन दिया। जिससे कि बिजली की समस्या का समाधान हो सके। उनके साथ सभासद अतीकुर्रहमान और शमीम कुरैशी मौजूद रहे।

# आईएफटीएम में 'बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट' विषय पर कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में "बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस कार्यशाला की मुख्य वक्ता व स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की शिक्षिका डॉ. राशी श्रीवास्तव ने बायोमेडिकल वेस्ट के दुष्प्रभावों एवं स्वास्थ्य सुरक्षा तथा इसके सही निस्तारण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि अस्पतालों एवं प्रयोगशालाओं से निकलने वाले अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है, ताकि संक्रमण एवं पर्यावरण प्रदूषण को रोका जा सके। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. तंजील अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिभागियों को बायोमेडिकल अपशिष्ट के सुरक्षित प्रबंधन, स्वच्छता तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बायोमेडिकल वेस्ट का उचित प्रबंधन स्वास्थ्य संस्थानों एवं शैक्षणिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस मौके पर एनएसएस इकाई के समन्वयक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य केवल सामाजिक सेवा ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में जन-जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ. उत्कर्ष त्यागी ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में



सामाजिक एवं वैज्ञानिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। कार्यशाला के संयोजक डॉ. स्वप्न कुमार श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने जानकारी दी कि कार्यशाला में स्कूल ऑफ बायोटैक्नोलॉजी के 80 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला के अंत में संयोजक डॉ. श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 15 दिनों से विद्युतापूर्ति ठप, ग्रामीणों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विकास खंड बनियाखेड़ा के गांव रामनगर कैथल में पिछले करीब पन्द्रह दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप होने से परेशान ग्रामीणों का आक्रोश शुक्रवार को फूट पड़ा। ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड चन्दौसी कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना था कि पिछले दिनों आई तेज आंधी के दौरान गांव में लगा ट्रांसफार्मर एवं कई विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होकर गिर गए थे, जिसके बाद से गांव की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। विभाग द्वारा लाइन पर गिरे पेड़ों को हटाकर आपूर्ति सुचारु करने का प्रयास तो किया गया, लेकिन अब तक नियमित रूप से बिजली नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मई माह की भीषण गर्मी में बिना बिजली के लोगों का जीवन बेहद कठिन हो गया है। बिजली न आने से समरसेबिल और पानी की मोटरें भी नहीं चल पा रही हैं, जिससे पेयजल संकट गहरा गया है। लगातार बढ़ती गर्मी के बीच छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे अधिक परेशान हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र के लाइनमैन से कई बार शिकायत की गई, लेकिन वह कार्य करने के नाम पर रुपये मांगता है। इस आरोप को लेकर ग्रामीणों में काफी रोष दिखाई दिया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

मौके पर पहुंचे समाजवादी पार्टी नेता उमेश दिवाकर ने भी ग्रामीणों की समस्या का समर्थन किया और अधिकारियों से रामनगर कैथल की बिजली व्यवस्था जल्द दुरुस्त कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में ग्रामीणों को



मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखना बेहद गंभीर मामला है। ग्रामीण अपने साथ गांव के वृद्ध निवासी गिरवर को भी कार्यालय लेकर पहुंचे, जो गर्मी और बिजली संकट के कारण बेहद परेशान नजर आए। ग्रामीणों ने अधिकारियों को ज्ञापन देकर जल्द समाधान की मांग की। इस पर विद्युत अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि क्षतिग्रस्त पोल और विद्युत लाइन की मरम्मत का कार्य शीघ्र पूरा कर गांव की बिजली आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी। इस दौरान कुंवरपाल मौर्य, हरीशचंद्र मौर्य, राजू, महेन्द्र, खूबचंद मौर्य, राजू, किशनपाल, हरिशंकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्लास्टिक फैक्ट्री में काम के दौरान किशोर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पानूवाला निवासी एक मजदूर ने राजपुर कला स्थित प्लास्टिक फैक्ट्री संचालक पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि फैक्ट्री में जबरन काम कराते समय उसके बेटे का हाथ मशीन में फंस गया, जिससे उसकी दो उंगलियां कट गईं और हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम पान. ूवाला निवासी अकरम पुत्र नासिर हुसैन ने थाना प्रभारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि राजपुर कला निवासी दानिश पुत्र नसीम प्लास्टिक दाना बनाने की फैक्ट्री चलाता है। उसके यहां पुरानी प्लास्टिक को पिघलाकर दाना बनाया जाता है। अकरम के अनुसार उसका बेटा दानिश की फैक्ट्री में मजदूरी करता था, जहां पहले वह प्लास्टिक कचरा पिघलाने का काम करता था। बाद में फैक्ट्री संचालक ने उससे प्लास्टिक की भारी-भरकम बेल्ट मशीन में डालने का काम कराना शुरू कर दिया। पीड़ित पिता का कहना है कि हादसे की आशंका को देखते हुए उसके बेटे ने उक्त कार्य करने से मना कर दिया था। आरोप है कि 24 मई 2026 की सुबह करीब आठ बजे दानिश उसके बेटे को मजदूरी पर बुलाने घर पहुंचा और काम करने से इनकार करने पर बकाया मजदूरी रोकने की धमकी देकर जबरन फैक्ट्री ले गया। प्रार्थना पत्र के मुताबिक फैक्ट्री में काम के दौरान अचानक मशीन का स्टार्टर ऑन कर दिया गया, जिससे किशोर का बायां हाथ मशीन में फंस गया।

हाथ मशीन में फंसने से उसकी चीख निकल गई। किसी तरह मशीन बंद की गई, लेकिन तब तक उसकी दो उंगलियां कट चुकी थीं और हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया। घायल किशोर को पहले शरीफनगर और फिर ठाकुरद्वारा सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। बाद में परिजन उसे काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने ले गए। पीड़ित पिता ने फैक्ट्री संचालक की लापरवाही से बेटे के हाथ को गंभीर नुकसान पहुंचने और उसके विकलांग होने की आशंका जताई है। पीड़ित ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मानावाला टांडा में गुरुवार देर रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम भेज दिया। बतादें कि जनपद रामपुर के थाना टांडा स्थित गांव सैताखेड़ा निवासी देवदत्त ने अपनी बेटी प्रियंका यादव की शादी वर्ष 2023 में कोतवाली क्षेत्र के गांव मानावाला टांडा निवासी विकास के साथ की थी। देवदत्त का आरोप है कि उन्होंने शादी में 25 लाख रुपये खर्च किए थे और 10 लाख रुपये नकद भी दिए थे। देवदत्त के अनुसार, बेटी पैदा होने के बाद से प्रियंका के ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे थे। विवाहिता का चार बार गर्भपात भी कराया गया। देवदत्त ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी प्रियंका का गर्भपात कराने के लिए लापरवाही बरती गई और उसे झोलाछाप चिकित्सक से इंजेक्शन लगवाए गए। उनका दावा है कि यह सब एक साजिश के तहत किया गया, जिसके कारण प्रियंका की मौत हो गई। प्रियंका की मौत के बाद मायके वाले कोतवाली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार से वार्ता कर उसके ससुरालियों पर हत्या की आशंका जताते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक ने उन्हें भरोसा दिलाया कि शव की पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने बताया कि अभी पीएम रिपोर्ट नहीं आई है। रिपोर्ट मिलने और तहरीर प्राप्त होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि महिला के पति का कहना है कि वह लगातार अपनी पत्नी के इलाज के लिए अस्पतालों में गए और उसकी जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया।

# अक्रूरजी पुरम में चोरों का आतंक, चार दिन में तीन घरों को बनाया निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर की अक्रूरजी पुरम कॉलोनी में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से कॉलोनीवासी दहशत में हैं। बीते चार दिनों में चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये का माल पार कर दिया। लगातार हो रही वारदातों से नाराज लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया। जानकारी के अनुसार कॉलोनी में व्यापारी वर्ग सहित कई परिवार निवास करते हैं। बुधवार रात चोरों ने कॉलोनी निवासी नीरज अग्रवाल के सूने मकान को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि मकान मालिक उज्जैन तीर्थ पर गए हुए थे और घर पर ताला लगा हुआ था। इसी दौरान चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कॉलोनीवासियों ने कैथल गेट पुलिस चौकी को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। फिलहाल चोरी गए सामान की वास्तविक जानकारी मकान मालिक के लौटने के बाद ही सामने आ सकेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि कॉलोनी में सुरक्षा गार्ड तैनात होने के बावजूद चोर दीवार फांदकर अंदर प्रवेश कर रहे हैं। कॉलोनीवासियों ने मांग की है कि कॉलोनी की चारद. ीवारी ऊंची कराई जाए, ताकि बाहरी लोग आसानी से अंदर प्रवेश न कर सकें। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में भय और आक्रोश



का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है।

# रंगदारी और जान से मारने की साजिश का आरोपी गिरफ्तार

**बिलारी।** थाना बिलारी पुलिस ने रंगदारी मांगने और जान से मारने की साजिश रचने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गुरुवार देर रात गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार थाना बिलारी में दर्ज मामले के तहत ग्राम सहसपुर निवासी इब्ने हसन पुत्र मेहदी हसन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी का आरोप था कि आरोपी जाहिद पुत्र जमील निवासी ग्राम सहसपुर थाना बिलारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उससे धमकी देकर रंगदारी मांगी। रंगदारी देने से मना करने पर आरोपियों ने वादी को जान से मारने की योजना बनाई और लगातार धमकियां दीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए बिलारी पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में गुरुवार रात पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी जाहिद को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अशोक कुमार, उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार तथा कांस्टेबल मनोज कुमार शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को 28 मई 2026 की रात करीब 11:30 बजे गिरफ्तार किया। पुलिस अभिलेखों के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पूर्व में थाना बिलारी में विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें वर्ष 2013 में धारा 323, 376, 417, 504 आईपीसी तथा गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा, वहीं वर्ष 2015 में धारा 395, 412 आईपीसी और 3/25 आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं।

# पीड़ित परिवारों को अखिलेश यादव ने भेजी आर्थिक सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम समाथल में बीती 20 मई को ढांग गिरने की दर्दनाक घटना में मालदेई मौर्य पत्नी ब्रजपाल मौर्य एवं सुनीता कश्यप पत्नी श्रीराम कश्यप की असमय मृत्यु से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दुख व्यक्त करते हुए दोनों पीड़ित परिवारों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भेजी। सपा विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद हस्सान उर्फ फैजी एवं सपा यूथ बिग्रेड के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ यादव ग्राम समाथल पहुंचे और पीड़ित परिवारों को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से आर्थिक सहायता राशि सौंपी। इस दौरान उन्होंने परिवारों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस मौके पर अजीत सिंह उर्फ वीर



सिंह, कैलाश मौर्य, ग्राम प्रधान पिंकू यादव, बीरपाल सिंह मौर्य, पप्पू मौर्य, राजेंद्र सिंह यादव, नीरज कुमार, गिरवर सिंह, लाल सिंह मौर्य, सतीश कुमार, हरपाल, सुभाष यादव, खेमपाल मौर्य, टेक सिंह यादव, रामवीर सिंह, मोहर सिंह, नेत्रपाल, भीम सिंह कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। याद रहे कि समाथल गांव निवासी यूथ बिग्रेड के सौरभ यादव ने लखनऊ में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से हुई मीटिंग के दौरान हादसे की घटना को लेकर अवगत कराया था, जिस पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 50-50 हजार की धनराशि दोनों पीड़ित परिवार के लिए आर्थिक सहायता के रूप में भेजी थी।

# ग्राम जनैटा में तालाब की भूमि कराई कब्जामुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशानुसार जनपद में सरकारी भूमि, तालाबों एवं चकमार्गों से अवैध कब्जे हटाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को तहसील चन्दौसी क्षेत्र के ग्राम जनैटा में स्थित तालाब की भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सरकारी तालाबों, चकमार्गों तथा अन्य सरकारी भूमि का चिन्हीकरण कर अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई लगातार की जाए। इसके साथ ही दो हेक्टेयर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों की सूची तैयार कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी चन्दौसी नीतू रानी के निर्देशन में नायब तहसीलदार चन्दौसी सतेन्द्र चाहर के नेतृत्व में राजस्व टीम ने ग्राम जनैटा में स्थित तालाब गाटा संख्या 212, रकबा 0.073 भूमि की पैमाइश कराई। जांच के दौरान तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया, जिस पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाकर भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। बाद में उक्त भूमि ग्राम प्रधान को सुपुर्द कर दी गई।

उपजिलाधिकारी नीतू रानी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार चकमार्गों, तालाबों एवं सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने का अभियान लगातार जारी रहेगा और जहां भी अतिक्रमण मिलेगा, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने



कहा कि जनपद में सरकारी भूमि, तालाबों एवं चकमार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि तालाबों का संरक्षण जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से तालाबों के चिन्हीकरण, संरक्षण एवं अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर कराई जा रही है।

# आंधी-तूफान और बारिश ने मचाई जमकर तबाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शुक्रवार देर शाम आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर तबाही मचाई। अचानक बदले मौसम ने लोगों को गर्मी से कुछ राहत जरूर दी, लेकिन तेज हवाओं, बिजली की कड़क और बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया। कई स्थानों पर पुराने और जर्जर पेड़ धराशायी हो गए, जिससे सड़कों और हाईवे पर यातायात बाधित रहा। शाम होते-होते आसमान में काले बादल छा गए और दामिनी की तेज गड़गड़ाहट से लोगों में भय का माहौल बन गया। कई बार तेज चमक और गर्जना के साथ बिजली गिरने जैसी स्थिति बनी। रात्रि में तेज हवाओं के साथ बड़ी-बड़ी बूंदों में बारिश शुरू हो गई। कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में ओलावृष्टि की भी सूचना मिली, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई। तेज आंधी के कारण नगर के कई इलाकों में पेड़ों की डालियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं।

हाईवे एवं मुख्य मार्गों पर भी बड़े-बड़े पेड़ गिरने से आवागमन प्रभावित हुआ। कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। लोग देर रात तक बिजली गुल रहने से परेशान दिखाई दिए। नौतपा के दौरान अचानक बदले मौसम से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से अस्थायी राहत मिली। हालांकि मौसम का यह बदलाव किसानों के लिए नुकसानदायक साबित हुआ। तेज हवाओं और बारिश से आम की फसल को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है। पेड़ों से बड़ी संख्या में आम टूटकर गिर गए। इसके



अलावा मक्का की फसल भी तेज हवा और बारिश से खेतों में गिर गई, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों ने बताया कि फसल कटाई और उत्पादन के समय आए इस तूफान ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भी मौसम खराब रहने की संभावना जताई गई है, जिसके चलते किसानों और आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# समर कैंप में सिखाए हस्तकला और घरेलू हुनर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शिव मंदिर कैथल गेट पर जायंट्स ग्रुप द्वारा आयोजित समर कैंप के नौवें दिन बालिकाओं को विभिन्न हस्तकला एवं घरेलू हुनर से जुड़ी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। कैंप में प्रतिभागी बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नई-नई कलाओं को सीखा। कार्यक्रम के दौरान स्वाति गोयल ने बालिकाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देते हुए फ्रॉक की कटिंग और सिलाई करने के तरीके सिखाए। साथ ही उन्होंने हाथों पर आकर्षक मेहंदी लगाने की कला की भी जानकारी दी। वहीं निधि वार्ष्णेय ने ढोलक पर गीतों की प्रैक्टिस कराई, जिससे बच्चियों में सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति उत्साह दिखाई दिया। राखी गुप्ता ने बालिकाओं को विभिन्न प्रकार के आकर्षक जूड़े बनाना सिखाया।



बच्चियों ने पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त किया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समर कैंप की अध्यक्ष मधु तोमर ने बच्चों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर बच्चों के व्यक्तित्व विकास और आत्मनिर्भरता के लिए बेहद उपयोगी साबित होते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को आगे भी इसी उत्साह के साथ सीखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मधुपमा वार्ष्णेय, अलका वार्ष्णेय, अनुराधा गोयल, रीता बुधियाल, फेडरेशन ऑफिसर सीमा वर्मा, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर पुष्पा वर्मा, कंचन बाला, सरोज शर्मा, मुन्नी देवी सक्सेना, डॉली वार्ष्णेय सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में पलटा ई-रिक्शा, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर क्षेत्र में बालाजी मंदिर के पास शुक्रवार को साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक समेत महिला और उसकी बेटी घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने घायलों को तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार ई-रिक्शा चालक अरमान पुत्र मोहम्मद जान निवासी मोहल्ला बड़ा, बिलारी ई-रिक्शा लेकर जा रहा था। बताया गया कि ई-रिक्शा के आगे एक साइकिल सवार चल रहा था। अचानक साइकिल सवार के सामने आने पर उसे बचाने के प्रयास में चालक ने ई-रिक्शा मोड़ दिया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक अरमान गंभीर



रूप से घायल हो गया। वहीं ई-रिक्शा में सवार रीना निवासी कुंदरकी और उसकी बेटी भी चोटिल हो गईं। दोनों मां-बेटी ई-रिक्शा से बिलारी आ रही थीं। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने मानवता दिखाते हुए सभी घायलों को बिलारी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार शुरू कर दिया गया। सूचना पर कस्बा इंचार्ज भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानक. ारी जुटाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गायत्री जयंती पर्व पर शांतिकुंज हेतु 24 कुंतल काशीफल एकत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** गायत्री जयंती पर्व के अवसर पर गुरुवार को ठाकुरद्वारा क्षेत्र के सक्रिय गायत्री परिजनों द्वारा सेवा, सहयोग एवं संगठन का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस दौरान माता भगवती भोजनालय, शांतिकुंज के लिए लगभग 24 कुंतल काशीफल (सीताफल) एकत्रित कर शांतिकुंज आश्रम वाहन के चालक श्री वेद प्रकाश को श्रद्धापूर्वक सुपुर्द किया गया। परम समर्थ गुरुसत्ता की कृपा से इस पुनीत सेवा कार्य में श्री विजयप्रकाश सिंह, श्री विपेंद्र सिंह, श्री महेंद्र सिंह, श्री टिकराम सिंह, भवमन्यु वशिष्ठ, आशीष कुमार शर्मा एवं अतुल कुमार शर्मा ने अपने-अपने अंशदान से 24 कुंतल काशीफल की व्यवस्था कर सहयोग प्रदान किया। वहीं क्षेत्र के अनेक गायत्री



परिजनों ने उत्साहपूर्वक खेतों से शांतिकुंज आश्रम वाहन तक सामग्री पहुंचाने में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान शांतिकुंज के जयघोष के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित परिजनों ने इसे गायत्री परिवार के संस्कारों, सेवा भावना एवं लोकमंगल की जीवंत मिसाल बताया। क्षेत्रवासियों ने भी इस सेवा अभियान की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे कार्यों में निरंतर सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**बेदखली सूचना**

मैनै अपने पुत्र इंद्रदेव सिंह पुत्र जयदेव सिंह व पुत्रवधू श्रीमती मनीषा पत्नी इन्द्रदेव सिंह निवासीगण राजकीय आदर्श कॉलोनी निकट 23 पीएसी शिव मंदिर मुरादाबाद को गलत संगत/गलत आचरण व पुत्रवधू मनीषा को अन्य पुरुषों से संबंध बनाने एवं दुर्व्यवहार करने के कारण मैंने अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से इन दोनो का कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**श्रीमती अनीता देवी पत्नी जयदेव सिंह** निवासी राजकीय आदर्श कॉलोनी निकट 23 पीएसी शिव मंदिर **तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड ने वीर सवारकर की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड के तत्वावधान में घंटाघर स्थित सनातन धर्म पुस्तकालय में महान स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी, समाज सुधारक एवं हिन्दुत्व के पुरोधा वीर विनायक दामोदर सावरकर की 143वीं जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वीर सावरकर के जीवन, राष्ट्रभक्ति और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का शुभारंभ बोर्ड के जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत योगेन्द्र कुमार शर्मा एवं अशोक कुमार गुप्ता ने गायत्री मंत्र का जाप किया। सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों ने वीर सावरकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि एस.एम. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने कहा कि वीर सावरकर महान देशभक्त थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि सावरकर का राष्ट्रप्रेम और त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। पूर्व एमएलसी चौधरी चंद्रपाल सिंह ने कहा कि वीर सावरकर ने अंग्रेजों के असहनीय अत्याचारों को सहते हुए देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे जीवनभर अखंड भारत के समर्थक रहे और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते थे। जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने कहा कि देश की जनता ने उनके साहस और राष्ट्रभक्ति से प्रभावित होकर उन्हें "वीर" की उपाधि दी, जिसके कारण आज पूरा देश उन्हें वीर सावरकर के नाम से जानता है। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर स्वतंत्रता संग्राम के उग्र क्रांतिकारी, इतिहासकार एवं हिन्दुत्व विचारधारा के प्रमुख प्रणेता थे। बोर्ड के संस्थापक सदस्य योगेन्द्र मोहन शास्त्री ने कहा कि वीर सावरकर सच्चे देशभक्त थे, जिन्होंने भारत माता को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। वहीं संस्थापक सदस्य विनय अग्रवाल ने कहा कि अंग्रेजों ने उन्हें दो बार कठोर आजीवन कारावास की सजा दी तथा कोल्हू में बैल की तरह जोतकर अमानवीय यातनाएं दीं, लेकिन उनका हौसला कभी नहीं टूटा। सुभाष चंद्र भोलेनाथ ने कहा कि वीर सावरकर हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित करना चाहते थे। दिलीप नगीना ने कहा कि सावरकर ने वर्ष 1947 में भारत विभाजन का कड़ा विरोध किया था। वहीं हरीश कठरिया ने कहा कि वीर सावरकर हिन्दुओं, सिखों, बौद्धों एवं जैन समुदाय की सामाजिक और सामुदायिक एकता पर बल देते थे। कार्यक्रम में ओमप्रक. ाश अग्रवाल, बृजेश चौहान, राजीव गुप्ता, एडवोकेट मुकेश अग्रवाल, संजय गुप्ता एवं जगदीश राणा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल गुप्ता, सतीश भारती, कृष्ण अवतार गुप्ता, डॉ. जगत साहनी, पंडित सत्यप्रकाश शास्त्री, अरुण कुमार शर्मा, दीपेन्द्र नाथ गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र नितिन कुमार को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए उससे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी कृत्य से मेरा और बाकी परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।

**संजीव सिंह पुत्र चंद्रपाल,** निवासी फरीदपुर भैण्डी, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।

# राजस्थान ने गुजरात को 215 रन का टारगेट दिया

■ वैभव सूर्यवंशी ने 96 रन बनाए, जडेजा के नाबाद 45 रन,
■ रबाडा- होल्डर को 2-2 विकेट हासिल हुए



**मुल्लांपुर, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-2 में गुजरात टाइटंस को 215 रन का टारगेट दिया है। राजस्थान ने मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में टास जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। वैभव सूर्यवंशी के 96 रन की बदौलत राजस्थान ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 214 रन बनाए।

सूर्यवंशी ने 204.26 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और पारी में 8 चौके और 7 सिक्स भी लगाए। उनके अलावा रवींद्र जडेजा ने नाबाद 45 रन की पारी खेली। वहीं, डोनोवन फरेरा ने 11 बाल पर नाबाद 38 रन बनाए। आखिरी ओवर में डोनोवन फरेरा ने राशिद खान के ओवर की दूसरी, तीसरी और चौथी गेंद पर उन्होंने लगातार तीन छक्के जड़ दिए, जिससे राजस्थान को जोरदार फिनिश मिला। आखिरी गेंद पर भी फरेरा ने डीप एक्स्ट्रा कवर के ऊपर शानदार छक्का लगाकर ओवर खत्म किया। इस ओवर से कुल 27 रन आए और राजस्थान ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 214 रन बना दिए। 18वें ओवर में रबाडा की बाल पर सूर्यवंशी शार्ट और आफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर अपर कट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद सही तरीके से टाइम नहीं हुई और थर्ड मैन की दिशा में हवा में चली गई। वहां प्रसिद्ध कृष्णा ने कैच पकड़ लिया। सूर्यवंशी 47 गेंदों में 96 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 8 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। सूर्यवंशी आईपीएल इतिहास में सबसे तेज 1,000 रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने यह मुकाम केवल 440 गेंदों का सामना करते हुए हासिल किया था, जिससे उन्होंने आंद्रे रसेल (545 गेंदें) का रिकॉर्ड तोड़ा। 13वें ओवर में सूर्यवंशी ने सिंगल लेकर इस सीजन का अपना छठा 50+ स्कोर पूरा किया। प्रसिध्द की शार्ट गेंद को सूर्यवंशी ने मिडविकेट की दिशा में खेलकर एक रन लिया और शानदार अर्धशतक तक पहुंचे। 12वें ओवर की चौथी बाल पर प्रसिद्ध कृष्णा ने राजस्थान को पांचवां झटका दिया। 146 किमी/घंटा की रफ्तार से फेंकी गई फुल गेंद पर आर्चर बड़ा ड्राइव लगाने गए, लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर बटलर के हाथों में चली गई। आर्चर 4 गेंदों में 7 रन बनाकर आउट हुए। 12वें ओवर में होल्डर ने मिडिल ओवरों में अपना असर जारी रखते हुए शनाका को पवेलियन भेज दिया। बैक आफ लेंथ गेंद पर शानाका पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद ग्लव्स से लगकर विकेटकीपर बटलर के हाथों में चली गई। शनाका 9 गेंदों में सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हुए। 10वें ओवर में होल्डर ने राजस्थान को तीसरा झटका देते हुए रियान पराग को आउट कर दिया। फुल गेंद पर पराग ने फ्लिक शाट खेला, लेकिन गेंद बड़ी बाउंड्री पार नहीं कर सकी। डीप मिडविकेट पर मौजूद रबाडा ने आसान कैच पकड़ लिया। पराग 6 गेंदों में 11 रन बनाकर लौटे। 11वें ओवर की दूसरी बाल पर सूर्यवंशी को जीवनदान मिला। प्रसिद्ध कृष्णा की शार्ट गेंद पर सूर्यवंशी पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले का टाप-एज लेकर हवा में चली गई।

## पर्थ में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराया

**पर्थ, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार को पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही फ्रेंडली सीरीज के तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 2-0 की शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, भारत अब चार मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे हो गया है। पहले मैच में मिली हार के बाद, भारत ने दूसरे मैच में शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल करते हुए शानदार वापसी की थी। दोनों टीमों के बीच खेले गए तीसरे मैच में दोनों ही पक्षों की ओर से अनुशासित रक्षात्मक खेल देखने को मिला।

पहले दो क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ और हाफ-टाइम तक स्कोर 0-0 ही रहा। आखिरकार, भारत को तीसरे क्वार्टर में सफलता मिली, जब सोनम (36वें मिनट) ने एक फील्ड गोल करके मेहमान टीम को बढ़त दिला दी। भारत ने आखिरी क्वार्टर में भी अपनी लय बरकरार रखी। लालरेमसियामी (49वें मिनट) ने एक और फील्ड गोल करके बढ़त को दोगुना कर दिया और अपनी टीम के लिए 2-0 की जीत पक्की कर दी। सीरीज का चौथा और आखिरी मैच शनिवार, 30 मई को इसी मैदान पर भारतीय समयानुसार सुबह 11:00 बजे खेला जाएगा। आईआईएचएफ विश्व चैंपियनशिप में भारत की तीन टीमें लेंगी हिस्सा नई दिल्ली। जर्मनी में 14 से 30 मई 2027 होने वाली आईआईएचएफ विश्व चैंपियनशिप में भारत की महिला, पुरु और अंडर-20 लड़कों टीमें हिस्सा लेंगी। भारतीय आइस हॉकी संघ (आईएचएआई) ने शुक्रवार को यह घोणा की। भारत 1989 से अंतर्राट्रीय आइस हॉकी संघ का पूर्णकालिक सदस्य है।भारतीय टीमों ने पहले भी अंतर्राट्रीय और क्षेत्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है, लेकिन वर्ल्ड चैंपियनशिप स्केल, स्ट्रक्चर और लॉन्ग-टर्म असर के मामले में एक बड़ा स्टेज है।

# 80 रन बनाता हूं और मेरी टीम जीत जाती है: वैभव सूर्यवंशी

■ यह मेरे लिए शतक बनाने से ज्यादा मायने रखता हैं



**नई दिल्ली, वार्ता।** 'निडर युवा खिलाड़ी' वैभव सूर्यवंशी ने टाटा आईपीएल में अपनी शानदार परफॉर्मेंस से सबका ध्यान खींचा है। वह 242 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 680 रन बनाकर ऑरेंज कैप होल्डर बने हुए हैं।

क्वालीफायर 2 से पहले जियो स्टार से बात करते हुए, सूर्यवंशी ने पिछले सीजन में आरआर के लिए अपने आईपीएल डेब्यू, निजी उपलब्धियों से ज्यादा टीम के लक्ष्यों को प्राथमिकता देने और जीटी के खिलाफ नॉकआउट मैच से पहले अपनी मानसिकता के बारे में बात की। सूर्यवंशी ने 2025 में अपने आईपीएल डेब्यू के बारे में बताया और यह भी बताया कि जब आरआर ने उन्हें ऑक्शन में चुना, तो सबसे पहले उन्हें किसका फोन आया था कि मुझे सबसे पहला फोन टीम मैनेजर रोमी भिंडर सर का आया था। मैं दुबई में था, और ऑक्शन भी वहीं हो रहा था। ट्रायल्स के बाद, मैंने उनसे बात की थी और उन्होंने मुझसे कहा था कि वे मुझे टीम में लेने की कोशिश करेंगे। फिर फोन पर हमारी दो-तीन मिनट बात हुई और उन्होंने मुझे बधाई दी। अपने डेब्यू मैच में, मैंने पहली ही गेंद पर छक्का मारा था, इसलिए वह एक बहुत ही खास पल और एक बेहत. रीन याद थी। फिर, उसी सीजन में मैंने 100 रन बनाए, जो मेरे और मेरे परिवार, दोनों के लिए बहुत ही गर्व का पल था। यह मेरा सिर्फ तीसरा ही मैच था, इसलिए अपने आईपीएल करियर की इतनी अच्छी शुरुआत करना बहुत अच्छा लगा, और अब मैं उसी लय को आगे बढ़ा रहा हूं। टीम के लक्ष्य को अपने निजी रिकॉर्ड से ऊपर रखने के बारे में उन्होंने कहा कि बचपन से ही मेरे पिता ने मुझसे हमेशा कहा है कि अगर तुम सौ, दो सौ, या यहां तक कि तीन सौ रन भी बना लो, लेकिन तुम्हारी वजह से टीम न जीते, तो उन रनों की कोई कीमत नहीं होती। वे शायद सिर्फ तुम्हारे निजी रिकॉर्ड के लिए हों, लेकिन उनसे टीम को कोई फायदा नहीं होता। आखिरकार, क्रिकेट एक टीम गेम है। इसलिए, अगर मैं सौ की जगह 80 रन बनाऊं और मेरी टीम जीत जाए, और अगर मेरे शतक बनाने के बावजूद हम न जीत पाएं, तो मेरे लिए उन सौ रनों से ज्यादा अहमियत उन 80 रनों की होगी। मेरी टीम टूर्नामेंट में जितनी ज्यादा देर तक बनी रहेगी और हम प्लेऑफ और फाइनल में जितना आगे तक जाएंगे, मुझे शतक बनाने और जो भी रिकॉर्ड मैं तोड़ना चाहता हूं, उन्हें हासिल करने के उतने ही ज्यादा मौके मिलेंगे। इसलिए, इससे मुझे निजी तौर पर भी फायदा होता है और टीम को भी। क्वालीफायर 2 में उतरते समय अपनी सोच के बारे में सूर्यवंशी ने कहा कि हम अच्छी सोच और सकारात्मक इरादे के साथ मैदान में उतरना चाहते हैं, और वही करते रहना चाहते हैं जो पूरी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में किया है। हमें खेल का मजा लेते रहना चाहिए, जैसा कि हम हमेशा करते हैं, बड़े मैच का दबाव नहीं लेना चाहिए, और अपनी ताकत पर भरोसा रखना चाहिए। एक टीम और एक यूनिट के तौर पर, हम फाइनल में पहुंचना चाहते हैं और उम्मीद है कि ट्रॉफी भी जीतेंगे। अंडर19 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के एक दिन बाद ही प्रैक्टिस पर लौटने के बारे में उन्होंने कहा कि यह सब मेरे पिता की वजह से है। बचपन से ही उन्होंने मुझसे इतनी प्रैक्टिस करवाई है कि अगर मैं एक दिन भी प्रैक्टिस न करूं, तो ऐसा लगता है जैसे मेरी जदिगी थोड़ी धीमी पड़ गई हो। इसलिए, मुझे बहुत लंबे ब्रेक की जरूरत नहीं पड़ती, एक दिन ही काफी है। मुझे लगा कि मुझे प्रैक्टिस करनी चाहिए क्योंकि आईपीएल आने वाला था, और मैं वनडे क्रिकेट खेलकर वापस आ रहा था। फॉर्मेट में भी बदलाव था, इसलिए मुझे अपने खेल के कुछ पहलुओं पर काम करने की जरूरत थी। जहां तक सपोर्ट स्टाफ की बात है, अगर हम ट्रॉफी जीतते हैं, और उम्मीद है कि हम जीतेंगे, तो मैं इसे उन्हें समर्पित करूंगा। जिस तरह हर कोच हर खिलाड़ी के पीछे मेहनत करता है, जिस तरह वे प्रैक्टिस सेशन की योजना बनाते हैं, और जिस तरह हमारे फिजयो और ट्रेनर हमारी रिकवरी का ध्यान रखते हैं, इन सबका बहुत बड़ा योगदान होता है। इसलिए, अगर हम ट्रॉफी जीतते हैं, तो यह उनके लिए और सभी आरआर फैन्स के लिए होगी। सूर्यवंशी ने अभी भी कार्टून देखने के बारे में कहा कि जब मैं दो-तीन साल पहले घर पर रहता था और वहां मैच खेलता था या प्रैक्टिस करता था, तो जब भी मुझे घर पर खाली समय मिलता था, मैं कार्टून देखता था, और मुझे इसमें बहुत मजा आता था। आज भी, जब भी मुझे लगता है कि मुझे थोड़ी राहत या शांति चाहिए।

## खेल विशेष

### ब्राजील वर्ल्ड कप के पहले मैच में नेमार के बिना खेलेगा रियो डी

**जेनेरो, वार्ता।** ब्राजीलियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन ने गुरुवार को बताया कि नेमार पिडली की चोट के कारण 13 जून को मोरक्को के खिलाफ ब्राजील का पहला फीफा वर्ल्ड कप मैच नहीं खेल पाएंगे। रियो डी जेनेरो के पास, टेरेसोपोलिस में ब्राजील के ट्रेनिंग कैंप में हुए स्कैन से पता चला कि सैंटोस के इस फॉरवर्ड को पिडली की मांसपेशियों में ग्रेड-2 का खिचाव है, जिसके ठीक होने में दो से तीन हफ्ते का समय लगेगा। ब्राजील टीम के डॉक्टर रोड्रिगो लास्मार ने कहा कि नेमार कल ड्यूटी पर आए, उनके सभी मेडिकल टेस्ट हुए, जिनका नतीजा एमआरआई स्कैन से निकला। स्कैन में पिडली में ग्रेड-2 की चोट का पता चला, सिर्फ सूजन नहीं है। उम्मीद है कि दो से तीन हफ्ते में उन्हें खेलने की अनुमति मिल जाएगी। नेमार, जो 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल के साथ ब्राजील के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।

### न्यूजीलैंड ने आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट में बनाई मजबूत पकड़

**बेलफास्ट, वार्ता।** नाथन स्मिथ (छह) विकेट की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन आयरलैंड का पहली पारी में 179 रन पर ढ़ेर करने के बाद फॉलोआन खेलने उतरी आयरलैंड के दूसरी पारी में 65 रन पर दो विकेट झटकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। न्यूजीलैंड ने आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र चार-दिवसीय टेस्ट में अपना मजबूत नियंत्रण बना लिया है। पहले दिन रचिन रवींद्र की सेंचुरी से बनी मजबूत नींव को आगे बढ़ाते हुए, मेहमान टीम ने टॉम ब्लंडेल के 186 और डेब्यू करने वाले डीन फॉक्सक्रॉफ्ट के 98 रन की मदद से 8 विकेट पर 490 रन बनाए। इसके बाद, दूसरे दिन तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ ने आयरलैंड के शीक्रम को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने अपने नए बॉल स्पेल में 29 गेंदों के अंदर पांच विकेट लिए, और 40 रन देकर 6 विकेट लिए। इससे आयरलैंड की पहली पारी 179 रन पर सिमट गई।

### वेस्टइंडीज की महिला टीम ने आयरलैंड को 10 विकेट से हराया

**डबलिन, वार्ता।** कप्तान हेली मैथ्यूज (नाबाद 82) रनों की विस्फोटक पारी की बदौलत वेस्टइंडीज की महिला टीम टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में आयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया। इस श्रृंखला की तीसरी टीम पाकिस्तान है। मेजबान टीम को मात्र 103 रन पर रोकने के बाद, वेस्टइंडीज ने कप्तान हेली मैथ्यूज की सिर्फ 44 गेंदों पर नाबाद 82 रन की पारी की मदद से 11-3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। वेस्टइंडीज टॉस जीतकर गुरुवार को पहले गेंदबा. जी करने का फैसला किया।

# ऋषभ पंत ने लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी छोड़ी

■ पंत को 2025 के सीजन से पहले मेगा नीलामी में एलएसजी ने खरीदा था



**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल 2026 में खराब प्रदर्शन के बाद ऋषभ पंत ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की कप्तानी छोड़ दी है। पंत को 2025 के सीजन से पहले मेगा नीलामी में एलएसजी ने खरीदा था और उन्हें टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। हालांकि पंत की कप्तानी में एलएसजी लगातार दूसरी बार प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई।

इस सीजन 14 मुकाबलों में केवल चार जीत के साथ एलएसजी ने लीग स्टेज को अंक तालिका में अंतिम स्थान पर रहते हुए समाप्त किया। एलएसजी ने अपनी प्रेस रिलीज में कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) औपचारिक रूप से यह घोणा करती है कि ऋाभ पंत ने फ्रेंचाइजी से कप्तानी छोड़ने का अनुरोध किया है। फ्रेंचाइजी ने उनके इस अनुरोध को तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। साथ ही एलएसजी प्रबंधन ने कप्तान के रूप में ऋाभ पंत के योगदान की सराहना करते हुए उनके नेतृत्व और टीम के प्रति समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया है। एलएसजी के क्रिकेट निदेशक टॉम मूडी ने कहा कि ऋषभ ने फ्रेंचाइजी से इस संबंध में संपर्क किया था और हमने सम्मानपूर्वक उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। ऐसे निर्णय लेना कभी आसान नहीं होता। कप्तान के रूप में ऋषभ ने इस ड्रेसिंग रूम में जो कुछ भी योगदान दिया है, उसके लिए हम उनके आभारी हैं। अब हमारा ध्यान सर्वश्रेठ मानकों तक पहुंचने के लिए टीम के सामूहिक पुनर्निर्माण और पुनर्गठन पर है। पंत की कप्तानी में एलएसजी को कुल 10 जीत और 18 हार मिली है। आईपीएल 2026 में अंतिम स्थान पर रहते हुए सीजन को समाप्त करने से पहले आईपीएल 2025 में एलएसजी सातवें स्थान पर रही थी।

# केतन कुशवाहा की हैट्रिक भारत की अंडर18 पुरुष टीम ने कजाकिस्तान को 13-0 से रौंदा

**काकामिगाहारा, (जापान), वार्ता।** भारत की अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को एशिया कप के पूल ए के मुकाबले में कजकिस्तान पर 13-0 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। भारत के लिए कप्तान केतन कुशवाहा ने तीन गोल करके शुरुआत की, जबकि प्रहलाद राजभर, आशीष तानी पूर्ति, अंश ने गोल किए। बहुता और शाहरुख अली ने दो-दो गोल किए। भारत ने शुरू से ही मैच पर नियंत्रण बनाए रखा और कजाकिस्तान के शुरुआती दबाव को झेलने के बाद उन्हें अपनी लगन का इनाम मिला।

शाहरुख अली (12) ने सर्कल के अंदर से एक जोरदार गोल करके स्कोर बराबर किया, जिसके ठीक दो मिनट बाद प्रहलाद राजभर (14) ने बढ़त दोगुनी कर दी, जिससे पहले क्वार्टर के आखिर तक भारत ने मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। दूसरे क्वार्टर में भी गोल होते रहे। कैप्टन कुशवाहा (18) ने पास से गोल किया, जब भारत ने पिच पर ऊपर से कब्जा किया, जबकि गाजी खान (20) ने थोड़ी देर बाद चौथा गोल करके बढ़त और बढ़ा दी। ब्रेक से पहले भारत ने कोई ढील नहीं दी। शाहरुख (29) ने एक शानदार फिनिश के साथ अपने दो गोल पूरे किए, और पूर्ति (30) ने एक मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला, जिससे भारत ने हाफ-टाइम तक 6-0 की बड़ी बढ़त बना ली। तीसरा क्वार्टर सबसे अधिक फायदेमंद साबित हुआ, जिसमें भारत के पांच में से चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए। बहुता (31, 44) ने दो गोल किए, जबकि पूर्ति ने भी दो गोल किए। क्वार्टर के आखिरी मिनट में, कुशवाहा ने एक पेनल्टी कॉर्नर सहित जल्दी-जल्दी दो गोल करके अपनी हैट्रिक पूरी की। भारत ने तीसरा क्वार्टर 11-0 की बढ़त के साथ खत्म किया। भारतीय टीम ने आखिरी क्वार्टर में दबाव बनाए रखा और शानदार जीत हासिल की। आकाश दीप (47) ने खुले गोल में गेंद डालकर स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया, इससे पहले राजभर ने 51वें मिनट में दिन का अपना दूसरा गोल किया। भारत का अगला मुकाबला 31 मई मेजबान जापान से होगा।

# कार्लसन ने गुकेश को हराया, हम्पी, दिव्या, बिबिसारा के मैच ड्रॉ रहे




**ओस्लो, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज 2026 के चौथे राउंड में ओस्लो में एक और रोमांचक दिन देखने को मिला, जिसमें दुनिया के नम्बर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश डोम्माराजू के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले का निर्णायक नतीजा सामने आया।

काले मोहरों से खेलते हुए, कार्लसन ने एक जटिल खेल में धीरे-धीरे गुकेश को मात दे दी। खेल के अधिकांश समय तक स्थिति संतुलित बनी रही, लेकिन बीच के खेल (मिडगेम) में नॉर्वे के इस सितारे ने अपना मौका भुना लिया। बढ़ते दबाव और समय की कमी के चलते, गुकेश अपनी स्थिति को संभाल नहीं पाए, जिससे कार्लसन को अपनी बढ़त को जीत में बदलने और एक महत्वपूर्ण क्लासिकल जीत हासिल करने का मौका मिल गया। इस जीत से कार्लसन को टूर्नामेंट की अंक तालिका में कीमती अंक मिले हैं, क्योंकि वे अपनी घरेलू धरती पर धीमी शुरुआत से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। ओपन टूर्नामेंट के बाकी दो मैच कड़ी टक्कर के बाद ड्रॉ पर समाप्त हुए। वेस्ली सो और अलीरेजा फिरोजा के बीच एक रणनीतिक मुकाबला हुआ, जिसमें कोई भी खिलाड़ी निर्णायक बढ़त नहीं बना पाया और अंतत: खेल शांतिपूर्ण ढंग से ड्रॉ पर समाप्त हुआ। बाद में सो ने आर्मागेडन गेम में जीत हासिल की और अतिरिक्त अंक अपने नाम किए। विन्सेंट कीमर और प्रग्नानंद के बीच एक संतुलित मुकाबला हुआ।

# सिंधु क्वार्टर फाइनल में हारीं, सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में

■ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता, सिंधु यह मैच 21.17, 1.14 से हार गईं



**सिंगापुर, वार्ता।** पीवी सिंधु का सिंगापुर बैडमिटन ओपन 2026 में अभियान शुक्रवार को समाप्त हो गया जब भारतीय खिलाड़ी महिला एकल क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नम्बर 1 और मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कोरिया गणराज्य की एन से-यंग से हार गईं।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता, सिंधु यह मैच 21-17, 21-14 से हार गईं, जिससे एन से-यंग के खिलाफ उनकी हार का सिलसिला नौ मैचों तक बढ़ गया। 12वीं रैंक वाली सिंधु, इस दौरान सिर्फ एक बार कोरियाई खिलाड़ी से गेम जीत पाई हैं, वह भी 2023 बैडमिटन एशिया चैंपियनशिप में। सिंधु शुरुआती गेम में 7-7 से बराबर थीं, इससे पहले एन से-यंग, जो इस साल अपने 32 मैचों में से सिर्फ एक हारी हैं, ने पांच पॉइंट की बढ़त बना ली। भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी ने अंतर को 19-17 तक कम कर दिया, लेकिन कुछ गलतियों की वजह से कोरियाई खिलाड़ी ने गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी यही पैटर्न रहा, जिसमें एन से-यंग ने 6-0 की बढ़त बना ली। सिंधु ने वापसी करते हुए 30 शॉट की कड़ी रैली जीतकर अंतर को 14-12 कर दिया, लेकिन टॉप सीड खिलाड़ी ने 48 मिनट में मैच जीत लिया।

पुरुष डबल्स में भारत के लिए बेहतर खबर थी, जहां सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मलेशिया के 27वें रैंक वाले जोड़ी एरॉन टैंग पर 19-21, 21-17, 21-13 से वापसी करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। शुरुआती गेम में देर से पांच अंकों से पिछड़ने और बाद में दूसरे गेम में 8-3 से पिछड़ने के बाद, दुनिया की चौथे नम्बर की भारतीय जोड़ी और एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन जोघे ने नियंत्रण हासिल करने से पहले निर्णायक स्थिति में पहुंचने के लिए जोरदार वापसी की।

# जनपद में शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई ईद-उल-अज़हा की नमाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल ने मुरादाबाद शहर स्थित ईदगाह पहुंचकर ईद उल अजहा के अवसर पर आयोजित नमाज की व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने नमाजियों को ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी तथा जनपदवासियों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। ईदगाह में हुए जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि जनपद में ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक स्तर से स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी न की जाए तथा कुर्बानी से संबंधित वीडियो अथवा फोटो सोशल मीडिया पर साझा न किए जाएं। उन्होंने संभ्रांतजनों एवं समाज के जिम्मेदार नागरिकों से अपील की कि सभी धर्मों एवं समुदायों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए















## ईद-उल-अजहा पर नगरपालिका की सफाई व्यवस्था रही चाक-चौबंद



**चन्दौसी।** ईद-उल-अजहा के पर्व को लेकर नगर पालिका परिषद चन्दौसी की ओर से सफाई एवं पेयजल व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए। त्योहार के मद्देनजर नगर पालिका प्रशासन ने पहले से ही तैयारियां पूरी कर ली थीं, ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह ने एक दिन पूर्व बैठक कर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। इसके बाद नगर की मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में मस्जिदों के आसपास चूना डलवाया गया तथा सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराया गया। इसके साथ ही पेयजल व्यवस्था को भी बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए, जिससे बकरीद की नमाज अदा करने पहुंचे लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। नगर पालिका द्वारा किए गए इंतजामों के चलते त्योहार के दौरान सफाई व्यवस्था और अन्य सुविधाएं सुचारु रूप से संचालित रहीं।

## ईदुज्जुहा पर मुरादाबाद ईदगाह में नागरिक सुरक्षा वार्डन्स ने संभाली कमान



**मुरादाबाद।** ईदुज्जुहा यानी बकरीद के पावन अवसर पर आज मुरादाबाद की ईदगाह में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नागरिक सुरक्षा संगठन के 200 से अधिक वार्डन्स ने मोर्चा संभाला। अपर जिलाधिकारी नगर अंकुर श्रीवास्तव के निर्देश पर प्रशासन के सहयोग के लिए यह विशेष ड्यूटी लगाई गई थी। भीषण गर्मी को देखते हुए इस बार ईदगाह में पहली बार सुबह 7:30 बजे ईद की नमाज अदा कराई गई। इसके मद्देनजर नागरिक सुरक्षा के सभी वार्डन सुबह 6:30 बजे ही पीली ड्रेस में ईदगाह परिसर और आसपास की सभी गलियों में तैनात हो गए थे। उपनियंत्रक नीरज चक के निर्देशन एवं संरक्षण में पूरी व्यवस्था को अंजाम दिया गया। इस अवसर पर उपनियंत्रक नीरज चक के साथ सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार, डिवीजनल वार्डन आरक्षित अशोक कुमार गुप्ता, डिवीजनल वार्डन कटघर मोहम्मद खालिद, डिवीजनल वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, डिप्टी डिवीजनल वार्डन चक्रेश लोहिया, कमल किशोर गोला और स्टाफ अधिकारी राजेश गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इनके अलावा शरीफ अहमद, वसीम अख्तर, वसीम अंसारी, शफीक अहमद, सूरज प्रकाश, जिशानुलहक, सुभाष जैन, नरेश शर्मा, परवेज खान, राज बिमल शर्मा, शाकिर हुसैन, सलीम कादरी, अमित भटनागर, मुनीर बारी, संजय गुप्ता, संजीव खन्ना, संजय भटनागर, आगा शाहनवाज, इसरार हुसैन अंसारी, जुबैर हुसैन, अरशद अली, लक्ष्मण सिंह, मोहम्मद इरफान कुरैशी, अरविंद कुमार थॉमस, रविन्द्र गौतम, यादवेंद्र जोशी, उमेश शर्मा, शाव. रेज आलम, मोहम्मद दानिश, जुनेद आलम, निजामुल हक, अमीर उद्दीन, संदीप गुप्ता, सुमित रस्तोगी, राम नारायण शर्मा, चेतन मेहता समेत 200 से अधिक वार्डन्स ने व्यवस्था में सक्रिय सहयोग दिया।

## ईद की नमाज अदा कर मस्जिद से वापस लौटे रहे पिता पुत्र पर हमला, तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** पुरानी रंजिश के चलते ईद की नमाज अदा करके घर लौटे रहे पिता पुत्र पर लाठी डंडो और धारदार हथियार से हमला बोल दिया। इस दौरान पीड़ित को गिराकर बुरी तरह लाठी डंडो से मारपीट कर पिता पुत्र को घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित ने पुलिस को नामजद तहरीर कार्रवाई की मांग की । कोतवाली क्षेत्र की रानीनांगल चौकी के गांव राजूपुर मिलक निवासी नूर हसन पुत्र अब्दुल हसन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरूवार को ईद-अल-अजहा की नमाज गांव में स्थित बड़ी मस्जिद में अदा कर अपने नजबुल के साथ वापस घर लौटे रहे थे। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते मस्जिद से नमाज अदाकर बाहर निकले तो गांव के ही पहले से घात लगाए बैठे शफीक, साजिद, वसीम आरिफ, वाजिद, ताजिम ,नाजिम, नासिर , नाजिर ने अपने हाथों में लाठी डंडे और धारदार हथियार से हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान पीड़ित को गिराकर बुरी तरह लाठी डंडो से मारा पीटा और धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। चींखपुकार पर ग्रामीणो को आता देखकर हमलावर जाने मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट करने वाले उक्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

नमाज शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के व्यापक प्रबंध किए गए थे, जिसके चलते पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मीडिया से वार्ता करते रखने में सहयोग करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज सम्पन्न कराई गई है। पुलिस एवं प्रशासन की टीमें लगातार भ्रमणशील रहकर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने जनपदवा. सियों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने की अपील की। इस दौरान प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई।

**मूंढापांडे संवाददाता के अनुसार** मूंढापांडे क्षेत्र के गांव दलपतपुर में ईद की नमाज गुरुवार को सुबह 7:00 बजे ईदगाह में अदा की गई मौलाना तालिब ने तकरीर करते हुए कहा की कुर्बानी के जानवर को सही तरीके से खिलाना पिलाना चाहिए और किसी को भी कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए उसी को कुर्बानी कहते हैं अगर आपकी वजह से किसी को कोई भी परेशानी होती है तब अल्लाह ताला उसकी कुर्बानी कबूल नहीं करता है इंसान किसी भी मजहब का हो उसकी मदद करनी चाहिए उसी को कुर्बानी कहते हैं दलपतपुर ईदगाह शाही इमाम ने देश और दुनिया के लिए हाथ उठाकर दुआ की और कहा कि एक दूसरे को सलाम करना चाहिए जिससे आपस में भाई जरा बना रहता है एक दूसरे से जलने वाले को जहन्नुम का रास्ता देखना पड़ेगा हमारा इस्लाम हमें यही सिखाता है कि हम आपस में एक दूसरे की मदद करें इस मौके पर ईदगाह में भारी तादाद में नवाजी मौजूद रहे और पुलिस प्रशासन का भी भारी सहयोग रहा।

**चन्दौसी संवाददाता के अनुसार।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को बकरीद का पर्व धार्मिक उल्लास, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी और मुल्क में अमन, खुशहाली तथा तरक्की की दुआ मांगी। नगर के खुर्जा गेट स्थित बड़ी ईदगाह में सुबह सात बजे इमाम हाजी मरगूब ने विशेष नमाज अदा कराई। वहीं चन्दौसी कोतवाली क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में अलग-अलग समय पर नमाज अदा की गई। सुबह छह बजे छोटी ईदगाह, 6:15 बजे इस्लामगंज मस्जिद, 6:30 बजे कचहरी मस्जिद, 6:45 बजे बड़ी मस्जिद, सात बजे स्कूल वाली मस्जिद तथा 7:15 बजे जामा मस्जिद और इस्लामगंज वाली मस्जिद में नमाज अदा की गई। त्योहार को लेकर बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। ईदगाहों और आसपास के क्षेत्रों में मेले जैसा माहौल रहा, जहां लोग परिवार और दोस्तों के साथ त्योहार की खुशियां साझा करते नजर आए। इस अवसर पर फहीम, अशफाक भारती एडवोकेट, भूरा भाई, सरफराज और काजी मरगूब समेत अनेक लोग मौजूद रहे। पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। ईदगाहों, मस्जिदों और प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी गई। इस दौरान सीओ दीपक तिवारी, इंस्पेक्टर अनुज तोमर सहित नगर के सभी चौकी प्रभारी और महिला पुलिस बल मौजूद रहा, जिसके चलते त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

**कुंदरकी संवाददाता के अनुसार।** नगर व आसपास के क्षेत्रों में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर की मस्जिदों और ईदगाह में विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे का संदेश दिया। नगर में गुरुवार को ईदगाह पर 7:30 बजे ईदुल अजहा की नमाज काजी बाली मस्जिद के इमाम कारी अनीस रजा अजहरी ने अदा कराई। मुगलो बाली मस्जिद में मौलाना कासिम , शिया समुदाय की जामा मस्जिद में मौलाना अफाक आलम जैदी 8 बजे , मस्जिद आला हजरत में मुफ्ती राशिद अफाकी ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई। ईद की नमाज पढ़ाई और पेश इमामों ने तकरीर करते हुए सभी से दीन और सच्चाई के रास्ते पर चलने की अपील की। बाद में भाईचारा कायम रहने, मुल्क की तरक्की, अमन, चौन और हिफाजत के लिए दुआ कराई गई। ईदगाहों पर मेलों का आयोजन किया गया।इसके बाद सुन्नते इब्राहीमी अदा की गई। और जरूरतमंदों व गरीबों में हिस्सा बांटा गया। इसके अलावा परिवार और दोस्तों को भी हिस्सा बांटा गया। लोगों ने नए कपड़े पहनकर एक-दूसरे के साथ गले मिलकर बधाई दी। नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन के पुख्ता इंतजाम देखे गए पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने में डटा रहा। जबकि ईद उल अजहा तीन दिन मनाई जाती है दूसरे दिन भी कुर्बानी का सिलसिला जारी रहा।

**कांठ संवाददाता के अनुसार।** क्षेत्र में गुरुवार को ईद- उल- अजहा का पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया ईदगाह और मस्जिदों में नमाज के बाद देश और कौम की तरक्की के लिए दुआ की गई। एक-दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। देर शाम तक मुबारकबाद का सिल. सिला चलता रहा।कांठ की ईदगाह में सुबह 7:30 बजे शहर इमाम मोलाना मोहम्मद शोएब ने बकरीद की नमाज अदा कराने के बाद दुआ कराई। कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक नमाज अदा की गई। इस अवसर पर

एआईएमआई नेता जुल्फिकार अहमद, पूर्व चेयरमैन आबिद हुसैन अंसारी, हाजी साबित हक्कानी, डॉ. याकूब, शाकिर सैफी, मोमिन अहमद, नईम अहमद, मोहम्मद रफी, डॉ. मोहम्मद युसुफ, डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी, जावेद अंसारी आदि हजारों नमाजी मौजूद थे। नगर पंचायत उमरी कलां की ईदगाह में मुफ्ती मुशाहिद ने नमाज अदा कराई स इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी उस्मान अली, समाजसेवी युवा नेता मोअज्जम अली उर्फ आजम, मास्टर शमीम अहमद, आदि ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी सक्षेत्र में भी बकरीद का त्योहार सौहार्द के साथ मनाया गयास कांठ की जामा मस्जिद, ईदगाह वाली मस्जिद, मस्जिद अंसारियान, मस्जिद गुलशने कादरी, मस्जिद गुलजार, मस्जिद काजियान, छप्पर वाली मस्जिद, महीगिरान, मोती मस्जिद, मदीना मस्जिद, लाल मस्जिद, ठंडी मस्जिद, मस्जिद बंजारान सहित सभी मस्जिदों में भी बकरीद की नमाज अदा की गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत - सलेमपुर गढ़ी, महदूद कलमी, हरिनूरपुर, रसूलपुर चौहरा, सराय खजूर, अकबरपुर चौंदरी, बीबीपुर, खुशहालपुर आदि की ईदगाहों में भी शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा की गई।

**बिलारी संवाददाता के अनुसार।** नगर और ग्रामीण अंचल में ईद-उल-अजहा का पर्व उत्साह और अमनो अमान से मनाया गया। सुबह से ही नगर व देहात में ईद की रौनक देखने को मिली। लोगों ने नए कपड़े पहनकर मस्जिदों और ईदगाहों में पहुंचकर ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की तथा मुल्क में अमन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी। बिलारी नगर, रुस्तम नगर सहसपुर, मौहम्मद इब्राहीमपुर,थांवला, धर्मपुर कलां, मुड़िया भीकम, ईसापुर, तेवरखास आदि गांवों में ईद की विशेष नमाज अदा की गई। नगर बिलारी की ईदगाह पर ईद की नमाज प्रात: साढ़े सात बजे बड़ी मस्जिद के इमाम हामिद रजा नईमी ने पढ़ाई उन्होंने खुत्बा भी किया। जामा मस्जिद बिलारी में सुबह 6 बजे और बाजार वाली रजा मस्जिद में करीब 7:30 बजे नमाज अदा की गई। बताया कि वह अब तक ईदगाह पर ईद की पांच नमाजें पढ़ा चुके हैं।

ईद के अवसर पर नगर पालिका परिषद की ओर से ईदगाह परिसर में शिविर लगाकर नमाजियों के लिए पानी और शर्बत की व्यवस्था की गई। इस दौरान पालिका कर्मचारी अरविंद, गौरव सहदेव, शिवा, सभासद हप्पू राजा, आमिल सिद्दीकी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। नगर में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था कराई गई सड़कों के दोनों और चूना रेखांकित किया गया। नगर में जगह-जगह रोटियों के तंदूर लगाए गए और बड़े नानों का इंतजाम किया गया। वहीं ईदगाह कमेटी के सदर हाजी रफी राजू के नेतृत्व में पंडाल, सफें और अन्य व्यवस्थाएं पूरी कराई गईं, जिसमें पूर्व सभासद कासिम अंसारी सहित कई लोगों का सहयोग रहा। केंद्रिया कपड़ा मंत्रलय के पूर्व सदस्य वाजिद हुसैन अंसारी आदि तामम लोगों ने नमाज संपन्न होने के बाद इमाम साहब से मुसाफा किया। मोहम्मद इब्राहिमपुर गांव की ईदगाह में शहर इमाम सद्दाम हुसैन ने सवेरे 6:00 बजे ईद की नमाज अदा कराई।

नमाज के बाद लोगों ने पारंपरिक तरीके से कुर्बानी की रस्म अदा की। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। इस दौरान एसपी देहात कुंवर आकाश, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, तहसीलदार आदित्य कुमार तथा इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी सुबह से ही क्षेत्र में निगरानी करते रहे।

**सुरजननगर संवाददाता के अनुसार।** क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में गुरुवार को ईद-उल-जुहा बकरीद का त्यौहार पारंपरिक अकीदत, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मुबारक मौके पर क्षेत्र की विभिन्न ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की गई, जिसमें हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने शिरकत की। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन, चौन व भाईचारे की दुआ मांगी।

मुख्य आयोजन रामपुर घोघर ईदगाह में हुआ, जहां मुफ्ती राशिद साहब ने ईद की नमाज मुकम्मल कराई। इस दौरान ईदगाह में लगभग 1500 जायरीन ने एक साथ नमाज अदा की। इस मौके पर मोहम्मद जफर, मोहम्मद शादिक, हाजी कमालुद्दीन, मोहम्मद असलम और तस्लीम सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा ग्राम लालापुर पीपलसाना और दुल्हापुर की ईदगाहों में भी शांतिपूर्ण ढंग से नमाज संपन्न हुई। त्यौहार के मद्देनजर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे।




## आईएफटीएम में रिसर्च एवं डेवलपमेंट विषय पर हुआ सेमिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व. विद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के सहयोग से "शोध और अनुसंधान प्रक्रियाओं, अनुसंधान नैतिकता, वित्तपोषण स्रोतों और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं का परिचय" विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस सेमिनार में गलगोटियास यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा के स्कूल ऑफ मेडिकल एंड एलाइड साइंसेज, डिपार्टमेंट ऑफ फार्मेसी के प्रोफेसर डॉ. निरंजन कौशिक ने मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता की। डॉ. कौशिक ने अपने वक्तव्य में शोध एवं विकास प्रक्रियाओं, रिसर्च एथिक्स, फंडिंग स्रोतों तथा वैश्विक स्तर की श्रेष्ठ शोध पद्धतियों पर विस्तृत जानक. ारी दी। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष व प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट एवं फार्मेसी संकाय के डीन डॉ. नवनीत वर्मा ने इस सेमिनार के सत्रों एवं सम्मानित रिसोर्स पर्सन्स के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को भी सत्रों में प्रतिभाग कर विशेषज्ञों के साथ अपने प्रश्नों पर चर्चा करके यथासंभव ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजन सचिव व डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. सुशील कुमार ने शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य करने तथा नवीन अनुसंधान के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नैतिक मूल्यों एवं नवाचार का विशेष महत्व है। साथ ही उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रिसर्च फंडिंग एजेंसियों के बारे में भी जानकारी साझा की। डॉ. वर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की सफलता पर सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री रितिका सक्सेना ने किया। इस कार्यशाला में फार्मेसी संकाय के फैकल्टी मेंबर्स डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. मुनीश मणि, डॉ. प्रशांत उपाध्याय, डॉ. प्रवेश कुमार, डॉ. अलंकार श्रीवास्तव और श्री त्रिभुवन वशिष्ठ की की उपस्थिति के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी एवं फैकल्टी मेंबर्स ने बड़ी संख्या में ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभागिता की।

# पेपर लीक पर हिदायत

आखिर सुप्रीम कोर्ट ने नीट पेपर लीक मामले में एनटीए से जवाब मांग ही लिया और चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आखिर पेपर लीक कैसे हो गया, क्योंकि यह मामला देश के भविष्य से जुड़ा है। एसजी तुषार मेहता ने बताया कि एनटीए और समिति ने हलफनामे दाखिल किए हैं और सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर है। पीएम मोदी स्वयं मामले की निगरानी कर रहे हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि अगर ऐसा है तो बहुत दुखद है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की चिंता जायज है, क्योंकि यह पहली बार नहीं हुआ। इससे पहले भी जनवरी 2024 से लेकर अब तक देश भर में लगभग 65 से 70 प्रमुख प्रतियोगी और भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने के मामले सामने आ चुके हैं। इन घटनाओं ने लाखों छात्रों के भविष्य को प्रभावित किया है। नीटयूजी 2024 परीक्षा में व्यापक स्तर पर पेपर लीक और धांधाली हुई थी, जिसकी जांच सीबीआई द्वारा की गई। परीक्षा में अनियमितताओं के चलते इसे सरकार द्वारा रद्द कर दिया गया था। यूपी पुलिस सिपाही परीक्षा 2024 में पेपर लीक होने के बाद इस भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया गया था और बाद में दोबारा परीक्षा आयोजित की गई। पेपर लीक की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने जून 2024 में सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 लागू किया है। इस नए एंटी-पेपर लीक कानून के तहत दोषियों के लिए 10 साल तक की जेल और 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है, लेकिन इस कानून के बाद भी पेपर लीक हो रहे हैं। ऐसा लगता है कि आरोपियों को कानून का कोई भय नहीं है। कानून का भय न होने के कारण युवाओं के भविष्य को बरबाद किया जा रहा है। जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, तो कोर्ट ने सरकार और एनटीए पर सख्त टिप्पणी की और कहा कि इस मामले में जवाबदेही तय होनी चाहिए। कोर्ट ने समिति के अध्यक्ष से कहा कि हम आपसे पूछना चाहते हैं कि आप मूल रूप से विशेषज्ञ समिति के सदस्य थे, कार्यान्वयन की निगरानी कितनी हुई? यह विफलता कैसे हुई? एचपीसी की सिफारिशों के आधार पर आपकी निगरानी के बावजूद यदि यह घटना घटी है, तो सिफारिश में ही कोई समस्या है। या हो सकता है कि निगरानी हुई ही न हो। सुप्रीम कोर्ट ने एसजी मेहता से कहा कि यह बहुत ही संवेदनशील मामला है। आखिर ये कैसे हुआ, हकीकत सामने आनी चाहिए। सुनवाई के दौरान डा. राधाकृष्णन ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि हमने 60 सुझाव दिए थे। पहले 60 में से अधिकतर लागू हो चुके हैं। कुछ अभी भी प्रक्रियाधीन हैं। 2025 में नीटयूजी परीक्षा संतोषजनक ढंग से आयोजित की गई थी। कुछ केंद्रों में बिजली गुल होने की घटनाएं हुईं, अन्यथा सिफारिशों को लागू किया गया और परीक्षा सफल रही। हमने एनटीए को मजबूत करने की सिफारिश की थी।

# 'बहुत तलाश किया, कोई आदमी ना मिला'



प्रो. आर.के. जैन



उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो, बशीर बद्र की यह पंक्ति आज स्वयं एक विदाई का सन्नाटा बनकर गूंज रही है। उर्दू शायरी का वह नर्म, रोशन और संवेदनशील सितारा अब अस्त हो गया है। केवल एक शायर नहीं गया बल्कि एक पूरी भावनात्मक परंपरा मौन हो गई। 28 मई 2026 को भोपाल में लंबी बीमारी के बाद 91 वर्ष की आयु में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहा, लेकिन उनकी शायरी अब भी सांसों में जीवित है। वे केवल शब्द नहीं रचते थे, बल्कि टूटे हुए दिलों को जोड़ने वाली भावनाओं की पूरी दुनिया बसाते थेकृजहां दर्द भी सुंदर लगता था और उम्मीद भी बहुत करीब। उनका जाना एक खालीपन नहीं, बल्कि एक ऐसी खामोश मौजूदगी है जो हर एहसास में धीरे-धीरे उतरती रहती है।

जब शब्दों की रौशनी खुद इतिहास बन जाए, तो समझिए कोई शायर अमर हो चुका होता है। मशहूर उर्दू शायर और गजलकार पद्म बशीर बद्र का जाना साहित्य जगत के लिए एक ऐसा आघात है जिसने भावनाओं की सबसे नाजुक परत को हिला दिया। वे उन विरले शायरों में थे जिनके शब्द मंच से उतरकर सीधे जीवन की सांसों में बस जाते थे। उनका जाना केवल शरीर का अंत नहीं, बल्कि उस आवाज का ठहर जाना है जिसने सादगी को भी शिखर बना दिया। फिर भी, उनकी गजलें आज भी हर टूटे दिल में जीवित हैं और हर याद में चुपचाप रोशनी बनकर चलती रहती हैं। जहां शब्द जन्म लेते हैं और संवेदना उन्हें आकार देती है, वहीं से एक असाधारण सफर शुरू होता है। 15 फरवरी 1935 को अयोध्या (तब फैजाबाद) में जन्मे बशीर बद्र बचपन से ही शायरी की ओर आकर्षित थे और सात वर्ष की उम्र में ही शेर कहने लगे थे। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से बीए, एमए और पीएचडी के बाद उन्होंने वहीं उर्दू के प्रोफेसर के रूप में कार्य किया, फिर मेरठ कॉलेज में 17 वर्षों तक विभागाध्यक्ष रहे। फारसी, हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी पर उनकी गहरी पकड़ ने उनकी शायरी को समृद्ध और बहुआयामी बनाया। उनका जीवन ज्ञान और भावना का ऐसा संगम रहा जिसने उन्हें एक विशिष्ट पहचान दी। जब जीवन की सबसे गहरी आग इंसान के भीतर उतर जाए, तो शब्द भी राख से जन्म लेते हैं। 1987 के मेरठ दंगों ने बशीर बद्र को भीतर तक तोड़ दियाकृउनका घर, यादें और अनमोल अनप्रकाशित रचनाएं सब कुछ जलकर राख हो गया। इस त्रासदी ने उन्हें लंबे समय तक लेखन से दूर कर दिया, और उनका जीवन गहरे खालीपन में डूब गया, लेकिन भोपाल में डॉ. राहत बद्र के साथ नए सिरे से मिली जीवन-धारा ने उन्हें फिर से शब्दों की ओर लौटा दिया। उसी पीड़ा से निकली उनकी अमर पंक्ति लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में आज भी मानवीय संवेदना की सबसे तीखी और सजीव अभिव्यक्ति मानी जाती है। शब्दों को सजाने के बजाय उन्हें जीने की कला बशीर बद्र की शायरी की सबसे बड़ी पहचान थी। उन्होंने जटिल अलंकारों की जगह जीवन की सीधी, सरल भाषा को अपनाया और उसी में गहराई भर दी। प्रेम, विरह, अकेलापन और सामाजिक यथार्थ उनकी गजलों में सहजता से उतरते थे। उनकी प्रमुख कृतियां 'इकाई', 'इमेज', 'आमद', 'आहट', 'आस' और 'कुल्लियात-ए-बशीर बद्र' आधुनिक उर्दू साहित्य की अमूल्य धरोहर बन गईं। 'आस' के लिए उन्हें 1999 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और उसी वर्ष पद्म से सम्मान मिला। साथ ही उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी से चार बार, बिहार उर्दू अकादमी से एक बार तथा 1980 में न्यूयॉर्क के 'पोएट ऑफ द ईयर' सम्मान ने उनकी वैश्विक पहचान को और मजबूत किया। कुछ पंक्तियां समय को भी पीछे छोड़ देती हैं और स्मृतियों में हमेशा के लिए बस जाती हैं ऐसी ही शायरी बशीर बद्र की पहचान है। उनकी मशहूर पंक्तियां उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो और दुश्मनी जम कर करो लेकिन यह गुंजाइश रहे आज भी लोगों की जुबान पर जीवित हैं, जो रिश्तों और भावनाओं को एक नई दृष्टि देती हैं। उनके 18,000 से अधिक शेर और असंख्य गजलें फिल्मों, रेडियो और मुशायरों में लगातार गूंजती रही हैं। उनकी शायरी ने उर्दू गजल को आम इंसान की भाषा बना दिया, जहां हर व्यक्ति अपने दर्द और अपनी पहचान को महसूस कर सकता है। जब यादें साथ छोड़ने लगती हैं, तब भी शब्द अपनी रोशनी नहीं खोते बशीर बद्र के जीवन का अंतिम चरण इसका साक्षात प्रमाण रहा। डिमेंशिया ने धीरे-धीरे उनकी स्मृतियों पर धुंध छा दी, लेकिन उनकी पत्नी डॉ. राहत बद्र उनकी रचनाएं सुनाकर उन्हें फिर से जीवित करती रहीं। पुत्र नुसरत बद्र के निधन का गहरा आघात भी उन्होंने सहा, जो स्वयं फिल्मी गीतों की दुनिया में प्रतिष्ठित थे। इसके बावजूद, अंतिम वर्षों तक वे मुशायरों के सुल्तान बने रहे, जहां उनकी उपस्थिति ही मंच को जीवंत कर देती थी। स्मृतियां भले कमजोर पड़ती रहीं, लेकिन उनके शब्दों की चमक अंत तक अडिग रही एक ऐसा जीवन, जो संघर्ष, प्रेम और साहित्य की अविस्मरणीय यात्रा बन गया। विदा तो शरीर ने ली है, पर उनकी आवाज अभी भी दिलों में चलती है। बशीर बद्र अब इस संसार में नहीं हैं, फिर भी उनकी शायरी हर उस जगह मौजूद है जहां दर्द है, प्रेम है या टूटी हुई उम्मीदों की हल्की सी रोशनी। वे केवल शायर नहीं थे, बल्कि भावनाओं को शब्द देने वाला एक पूरा युग थे। उनकी विरासत बताती है कि साहित्य केवल पढ़ा नहीं जाता, उसे महसूस किया और जिया जाता है। उनकी गजलें समय की सीमाओं को पार कर आज भी लोगों को जोड़ती हैं, और यही साबित करती हैं कि सच्ची रचना कभी मरती नहीं।

## श्रीमुख से...

### गुंडे और बदमाश अपनी औकात में आए



वर्तमान सरकार के कार्यकाल में माफिया, गुंडे और बदमाश अपनी औकात में आ गए हैं तथा प्रदेश छोड़कर भाग चुके हैं, अब किसी में इतनी हिम्मत नहीं है कि बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगा सके, यदि कोई अपराधी बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने की सोचता भी है, तो उसका इंतजार यमराज करते हैं, पूर्ववर्ती सरकार में नेताओं की स्थिति ऐसी थी कि माफियाओं को देखकर उनके पसीने छूट जाते थे, जबकि आज माफिया प्रदेश से गायब हैं, वर्तमान समय में प्रदेश में रामलीला, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, रक्षाबंधन, होली, दीपावली और दशहरा जैसे सभी पर्व-त्योहार उत्साह और शांति के साथ मनाए जा रहे हैं, अब किसी गुंडे या माफिया में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह किसी पर्व या त्योहार में विघ्न डाल सके। **-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

**Dainikshahtimes@gmail.com**

# रूप बदलती पत्रकारिता और उसकी चुनौती



आर.पी. तोमर

कड़वी सच्चाई है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पहचाने जाने वाली पत्रकारिता का स्वरूप आज एक मिशन से बदलकर पूरी तरह से व्यावसायिक और तकनीकी-उन्मुख हो गया है। इंटरनेट, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के प्रसार ने मुद्रित और दृश्य-श्रव्य माध्यमों को डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर एकीकृत कर दिया है, जिससे पत्रकारिता अधिक तात्कालिक, बहुआयामी और डेटा-संचालित हो गई है। पत्रकारिता आज प्रिंट से डिजिटल और सोशल मीडिया की ओर मुड़ गई है। समाचार अब केवल सुबह के अखबारों तक सीमित नहीं हैं। ट्विटर, एक्स और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सबसे पहले खबरें पहुंचाने का मुख्य माध्यम बन गए हैं। इसके अलावा, यू ट्यूब और विभिन्न पॉडकास्ट ने दृश्य-श्रव्य पत्रकारिता का लोकतंत्रीकरण कर दिया है। स्मार्टफोन की उपलब्धता और इंटरनेट की पहुंच ने आम नागरिकों को भी पत्रकार बना दिया है। आज कोई भी व्यक्ति किसी घटना का सीधा वीडियो या फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से दुनिया के सामने ला सकता है, जिससे पारंपरिक मीडिया की एकाधिकार वाली भूमिका कम हुई है। अब खबरों को केवल शब्दों में नहीं, बल्कि डाटा रेपर या टैब्लेऔ जैसे टूल्स के माध्यम से इन्फोग्राफिक्स, चार्ट और इंटरैक्टिव डेटा के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। डिजिटल युग में क्लिकबेट, सनसनीखेज हेडलाइंस और फर्जी खबरों का चलन बढ़ा है। त्वरित समाचार देने की होड़ में कई बार तथ्यों के सत्यापन में कमी आती है। पारंपरिक पत्रकारिता वन-वे (एकतरफा) थी, लेकिन डिजिटल पत्रकारिता टू-वे (दोतरफा) हो गई है। वहीं आज अधिकांश मीडिया चेनलों व प्लेटफार्म पर पत्रकार की जगह एमबीए पास सेल्समैन को प्रार्थमिकता दी जाने लगी है। चाटुकारिता ने भी पत्रकारिता का स्वरूप बदल दिया है। कुल मिलाकर, पत्रकारिता ने अपनी गति और पहुंच में विस्तार तो किया है, लेकिन पत्रकारिता में गिरावट भी आई है। इसके साथ ही विश्वसनीयता बनाए रखना और व्यावसायिक दबावों से बचना आज के पत्रकारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

देश जानता है कि भारत में हिन्दी पत्रकारिता की न केवल आजादी के संघर्ष में बल्कि उससे पूर्व के गुलामी की बेड़ियों में जकड़े राष्ट्र की संकटपूर्ण स्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, आज के नए भारत में यह भूमिका और भी अधिक अहम हो जाती है, क्योंकि तब से आज तक समाज की आवाज उठाने, सत्ता से सवाल पूछने और जनभावनाओं को मंच देने में इसका योगदान अविस्मरणीय रहा है। हिंदी पत्रकारिता या स्थानीय पत्रकारिता, लोगों को उनकी भाषा में जानकारी उन तक पहुंचाता है और देश भर में ज्ञान के व्यापक प्रसार को सुगम बनाता है। भारत में हर साल हम 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाते है। विदित है कि दो शताब्दी पूर्व ब्रिटिशकालीन भारत में जब तत्कालीन हिन्दुस्तान में दूर- दूर तक मात्र अंग्रेजी, फारसी, उर्दू एवं बांग्ला भाषा में अखबार छपते थे, तब देश की राजधानी कलकत्ता से हिन्दी भाषा में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहला हिन्दी समाचार पत्र वर्ष 1826 को छपा था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने इसे साप्ताहिक के तौर पर शुरू किया था।



जो कुछ समय बाद ही बंद हो गया था, लेकिन इसने हिंदी पत्रकारिता के सूर्य को उदित कर दिया था जो आज भी देदीप्यमान है। आज जब हिन्दी देश एवं दुनिया में सर्वाधिक बोली एवं प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा बन चुकी है, ऐसे में सहज ही हिन्दी पत्रकारिता का मूल्य बढ़ा है। निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है। अकबर इलाहाबादी ने सटीक ही कहा था कि 'न खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो।' उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए हिन्दी पत्रकारिता को तोप और तलवार से भी शक्तिशाली बता कर इनके इस्तेमाल की बात कह दी थी, लेकिन आज खबरनवीसों की कलम को तोड़ने, उन्हें कमजोर करने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निस्तेज करने के लिए स्वार्थी ताकतें सत्ता, तलवार और तोप का इस्तेमाल कर रही हैं। परंतु आज भी सच्चे व निष्पक्ष पत्रकारों की वजह से बड़े-बड़े राजनेता, उद्योगपतियों और सितारों को अर्श से फर्श पर आना पड़ा है, ऐसे पत्रकारों की बदौलत ही लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का मान बचा हुआ है। मिशन से व्यवसाय बनती हिन्दी पत्रकारिता आज कई संकटों का सामना कर रही हैं- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, साम्प्रदायिकता एवं अंधधार्मिकता, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक- आर्थिक असमानताएं, पर्यावरणीय संकट और लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियां आदि जटिलतर स्थितियों के बीच हिन्दी पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

लोकतंत्र, कानून के शासन और मानवाधिकारों को आधार देने वाली संस्थाओं पर गंभीर प्रभाव के कारण ही यह भूमिका महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके हिन्दी पत्रकारिता की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमले हो रहे हैं। सत्ता विरोधी यानी सच्चाई लिखने वाले पत्रकारों का उत्पीड़न आम हो गया है। ऐसा करने वाले मीडिया को भी सत्ता के दलाल खरीद लेते हैं।

# त्याग, तप और राष्ट्रभक्ति के युगपुरुष महंत अवैद्यनाथ



प्रणम्य है नाथ परंपरा के वे संत जिन्होंने हठयोग की परंपरा को संरक्षित करने के साथ उसे सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में विस्तारित करके धर्म, सेवा, त्याग और राष्ट्रवाद के अद्‌भुत समन्वय के रूप में समाज के सम्मुख प्रस्तुत किया जो भारत के उत्तर में हिम किरीट के रूप में अवस्थित ऋषियों, मुनियों व संतो की तपोस्थली और देवभूमि नाम से विख्यात उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के कांडी गांव में 28 मई 1921 को राय सिंह बिष्ट के पुत्र रूप में अवतरित हुए जिनका कृपाल सिंह बिष्ट के रूप में सांसारिक नामकरण हुआ किन्तु गोरखनाथ मठ के तत्कालीन पीठाधीश्वर महंत दिग्विजय नाथ से दीक्षा प्राप्त कर जो विश्व में महंत अवैद्यनाथ के नाम से प्रख्यात हुए। मेरी स्वरचित ए पंक्तियां -भयानक तूफान तबाही के निशान छोड़ जाते हैं। युग पुरुष अपने कर्मों से अपनी पहचान छोड़ जाते हैं। जग में अमर होता है नाम उन्हीं का, अच्छाइयों के जग में जो प्रतिमान छोड़ जाते हैं। बरबस मेरा ध्यान युग पुरुष महंत अवैद्यनाथ की ओर आकर्षित करती हैं जिन्होंने मठ की परंपराओं का निर्वहन करने के साथ समाज में नए प्रतिमान गढ़ने का कार्य किया जिसके कारण उनके अवतरणदिवस पर हम उनके उल्लेखनीय ऐतिहासिक कार्यों को स्मरण करने के साथ उनको नमन कर रहे हैं।1969 में गुरुदेव के ब्रह्मलीन होने पर आप गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर बने। आपने गोरखनाथ मठ को एक आध्यात्मिक केंद्र से सामाजिक सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया। इस हेतु आपने मठ का भव्य विस्तार, आधुनिक निर्माण और मठ को सुविधाओं से संपन्न कराया ।आपने अखंड अन्न क्षेत्र की प्राचीन परंपरा को मजबूती प्रदान करने के साथ छुआछूत का विरोध करते हुए मठ में सभी वर्गों के लिए भंडारा खोला जिसमें हजारों भक्त, दर्शनार्थी और असहाय व्यक्ति प्रतिदिन बिना भेदभाव के मध्यान्ह और सायंकाल प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह भंडारा, अन्नदान के साथ नाथ परंपरा की समानता और सेवा भावना को उद्‌घाटित करता है। साथ ही उन्होंने जाति-पाति से ऊपर उठने हेतु संतों को प्रेरित किया। शिक्षा के क्षेत्र में आपका योगदान अतुलनीय है। गुरु दिग्विजय नाथ द्वारा शुरू की गई शैक्षिक परियोजनाओं को आपने विस्तार दिया। आपने गोरखपुर तथा आसपास के क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज और छात्रावासों की स्थापना की ताकि गरीब और ग्रामीण बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा दिया तथा महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के माध्यम से अनेक स्कूल -कॉलेजों का संचालन किया। गोरखपुर में उनके नाम पर अवैद्यनाथ सरकारी डिग्री कॉलेज की स्थापना भी की गई है। लोक कल्याण में स्वास्थ्य सेवाओं का स्थान सर्वोपरि है। इस भावना के दृष्टिगत आपने मठ में अस्पताल, आयुर्वैदिक केंद्र और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं विकसित की और ग्रामीण अंचल में नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया ताकि गरीब और आम जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्राप्त हो सकें। आयुर्वेद, योग और आधुनिक चिकित्सा का समन्वय आपके स्वास्थ्य-कार्यक्रमों की विशेषता थी। मठ के अस्पतालों से पूर्वांचल के लाखों लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ। इसके साथ ही आपने मठ के माध्यम से पूर्वी उत्तर प्रदेश में नक्सलवाद, अपराध और भ्रष्टाचार के विरुद्ध सामाजिक जागृति फैलाने का महती कार्य किया। 1966 के गौ हत्या विरोधी आंदोलन में आपने सक्रिय भूमिका का निर्माण किया तथा निरंतर गौ रक्षा अभियान के लिए प्रयास किए। मठ में गौशालाएं चलाई गई जहां साइक्लोन गायों की देखभाल होती है। महंत अवैद्यनाथ का सबसे बड़ा व अविस्मरणीय योगदान राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति की 1984 में स्थापना है जिसके परिणाम स्वरूप महंत अवैद्यनाथ जी ने नाथ परंपरा को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से जोड़कर एक नया आयाम दिया। इस समिति के वे प्रथम अध्यक्ष रहे और उन्होंने हिंदू संगठन और संतों को एक मंच पर लाकर राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को एक नई दिशा प्रदान की। इस हेतु उन्होंने सितंबर 1984 में बिहार के सीतामढ़ी से अयोध्या तक धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जिसमें हिंदू राष्ट्रवादी नारे गूंजायमान हुए। साथ ही आपने पूरे देश में व्याख्यान देकर लोगों का आवाहन किया की वे केवल उन्हीं पार्टियों को वोट दें व समर्थन करें जो राम मंदिर निर्माण कराने का वादा करें। आपके प्रयासों तथा 1985 में उडुपी सम्मेलन में संतों की मांग के फल स्वरूप 1 फरवरी 1986 को अयोध्या विवादित ढांचे के ताले खोलने का आदेश फैजाबाद जिला न्यायालय द्वारा निर्गत किया गया। 6 दिसंबर 1992 को विवादित ढांचा गिरने के बाद संसद में आपने मजबूती से हिंदूओं व मन्दिर के समर्थन में तथ्यों सहित अपनी बातों को प्रस्तुत किया। आपके प्रयासों से यह आंदोलन एक जन आंदोलन बना। महंत अवैद्यनाथ ने राजनीति की उपादेयता को समझ कर उसे सेवा भावना के रूप में अपनाया और वे मानीराम विधानसभा क्षेत्र से 1962, 1967 ,1969 और 1972 में 5 बार विधायक निर्वाचित हुए। साथ ही गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र से 1970 में स्वतंत्र पार्टी ,1989 में हिंदू महासभा और 1991 व 1996 में भाजपा से चार बार सांसद रहे। वे राजनीति में हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और सामाजिक न्याय के पक्षधर थे। उन्होंने वाराणसी में डोम राजा के यहां भोजन कर सामाजिक बंधनों को तोड़ने का संदेश दिया। यह घटना आज भी समाज में सामाजिक समरसता के रूप में याद की जाती है।



**-डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा**



कर्नाटक। चिक्कमगलुरु जिले में खेत में गेंदे के फूलों की कटाई करती महिला मजदूर।

## पीयूष गोयल ने न्यूयॉर्क में प्रमुख निवेशकों, उद्यमियों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल न्यूयॉर्क प्रवास के दौरान कई उच्च स्तरीय व्यापार और निवेश संबंधी बैठकों में शामिल हुए जिनका मुख्य उद्देश्य भारत-अमेरिका व्यापार और निवेश संबंध को मजबूत करना था। वाणिज्य मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार गोयल कनाडा की अपनी तीन दिन की यात्रा समाप्त कर 28 मई को न्यूयार्क पहुंचे। गोयल ने न्यूयार्क प्रवास के दौरान कार्लाइल ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हार्वे श्वाट्र्ज, मॉर्गन स्टेनली के अध्यक्ष एवं सीईओ टेड पिक, वारबर्ग पिंक्स के अध्यक्ष चार्ल्स केय, एमनील फार्मास्यूटिकल्स के सह-संस्थापक एवं सीईओ चिंटू पटेल तथा मास्टरकार्ड के सीईओ माइकल मीबाक के साथ अलग-अलग बैठकें कीं।

## भारत ने 2026 की अध्यक्षता के तहत ब्रिक्स MSME सहयोग बढ़ाया

**नई दिल्ली।** नई औद्योगिक क्रांति के लिए ब्रिक्स साझेदारी (पार्टएनआईआर) के तहत एसएमई कार्य समूह का नेतृत्व केन्द्र सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय कर रहा है। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के तहत मंत्रालय तीन एसएमई कार्य समूह की बैठकों और पहले ब्रिक्स एमएसएमई फोरम का आयोजन करेगा, जो एमएसएमई के लिए वित्त तक पहुंच, प्रौद्योगिकी तक पहुंच और स्थिरता-उन्मुख विकास जैसे तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर केंद्रित होंगे। चौबीस अप्रैल को आयोजित प्रथम एसएमई कार्य समूह की बैठक के बाद एमएसएमई मंत्रालय ने 26 मई को ब्रिक्स पार्टएनआईआर ट्रैक के तहत 'एमएसएमई के लिए प्रौद्योगिकी तक पहुंच बढ़ाना' विषय पर द्वितीय एसएमई कार्य समूह की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की।

# अमेरिका में 250 डॉलर के नोट पर ट्रम्प की तस्वीर

## 150 साल पुराना नियम बदलने की तैयारी, संसद की मंजूरी बाकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर वाले 250 डॉलर के नोट को जारी करने की तैयारी शुरू हो गई है। ट्रम्प सरकार का कहना है कि अगर कांग्रेस (संसद) कानून बदल देती है, तो नया नोट छापने का रास्ता साफ हो जाएगा।

अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट ने बताया कि अभी अमेरिका में एक नियम है, जिसके तहत किसी जीवित व्यक्ति की तस्वीर नोट पर नहीं छापी जा सकती। इसी नियम में बदलाव की कोशिश चल रही है, अगर प्रस्ताव पास हो जाता है, तो ट्रम्प अमेरिकी नोट पर छपने वाले 150 साल से ज्यादा समय बाद पहले जीवित व्यक्ति होंगे। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट ने व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में ट्रम्प की तस्वीर वाले नोट को जारी करने की

■ अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट ने व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में ट्रम्प की तस्वीर वाले नोट को जारी करने की जानकारी दी



जानकारी दी। बेसेंट ने बताया कि 2026 में अमेरिका अपनी स्थापना के 250 साल पूरे करेगा। ऐसे मौके पर उस समय के राष्ट्रपति की तस्वीर वाला स्मारक नोट जारी करने में कुछ गलत नहीं है। हालांकि फिलहाल यह सिर्फ प्रस्ताव है और इसे लागू करने के लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होगी। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प प्रशासन ने अमे. रिकी करेंसी छापने वाली एजेंसी ब्यूरो आफ इंग्रेविंग एंड प्रिंटिंग (बीईपी) को नए नोट का डिजाइन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रस्तावित डिजाइन में ट्रम्प की तस्वीर नोट के बीच में रखी गई है। ट्रम्प की तस्वीर वाले 250 डॉलर के नोट का प्रस्ताव पिछले साल साउथ कैरोलिना के रिपब्लिकन सांसद जो विल्सन ने पेश किया था। फरवरी 2025 में इस बिल को हाउस फाइनेंशियल सर्विसेज कमेटी के पास भेजा गया था। अब इसे कानून बनने के लिए हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव और सीनेट दोनों से मंजूरी लेनी होगी। इससे पहले मार्च में अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने घोषणा की थी कि अमेरिकी नोटों पर ट्रम्प के हस्ताक्षर भी जोड़े जाएंगे। इसे अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ समारोह से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रेजरी विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी करेंसी छापने वाली एजेंसी ब्यूरो आफ इंग्रेविंग एंड प्रिंटिंग (बीईपी) इस प्रस्ताव को लेकर शुरुआती तैयारी और जांच कर रही है। विभाग का कहना है कि अगर कानून पास हो जाता है, तो अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर ट्रम्प की उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए यह नोट जारी किया जाएगा।

# होर्मुज में एक बार फिर बढ़ा तनाव

## ईरान ने चार जहाजों पर दागीं मिसाइलें, बुशहर में अमेरिकी विमान गिराने का भी किया दावा



■ फिलहाल इन जहाजों की पहचान और उनकी मंजिल का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन कुछ रिपोर्ट्स में इनके संबंध अमेरिका से होने का दावा किया गया

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में स्थिति एक बार फिर बेहद संवेदनशील हो गई है। होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी सुरक्षा बलों ने समन्वय की कमी का हवाला देते हुए चार अज्ञात जहाजों पर चेतावनी मिसाइलें दागी हैं। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हालिया सैन्य हमलों के कारण अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर है। ईरानी राज्य प्रसारक आईआरआईबी की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब 12.35 बजे हुई।

चार अज्ञात जहाजों ने ईरानी सुरक्षा बलों को सूचित किए बिना फारस की खाड़ी में प्रवेश करने का प्रयास किया। जब इन जहा. जों ने चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया, तो ईरानी बलों ने उन पर चेतावनी शाट दागे, जिसके बाद जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ा। ईरान समर्थक मीडिया का दावा है कि इन जहाजों ने तय समुद्री प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया था। फिलहाल इन जहाजों की पहचान और उनकी मंजिल का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन कुछ रिपोर्ट्स में इनके संबंध अमेरिका से होने का दावा किया गया है। इस घटना के तुरंत बाद, शुक्रवार तड़के ईरानी सरकारी टेलीविजन ने दावा किया कि ईरान की वायु रक्षा प्रणाली ने तटीय बुशहर प्रांत के जाम क्षेत्र में एक अमेरिकी विमान को मार गिराया है। तस्नीम समाचार एजेंसी ने जाम काउंटी के गवर्नर मसूद तंगेस्तानी के हवाले से इस बात की पुष्टि की। हालांकि, समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, अमे. रिका ने ईरानी दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। पिछले चार दिनों में दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव काफी तेज हुआ है। इस सैन्य तनाव के बीच, अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने ईरान के सैन्य अभियानों को मिलने वाले फंड को रोकने के लिए उसके तेल शिपिंग नेटवर्क पर नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसके तहत आठ तेल टैंकरों को ब्लैकलिस्ट किया गया है, जिनमें मार्शल द्वीप समूह का फ्लोरा, कोमोरोस का हौंकायो और पनामा का इल्ल गैप शामिल हैं। अमे. रिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि इसका उद्देश्य ईरान को सेना के पुनर्गठन के लिए तेल राजस्व जुटाने से रोकना है। यह पूरी कार्रवाई उस समय हुई है जब दोनों पक्ष 60 दिनों के युद्धविराम विस्तार और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के एक समझौते पर सहमत हो चुके थे। हालांकि, इस समझौते को अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है।

### अमेरिका-ईरान एक समझौता पत्र पर सहमत दोनों ओर से मंजूरी अभी बाकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका-ईरान के वार्ताकारों के बीच एक समझौता पत्र (एमओयू) पर सहमति बन गई है। रिपोर्टों के अनुसार, लेकिन दोनों ओर से अभी अंतिम सहमति मिलनी बाकी है। चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार, ह्वाइट हाउस ने इस बात की पुष्टि की है कि इस समझौते से मौजूदा युद्धविराम 60 दिन के लिए और बढ़ जाएगा। इस दौरान दोनों पक्ष ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगाने को लेकर बातचीत करेंगे। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अभी एमओयू पर हस्ताक्षर करने बाकी है। रिपोर्ट में एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि ट्रम्प एमओयू को मंजूरी देने से पहले इस पर विचार करने के लिए कुछ दिनों का समय चाहते है। मध्यस्थता प्रक्रिया में शामिल देशों में से एक के राजनयिक ने 'द टाइम्स ऑफ इजरायल' को बताया कि चैनल 12 की रिपोर्ट में बातचीत की स्थिति को गलत तरीके से पेश किया गया है और अभी ईरान की तरफ से भी अंतिम मंजूरी मिलनी बाकी है। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम ने तेहरान की वार्ताकार टीम के करीबी सूत्र के हवाले से इस बात से इनकार किया है कि ईरान की तरफ इसे अंतिम मंजूरी मिली है। सूत्र ने दावा किया है कि समझौते के मसौदे को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है और मंजूरी मिलने की स्थिति में ईरान इसकी सार्वजनिक रूप से घोषणा करेगा।

## गाजा पट्टी में आईडीएफ ने हमास के उप कमांडर हुसैन स्लिम को मार गिराया

**यरुशलम।** इजरायल के रक्षा बलों (आईडीएफ) और शिन बेट ने उत्तरी गाजा पट्टी में आतंकवादी संगठन हमास की सैन्य शाखा में गाजा सिटी ब्रिगेड के उप-कमांडर इमाद हसन हुसैन स्लिम को मार गिराया है। आईडीएफ ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर बताया कि आईडीएफ और शिन बेट बलों ने दो दिन पहले (बुधवार को) आतंकवादी इमाद हसन हुसैन स्लिम को निशाना बनाकर मार गिराया था। वह गाजा सिटी ब्रिगेड का उप-कमांडर और संगठन की सैन्य शाखा में 'ऑलिव बटालियन' का कमांडर था। हुसैन स्लिम ने सात अक्टूबर 2023 को हुएए हमले हमले की कमान संभाली थी। आईडीएफ के अनुसार इस आतंकवादी ने हाल के वर्षों में और विशेष रूप से पिछले कुछ समय में गाजा पट्टी में आईडीएफ के जवानों के खिलाफ कई आतंकवादी साजिशें रची थी। इसलिए इसे एक बड़ा खतरा माना जा रहा था। आईडीएफ ने बताया है कि जिस ठिकाने पर हमला किया गया, वहां आतंकवादी संगठन हमास का एक और कमांडर भी मौजूद था।

# ममदानी ने ईरान जंग का किया विरोध

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी ने ईरान जंग का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध अब खत्म होना चाहिए, क्योंकि इसकी सबसे बड़ी कीमत आम लोग चुका रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए ममदानी ने कहा कि आज से तीन महीने पहले एक ऐसा युद्ध शुरू हुआ था, जिसके लिए किसी ने वोट नहीं किया था।

लेकिन इसकी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जिनकी इसमें कोई आवाज नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में हजारों नागरिकों की जान जा चुकी है। साथ ही 13 अमेरिकी सैनिक भी मारे गए, जो अब कभी अपने परिवारों के पास वापस नहीं लौट पाएंगे। ममदानी ने कहा कि इस युद्ध का असर सिर्फ युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि अमेरिका के आम लोगों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ गई हैं, जिससे मिडिल और वर्किंग क्लासस के परिवारों का बजट बिगड़ रहा है। उन्होंने आरोप



■ न्यूयॉर्क मेयर ने कहा: इसमें हजारों जान गईं, लोग एक लापरवाह फैसले की कीमत चुका रहे

■ यह संघर्ष अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस की मंजूरी के बिना शुरू किया गया

लगाया कि यह संघर्ष अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस की मंजूरी के बिना शुरू किया गया। ममदानी ने कहा, विदेश में जाने वाली हर जान और अमेरिका में आम परिवारों पर पड़ने वाला हर आर्थिक बोझ, एक ही लापरवाह फैसले की कीमत है।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस ने यूक्रेन के 208 ड्रोन को मार गिराया

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने गुरुवार रातभर यूक्रेन के 208 ड्रोन को मार गिराया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मॉस्को समयानुसार कल रात आठ बजे से आज सुबह सात बजे तक ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने यूक्रेन के 208 फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को हवा में ही नष्ट कर दिया।

### नोरबू नेगी सिएरा लियोन में भारत के उच्चायुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी नोरबू नेगी को पश्चिम अफ्रीकी देश सिएरा लियोन में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय विदेश सेवा के 2009 बैच के अधिकारी नेगी अभी पेरिस स्थित यूनेस्को कार्यालय में भारत के स्थाई प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे हैं। मंत्रालय ने कहा है कि नेगी के शीघ्र ही कार्यभार संभालने की संभावना है।

### आतंकी हमले की साजिश रचने वाले को 15 साल की सजा

**मॉस्को।** ऑस्ट्रिया की एक अदालत ने अमेरिकी गायिका टेलर स्विफ्ट के वियना स्थित कॉन्सर्ट में आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोपी इस्लामिक स्टेट आतंकी समूह (आईएस, आईएसआईएस, रूस में प्रतिबंधित) के 21 वर्षीय सदस्य को 15 साल की जेल की सजा सुनाई है।

# फ्लोरिडा लॉन्च पैड पर फटा जेफ बेजोस का 'न्यू ग्लेन' रॉकेट

**वाशिंगटन।** अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की अंतरिक्ष कंपनी 'ब्लू ओरिजिन' को फ्लोरिडा में बड़े परीक्षण के दौरान भारी झटका लगा है। कंपनी का 'न्यू ग्लेन' रॉकेट ग्राउंड टेस्ट के दौरान लॉन्च पैड पर ही भयानक विस्फोट के साथ आग के विशाल गोले में तब्दील हो गया। यह घटना गुरुवार रात फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के लॉन्च कॉम्प्लेक्स-36 पर हुई।

न्यू ग्लेन रॉकेट का 'हॉट-फायर' टेस्ट चल रहा था, जिसमें रॉकेट को उड़ान भरने से रो. कने के लिए लॉन्च पैड पर ही मजबूती से जकड़कर रखा जाता है और जमीन पर ही उसके इंजनों को पूरी क्षमता से चालू कर परखा जाता है। जैसे ही इसके मीथेन-ईंधन वाले

■ यह घटना गुरुवार रात फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के लॉन्च कॉम्प्लेक्स-36 पर हुई

इंजनों को चालू किया गया, रॉकेट के बूस्टर स्टेज में कुछ तकनीकी खराबी आई और देखते ही देखते पूरा रॉकेट भीषण विस्फोट के साथ फट गया। एयरोस्पेस न्यूज ऑर्गनाइजेशन के लाइवस्ट्रीम वीडियो में साफ देखा गया कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसमान में दूर तक धुएं का गुबार छा गया। इस धमाके की गूंज इतनी तेज थी कि केप कैनावेरल और कोको बीच के आस-पास के घर तक हिल गए। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई भी कर्मचारी हताहत नहीं हुआ है। ब्लू ओरिजिन और जेफ बेजोस ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की। जेफ बेजोस ने लिखा कि सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और उनका पता लगा लिया गया है। यह बहुत कठिन दिन था, लेकिन जो कुछ भी दोबारा बनाने की जरूरत होगी, हम उसे बनाएंगे और फिर से उड़ान भरेंगे। विस्फोट के कारण हालांकि लॉन्च पैड और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है, लेकिन जून में लॉन्च होने वाले अमेजन के 'प्रोजेक्ट कुइपर' के 48 ब्रॉडबैंड सैटेलाइट पूरी तरह सुरक्षित बच गए, क्योंकि उन्हें अभी रॉकेट के ऊपर फिट नहीं किया गया था। फिर भी यह विफलता ब्लू ओरिजिन के कमर्शियल शेड्यूल और नासा के आगामी 'आर्टेमिस' मून मिशन के लिए बड़े विलंब का कारण बन सकती है।

# गुलामों को चल संपत्ति मानने वाले कानून को फ्रांस के निचले सदन ने किया रद्द

## फ्रांस ने करीब 170 साल पहले गुलामी प्रथा को कर दिया था खत्म

**पेरिस।** फ्रांस की संसद के निचले सदन ने एक ऐतिहासिक फैसले में सर्वसम्मति से उस क्रूर कानून (कोड नोयर) को पूरी तरह रद्द कर दिया है, जो सदियों से फ्रांस के उपनिवेशों में दासों पर लागू था।

लुई चौदहवें के जमाने (1685) के इस कानून के तहत गुलामों को इंसानों के बजाय 'चल संपत्ति' माना जाता था और उनके साथ मारपीट, शोषण, खरीद-बिक्री और हत्या तक की छूट मिली हुई थी। फ्रांस ने करीब 170 साल पहले गुलामी प्रथा को खत्म कर दिया था और साल 2001 में इसे 'मानवता के खिलाफ अपराध' भी घोषित



■ राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने भी पिछले हफ्ते इस काले कानून को हटाने का पुरजोर समर्थन किया था


किया था। इसके बावजूद, गुलामों की कानूनी स्थिति तय करने वाले इन पुराने शाही कानूनों को कभी आधिकारिक तौर पर पूरी तरह निरस्त नहीं किया गया था। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने भी पिछले हफ्ते इस काले कानून को हटाने का पुरजोर समर्थन किया था। (नेशनल एसेंबली) निचले सदन की हरी झंडी के बाद अब यह विधेयक अंतिम मंजूरी के लिए सीनेट में जाएगा। ऐतिहासिक आंकड़ों के मुताबिक, ब्रिटेन और पुर्तगालियों के बाद फ्रांसीसी लोग यूरोप में गुलामों के तीसरे सबसे बड़े व्यापारी थे। 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच फ्रांसीसी जहाजों के जरिए अफ्रीका से 10 लाख से अधिक पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को जबरन ले जाकर कैरेबियाई देशों के बागानों में गुलामी की बेड़ियों में जकड़ दिया गया था। फ्रांस ने हालांकि 1794 की क्रांति के दौरान गुलामी खत्म की थी, लेकिन 1802 में नेपो. लियन बोनापार्ट ने दोबारा सेना भेजकर इस प्रथा को बहाल कर दिया, जिसे आखिरकार 1848 में जाकर पूरी तरह समाप्त किया जा सका। इस ऐतिहासिक फैसले के बाद अब फ्रांस में गुलामों के वंश. जों को मुआवजा देने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। मार्टिनिक द्वीप के प्रतिनिधियों और सामा. जिक कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर कहा है कि केवल प्रतीकात्मक कदम उठाना काफी नहीं है।

# नाटो रोमानिया के साथ खड़ा है: मार्क रूटे

## महासचिव का यह बयान पूर्वी यूरोप में बढ़ते सुरक्षा खतरों व रूस के साथ जारी तनाव के बीच आया

**ब्रुसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासि. चव मार्क रूटे ने रोमानिया की सुरक्षा और संप्रभुता का पूरा समर्थन करते हुए कहा है कि नाटो रोमानिया के साथ दृढ़ता से खड़ा है। गौरतलब है कि उनका यह बयान पूर्वी यूरोप में बढ़ते सुरक्षा खतरों और रूस के साथ जारी तनाव के बीच आया है।

उन्होंने यह बात तब कही जब शुक्रवार तड़के देश के दक्षिणी-पूर्वी हिस्से गलाती शहर में एक रूसी ड्रोन घुस आया, जो एक रिहायशी इमारत से टकराकर गिर गया और दो लोगों को घायल कर गया। रुटे ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन से बात की



■ रूटे रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन से बात की और उन्हें रोमानिया के साथ नाटो की एकजुटता का आश्वासन दिया

और उन्हें रोमानिया के साथ नाटो की एकजुटता का आश्वासन दिया। रुटे ने कहा कि मैंने इस बात की पुष्टि की कि नाटो अपने सहयोगी देशों के क्षेत्र के हरेक इंच की रक्षा करने को तत्पर है। हम ड्रोन सहित किसी भी खतरे को रो. कने और उससे बचाव के लिए अपनी तैयारी को लगातार बढ़ाते रहेंगे। रूसी ड्रोन से दो लोगों को मामूली चोटें आईं, जबकि अन्य लोगों को वहां से सुरक्षित निकाल लिया गया। डेन्यूब नदी के किनारे स्थित गलाती शहर मोल्दोवा और यूक्रेन की सीमाओं के करीब है। रुटे ने इस घुसपैठ के लिए रूस को दोषी ठहराते हुए कहा कि उस देश का 'लापरवाह रवैया' हम सभी के लिए एक खतरा है। उन्होंने कहा कि वह पूरे यूक्रेन में आम नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना जारी रखे हुए है और पिछली रात की घटना ने एक बार फिर यह साबित किया है कि उनके अवैध और आक्रामक युद्ध के परिणाम केवल सीमा तक ही सीमित नहीं रहते। वहीं रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन ने कहा कि उन्होंने आज इस घटना पर चर्चा करने के लिए नाटो की राष्ट्रीय रक्षा सर्वोच्च परिषद की बैठक बुलाई है। उन्होंने इस घटना को 2022 में यूक्रेन पर रूस के बड़े पैमाने पर आक्रमण की शुरुआत के बाद से रोमानिया के राष्ट्रीय क्षेत्र पर असर डालने वाली सबसे 'गंभीर' घटना बताया है। उन्होंने कहा कि हम रूसी संघ के संबंध में उचित कदम उठाने का आदेश देंगे।

## यूरोप के ज्यादा ठंडे मुल्कों में आइसक्रीम की दीवानगी

**बर्लिन।** हर साल, यूरोपीय देश 3.3 अरब लीटर से अधिक आइसक्रीम का उत्पादन करते हैं और इस दौड़ में सबसे बड़े उत्पादक के रूप में जर्मनी सबसे आगे है।दिलचस्प बात यह है कि यूरोस्टेट और उद्योग की रिपोर्टों के आंकड़ों से पता चलता है कि आइसक्रीम के सबसे बड़े उपभोक्ता भूमध्यसागरीय (मेडिटेरेनियन) क्षेत्रों में नहीं, बल्कि उत्तरी और पूर्वी यूरोप के उन देशों में है, जहां कड़ाके की ठंड पड़ती है। यही वजह है कि पोलैंड प्रति व्यक्ति सालाना 16 किलोग्राम की आश्चर्यजनक खपत के साथ सबसे आगे है। स्वीडन और फिनलैंड के निवासी भी पोलैंड से ज्यादा पीछे नहीं हैं, जो सालाना 11 से 14 लीटर के बीच आइसक्रीम खाते हैं, जबकि जर्मनी में एक औसत व्यक्ति हर साल लगभग आठ लीटर आइसक्रीम खा जाता है। मोटे तौर पर इसका अर्थ यह हुआ कि 115 से 160 स्कूप। जब खाने की आदतों की बात आती है तो जर्मन लोग घर पर आइसक्रीम खाना पसंद करते हैं, जो महीने में औसतन पांच बार होता है, जबकि इटली और स्पेन के लोग का झुकाव बाहर जाकर जेलाटेरिया और पार्लरों में आइसक्रीम खाने में दिखता हैं।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108